नई दिल्ली
गुरुवार, 1 फरवरी 2024
माघ मास कृष्ण पक्ष, षष्ठी वर्ष : 27, अंक : 297
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 16
न्यून. 06

# हरिभूमि


दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## 2024-25 के लिए यह अंतरिम बजट

# आज सुबह 11 बजे लगातार छठी बार सीतारमण पेश करेंगी 'बजट'



इस बार बजट गरीब, महिला किसान व युवा पर रहेगा फोकस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण गुरुवार को सुबह 11 बजे संसद में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश करेंगी। वित्त मंत्री के तौर पर ये निर्मला सीतारमण अपने कार्यकाल का लगातार छठा बजट पेश करेंगी।

बजट-डे के दिन सुबह 8:15 बजे बजट टीम के साथ फोटो सेशन होगा। सुबह 8.45 बजे वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलेंगी। इसके बाद वित्त मंत्री 9.15 बजे संसद पहुंचेंगी। सुबह 10 बजे कैबिनेट की बैठक होगी, जिसके बाद वित्त मंत्री सुबह 11 बजे बजट पेश करेंगी। बता दें कि बजट सत्र 9 फरवरी तक चलेगा। आगामी 2024 के आम चुनाव से पहले ये सरकार का आखिरी बजट है। ऐसे में इसके लोक-लुभावन होने की उम्मीद भी जताई जा रही है। सरकार देश की इकोनॉमी को रफ्तार देने के लिए कई बड़ी घोषणाएं भी कर सकती है। 17वीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को समाप्त हो जाएगा।

### किसान सम्मान निधि की बढ़ सकती है राशि

- युवाओं को अंतरिम बजट से अधिक टैक्स छूट, शिक्षा पहल, अधिक रक्षा कोष, व्यापार से लाभ पर अल्पकालिक टैक्स में कमी और बहुत कुछ की उम्मीद है। वर्तमान में 12 महीने के भीतर बेचे गए शेयरों से होने वाले मुनाफे पर 15% टैक्स लगता है। युवा प्रतिभूतियों की खरीद और बिक्री पर लगाए जाने वाले प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) को हटाना चाहते हैं।
- चूंकि, युवा अब भारतीय शेयर बाजार में अधिक निवेश कर रहे हैं, इसलिए वह लाभ पर शॉट टर्म टैक्स में कमी की उम्मीद कर रहे हैं।
- अंतरिम बजट में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना (पीएमएवाई-ग्रामीण) दूसरे चरण में प्रवेश कर सकती है। इस योजना के दूसरे चरण में सरकार बड़ा ऐलान कर सकती है। बजट में अपनी डायरेक्ट बेनीफिट स्कीम, पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत धनराशि को बढ़ा सकती है।

## अंतरिम बजट से पहले 'गुड न्यूज'- संकेत साफ हैं कि बजट जनहित का ही होगा


# सस्ते होंगे मोबाइल फोन, कंपोनेंट पर लगने वाली इंपोर्ट ड्यूटी घटी

### इंपोर्ट ड्यूटी 10 से 15 प्रतिशत घटी

### यह फैसला एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से एक्सपोर्ट को बूस्ट करने के इरादे से लिया गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंतरिम बजट से एक दिन पहले मोदी सरकार ने मोबाइल फोन कंपोनेंट की इंपोर्ट ड्यूटी कम करने का ऐलान किया है। यह फैसला एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से एक्सपोर्ट को बूस्ट करने के इरादे से लिया गया है। सरकार ने मोबाइल फोन मैन्युफैक्चर करने



में इस्तेमाल होने वाले पार्ट्स पर इंपोर्ट ड्यूटी को 10 से 15 प्रतिशत तक घटाने का फैसला किया है। वित्त मंत्रालय ने फोन के बैटरी कवर, मुख्य लेंस, बैक कवर और दूसरे प्लास्टिक व मेटल मैकेनिकल आइटम समेत कई कंपोनेंट की इंपोर्ट ड्यूटी कम कर दी है। इसके बाद इन कंपोनेंट का दाम 10 प्रतिशत तक कम हो गया है।

### स्थानीय उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देना मुख्य मकसद

सरकार के इस कदम का मकसद स्थानीय उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देने के साथ ही स्थानीय बाजारों में उत्पाद की कीमतें कम करना है। वित्त मंत्रालय ने सेल्युलर मोबाइल फोन के लिए स्क्रू, सिम सॉकेट या धातु की अन्य यांत्रिक वस्तुओं सहित कलपुर्जों के आयात पर शुल्क में कटौती संबंधी अधिसूचना 30 जनवरी को जारी की। वित्त विशेषज्ञों के मुताबिक सरकार को इस बात पर गौर करना चाहिए कि शुल्क में कटौती का लाभ कीमतों में कटौती के जरिए घरेलू मोबाइल फोन खरीदारों को दिया जाता है या नहीं। यह भारत में मोबाइल विनिर्माण को प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में सरकार का एक महत्वपूर्ण नीतिगत हस्तक्षेप है। इलेक्ट्रॉनिक 2024 में भारत का 5वां सबसे बड़ा निर्यात क्षेत्र बन गया है, जो कुछ साल पहले 9वें स्थान पर था। उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना की बदौलत इलेक्ट्रॉनिक निर्यात में 52 प्रतिशत से अधिक मोबाइल का योगदान है। यह पिछले आठ वर्षों के भीतर आयात से निर्यात आधारित विकास में योगदान देने वाला पहला उद्योग है।


Ninh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### जय शाह तीसरी बार बने एसीसी के अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई सचिव जय शाह तीसरी बार एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के



अध्यक्ष बन गए हैं। उनके कार्यकाल को एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है। बुधवार को वार्षिक आम बैठक में सर्वसम्मति से इस बारे में फैसला लिया गया। जय शाह के कार्यकाल के विस्तार का प्रस्ताव श्रीलंका क्रिकेट के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा ने दूसरी बार किया था।

### सेंगोल के साथ सदन में आईं राष्ट्रपति मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू छह घोड़ों की बग्गी में सवार होकर अपने अंगरक्षकों के साथ संसद



भवन पहुंचीं। पारंपरिक वेशभूषा पहने एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी राजीव शर्मा ने सेंगोल का नेतृत्व किया। उनके साथ सभी लोकसभा कक्ष की ओर बढ़े। सदन में मौजूद सदस्यों ने उनका स्वागत किया।

### इंडिगो की फ्लाइट कैंसिल, हुई नारेबाजी

**नई दिल्ली।** दिल्ली से देवघर जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट कैंसिल कर दी गई है। फ्लाइट



कैंसिल होने की सूचना मिलते ही पैसेंजर्स ने जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। हालांकि, अभी ये साफ नहीं हो सका है कि फ्लाइट को किस वजह से कैंसिल किया गया है। इस घटना के बाद का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें हंगामा दिख रहा है।

## ईडी ने सीएम हाउस में 8 घंटे तक पूछताछ की, उनके जवाब से जांच एजेंसी संतुष्ट नहीं थी

# हेमंत सोरेन को ईडी ने किया गिरफ्तार
# चंपई सोरेन होंगे झारखंड के नए मुख्यमंत्री

### हाई कोर्ट में गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका, आज सुबह 10.30 बजे इस पर सुनवाई

एजेंसी ▶▶ रांची

हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अरेस्ट कर लिया है। अब झारखंड के नए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन होंगे। उन्हें महागठबंधन (झामुमो, कांग्रेस, राजद) के विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। इससे पहले हेमंत सोरेन से भूमि घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में सीएम हाउस में ईडी ने करीब आठ घंटे तक पूछताछ की।

इधर, ईडी की हिरासत में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को इस्तीफा दे दिया है। उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। इसके साथ ही सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के नेतृत्व वाले गठबंधन ने नए मुख्यमंत्री के रूप में वरिष्ठ नेता चंपई सोरेन का नाम प्रस्तावित किया। यहां से ईडी ने रात 9:36 बजे उन्हें गिरफ्तार करके अपने दफ्तर ले गई है। 7 अधिकारियों की टीम दोपहर 1:15 बजे सीएम हाउस पहुंची थी। सोरेन को सुबह 10 बजे कोर्ट में पेश किया जाएगा। इधर, हेमंत सोरेन ने ईडी की कार्यवाही के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका ▶▶ शेष पेज 9 पर

*झारखंड विधानसभा में बहुमत के लिए 43 विधायकों की जरूरत। गठबंधन के पास 48 विधायक हैं, इनमें से 43 सदस्य चंपई सोरेन के साथ राजभवन पहुंचे*

- हेमंत सोरेन ने राज्यपाल को इस्तीफा सौंपा
- चंपई सोरेन ने सरकार बनाने का दावा पेश किया
- राज्यपाल बोले बुलावा जल्द भेजूंगा।

**इतिहास में संभवत:** पहली बार ऐसा हुआ कि सीएम हाउस में ईडी ने घुसकर पूछताछ की और मौजूदा सीएम को गिरफ्तार किया।



### कौन हैं चंपई सोरेन?

चंपई सोरेन सरायकेला-खरसावां जिला स्थित जिलिंगगोड़ा गांव के रहने वाले हैं। उनके पिता



का नाम सिमल सोरेन है, जो कि खेती किसानी किया करते थे। चंपई चार बच्चों में बड़े बेटे हैं। 10वीं क्लास तक सरकारी स्कूल से चंपई ने पढ़ाई लिखाई की। इस बीच उनका विवाह कम उम्र में ही मानको से कर दिया गया। शादी के बाद चंपई के 4 बेटे और तीन बेटियां हुईं। इसी दौरान बिहार से अलग झारखंड राज्य की मांग उठने लगी। शिबू सोरेन के साथ ही चंपई भी झारखंड के आंदोलन में उतर गए। जल्द ही 'झारखंड टाइगर' के नाम से ▶▶ शेष पेज 9 पर

### आदिवासी संघ ने झारखंड बंद का किया ऐलान

आदिवासी संघ ने गुरुवार 1 फरवरी को झारखंड बंद का ऐलान किया है। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ बंद का ऐलान किया गया है। जाहिर है हेमंत सोरेनआदिवासी समाज से आते हैं, उनके पिता शिबू सोरेन को आदर के साथ 'दिशोम गुरू' (शिक्षक)के नाम से बुलाया जाता है।

### सोरेन ने ईडी पर ही दर्ज करवा दी एफआईआर

इससे पहले सीएम हेमंत सोरेन ने प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कराई है। हेमंत सोरेन ने कपिल राज, देवव्रत झा, अनुपम कुमार, अमन पटेल और अन्य ईडी के अधिकारियों के खिलाफ शिकायत ▶▶ शेष पेज 9 पर

### हिरासत के बाद आया हेमंत का ट्वीट

यह एक विराम है
जीवन महासंग्राम है
हर पल लड़ा हूं, हर पल लड़ूंगा
पर समझौते की भीख मैं लूंगा नहीं
क्या हार में, क्या जीत में
किंचित नहीं भयभीत मैं
लघुता न अब मेरी छुओ
तुम हो महान, बने रहो
अपने लोगों के हृदय की वेदना
मैं व्यर्थ त्यागूंगा नहीं
हार मानूंगा नहीं...
जय झारखण्ड!

### बड़ा सवाल...क्या अब दिल्ली के सीएम का नंबर?

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कथित



शराब घोटाले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक बार फिर तलब किया गया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को पांचवां समन भेजा है। केजरीवाल को 2 फरवरी को ईडी मुख्यालय में पेश होने को कहा गया ▶▶ शेष पेज 9 पर

## विपक्षियों को पीएम मोदी की नसीहत

# कुछ लोग आदतन हुड़दंगी, हंगामा करने वाले सांसद करें आत्मचिंतन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के बजट सत्र से पहले विपक्षियों को आड़े हाथों लिया है। बिना किसी का नाम लिए उन्होंने कहा है कि कुछ लोग आदतन हुड़दंग करते हैं। ऐसे हंगामा करने वाले लोगों को आत्मचिंतन करना चाहिए। पीएम मोदी ने ये बातें बुधवार सुबह बजट सत्र से पहले कहीं।

- यह बजट सत्र ऐसे लोगों के लिए पश्चाताप का भी अवसर



उन्होंने कहा कि हुड़दंग, नकारात्मकता और शरारतपूर्ण व्यवहार करने वालों को लोकतंत्र को चाहने वाले याद नहीं रखेंगे। उनके लिए यह बजट सत्र पश्चाताप का भी अवसर है।

### राष्ट्रपति के अभिभाषण में रोजगार पर कोई बात नहीं



*कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि बुधवार को राष्ट्रपति का भाषण केवल प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार की प्रशंसा के बारे में था। उन्होंने रोजगार, दलित, वंचित और आदिवासी के हितों के बारे में कोई बात नहीं की। प्रधानमंत्री मोदी ने संसद के बाहर भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने एक बार भी रोजगार का जिक्र नहीं किया। राष्ट्रपति ने भी अपने एक घंटे 20 मिनट के भाषण में रोजगार का नाम नहीं लिया। उन्होंने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि जो सरकारी पद खाली हैं, उन पर नियुक्तियां कब की जाएंगी?*

## मंदिरों में गैर हिंदुओं के प्रवेश पर कोर्ट के निर्देश

# मंदिर पिकनिक स्पॉट नहीं ध्वजस्तंभ से आगे न जाएं

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु के मंदिरों में गैर-हिंदुओं के प्रवेश को लेकर निर्देश दिए। कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार के हिंदू धर्म और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग को सभी हिंदू मंदिरों में बोर्ड लगाने का आदेश दिया है।

डी. सेथिंल की याचिका पर कोर्ट सुनवाई कर रही थी। कोर्ट की मदुरै पीठ की न्यायमूर्ति एस श्रीमति इस याचिका पर सुनवाई करते हुए




कहा, मंदिर में मौजूद बोर्ड में लिखा हो कि मंदिर में 'कोडिमारम' (ध्वजस्तंभ) क्षेत्र से आगे जाने की इजाजत नहीं है। अदालत ने आगे कहा, हिंदुओं को भी अपने धर्म का पालन करने का अधिकार है। अन्य धर्मों से ▶▶ शेष पेज 9 पर

## यूजीसी ने जारी किए दिशा निर्देश

# क्लीनिकल साइकोलॉजी और मनोरोग में एमफिल की वैधता बढ़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की तरफ से क्लीनिकल साइकोलॉजी और मनोरोग सामाजिक कार्य में एमफिल की वैधता बढ़ा दी है।

इस संबंध में एक आधिकारिक नोटिस जारी किया गया है। जारी किए गए नोटिस के मुताबिक अब इच्छुक छात्र एमफिल के उक्त कोर्सेज में 2025-26 शैक्षणिक वर्ष तक एडमिशन ले सकते हैं। नोटिस




में दिए गए विवरण के मुताबिक अब, पिछले नियमों में आंशिक छूट देते हुए, मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में नैदानिक मनोवैज्ञानिकों और मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण ▶▶ शेष पेज 9 पर

## शीर्ष अदालत का हाईकोर्ट के फैसले में दखल से इनकार

# 32 हफ्ते का गर्भ खत्म नहीं कर सकती महिला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सर्वोच्च न्यायालय ने बुधवार को एक महिला को 32 हफ्ते से ज्यादा समय के गर्भ को गिराने की अनुमति देने से इनकार कर दिया।

शीर्ष अदालत ने कहा कि मेडिकल बोर्ड ने भी इस बात को माना है कि इसे अब खत्म नहीं किया जा सकता है। 26 वर्षीय महिला के पति की पिछले साल अक्टूबर में मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले की पीठ ने मामले पर सुनवाई की। पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के 23 जनवरी के फैसले



में दखल देने से इनकार कर दिया। उच्च न्यायालय ने अपने 4 जनवरी के फैसले को वापस ले लिया था, जिसमें महिला को अपने 29 माह पुराने गर्भ को गिराने की अनुमति दी गई थी।

**आखिरकार याचिका खारिज कर दी:** इसके बाद वकील अमित मिश्रा ने दलील दी कि महिला विधवा है और उसे जीवनभर इस सदमे को सहना होगा। अदालत को उसके हित पर विचार करना चाहिए। इसके बाद न्यायमूर्ति बेला त्रिवेदी ने पूछा, तो क्या हमें सिर्फ उसके हित पर विचार करना चाहिए? इसके बाद पीठ ने उच्च न्यायालय के फैसले में दखल देने से इनकार ▶▶ शेष पेज 9 पर

## पार्टी कहेगी तो लड़ूंगा लोकसभा चुनाव : जार्ज

# पीसी जॉर्ज की केरल जनपक्षम (सेक्युलर) पार्टी का भारतीय जनता पार्टी में विलय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केरल में सात बार विधायक रहे पीसी जार्ज ने बुधवार को नई दिल्ली में अपनी पार्टी केरल जनपक्षम (सेक्युलर) का विलय भाजपा में कर दिया। इस अवसर पर पत्रकारों से उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारी को लेकर पार्टी फैसला लेगी, लोकसभा चुनाव 2024 में केरल से भाजपा के पांच सांसद चुने जाएंगे।

दिल्ली में केरल भाजपा के प्रभारी प्रकाश जावेड़कर, केंद्रीय



मंत्री वी मुरलीधरन और राजीव चंद्रशेखर की मौजूदगी में पीसी जॉर्ज और उनके बेटे को पार्टी में शामिल कराया गया। केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन ने कहा कि पीसी जॉर्ज के भाजपा में आने से यह प्रचार दूर हो गया है कि बीजेपी अल्पसंख्यक विरोधी है। प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि यह तो सिर्फ शुरुआत है और अधिक लोग पार्टी से जुड़ेंगे।

गौरतलब है कि पीसी जॉर्ज ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र की जमकर तारीफ भी की थी। उन्होंने कहा था कि भारत को पीएम मोदी जैसा इतना कुशल नेतृत्व कभी नहीं मिला। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर उन्होंने कहा था कि अगर भाजपा उन्हें चुनाव लड़ने के लिए कहेगी तो वे लड़ेंगे वर्ना नहीं लड़ेंगे। केरल जनपक्षम (सेक्युलर) पार्टी बनाने से पहले पीसी जॉर्ज केरल कांग्रेस, ▶▶ शेष पेज 9 पर

## ज्ञानवापी केस : वाराणसी जिला कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया

### 1993 से व्यास जी तहखाना बंद पड़ा था

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

काशी ज्ञानवापी से जुड़े अलग-अलग मामलों की सुनवाई वाराणसी जिला न्यायालय में लगातार जारी है। इसी कड़ी में बुधवार को ज्ञानवापी परिसर से जुड़े सोमनाथ व्यास जी के तहखाने में नियमित पूजा-पाठ को लेकर वाराणसी जिला कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है।

कोर्ट ने व्यास जी तहखाने में हिंदुओं को पूजा करने का अधिकार दे दिया है। कोर्ट ने साथ में यह भी ▶▶ शेष पेज 9 पर

# हिंदुओं को मिला पूजा का अधिकार व्यास जी तहखाने में होगी अब पूजा

करीब तीन महीने तक आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के सर्वे के दौरान तहखाने में साफ-सफाई हुई थी।

**कोर्ट का निर्देश - 7 दिन के भीतर वहां पूजा कराने की व्यवस्था की जाए**



### क्या है व्यास तहखाना?

**भगवान नंदी की मूर्ति के ठीक सामने ये तहखाना**

- *व्यास तहखाना ज्ञानवापी मस्जिद के अंदर स्थित है। भगवान नंदी की मूर्ति के ठीक सामने ये तहखाना है। ज्ञानवापी के ग्राउंड फ्लोर पर मौजूद है। इस तहखाने में 1993 तक पूजा होती थी। नवंबर 1993 में पूजा पर रोक लगा दी गई। पूजा पर रोक लगने के बाद यहां के पुजारियों को हटा दिया गया।*
- *सोमनाथ व्यास का परिवार 1993 तक तहखाने में पूजा-पाठ करता था। 1993 के बाद तत्कालीन राज्य सरकार के आदेश पर तहखाने में पूजा बंद हो गई थी। 17 जनवरी को व्यास जी के तहखाने* ▶▶ शेष पेज 9 पर

# आबकारी नीति घोटाला: अदालत ने संजय सिंह की जमानत अर्जी पर आदेश सुरक्षित रखा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने आम आदमी पार्टी (आप) के गिरफ्तार सांसद संजय सिंह की उस याचिका पर अपना आदेश बुधवार को सुरक्षित रख लिया, जिसमें दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में जमानत का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने सिंह और ईडी की दलीलें सुनीं। सिंह ने इस आधार पर जमानत का अनुरोध किया है कि वह पिछले तीन महीने से हिरासत में हैं और जिस अपराध का अनुमान लगाया जा रहा है उसमें उनकी कोई भूमिका का आरोप नहीं है। जांच एजेंसी ने जमानत याचिका का विरोध करते हुए दलील दी कि सिंह 2021-22 की नीति अवधि से संबंधित दिल्ली शराब घोटाले से उत्पन्न अपराध की आय को प्राप्त करने, रखने, छुपाने



और उपयोग करने में शामिल थे। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने दलील दी कि गवाहों को जांच एजेंसी को सच न बताने के लिए धमकाया जा रहा है और यह एक और कारण है कि सिंह को जमानत पर रिहा नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने दलील दी कि सिंह में फिर से इसी तरह का अपराध करने की प्रवृत्ति है और उनकी ईडी कार्यालय में भी पहुंच थी क्योंकि वह कुछ दस्तावेज हासिल करने में कामयाब रहे थे जो ईडी कार्यालय में थे और सार्वजनिक नहीं थे। सिंह की ओर से पेश हुए वकील मोहित माथुर ने कहा कि उन्हें ईडी के ₹स्टार गवाह (दिनेश अरोड़ा) के बयान के बाद गिरफ्तार किया गया था और कहा कि सिंह को धनशोधन मामले में आरोपी नहीं बनाया जा सकता क्योंकि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की मुख्य प्राथमिकी में वह नामजद नहीं थे। ईडी द्वारा 4 अक्टूबर, 2023 को गिरफ्तार किए गए राज्यसभा सदस्य सिंह ने निचली अदालत के 22 दिसंबर, 2023 के आदेश को चुनौती दी है, जिसके द्वारा धनशोधन मामले में उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। ईडी ने याचिका के जवाब में कहा कि सिंह दिल्ली आबकारी नीति में बदलावों से उत्पन्न व्यवसाय से अर्जित होने वाली ₹अपराध की आय₹ को सफेद करने के लिए एक कंपनी बनाने में कथित तौर पर शामिल थे। जांच एजेंसी ने कहा कि जांच के दौरान यह बात सामने आयी कि सिंह कथित घोटाले में एक प्रमुख साजिशकर्ता हैं और वह इस मामले में कई आरोपियों या संदिग्धों, व्यवसायी दिनेश अरोड़ा और अमित अरोड़ा के साथ निकटता से जुड़े हुए थे।

### गिरोह लोगों को कमीशन लेकर विदेश भेजने के नाम पर ठगता था

# आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने पासपोर्ट व वीजा फ्रॉड रैकेट में शामिल एजेंट धरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने चेन्नई से संचालित पासपोर्ट और वीजा फ्रॉड सिंडिकेट में शामिल एजेंट को गिरफ्तार किया है। इस मामले में एक यात्री और एक एजेंट को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। यह गिरोह लोगों को कमीशन लेकर विदेश भेजने के नाम पर ठगता था। गिरफ्तार किये गये एजेंट का नाम करमजीत उर्फ विनोद निवासी कृष्णापुरी, तिलक नगर है।

पुलिस के अनुसार 24 फरवरी 2023 को करनबीर सिंह नामक शख्स को जर्मनी से डिपोर्ट किया गया था। यात्रा दस्तावेजों की जांच करने पर इस फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। इसने रणजोध सिंह के नाम से नकली पासपोर्ट का इस्तेमाल किया था। करनबीर सिंह को केस में गिरफ्तार किया गया था। उसने खुलासा किया था कि फ्रांस की यात्रा की व्यवस्था दो एजेंटों गुरजीत सिंह और करमजीत उर्फ विनोद ने 35 लाख रुपये के बदले की थी। जिसमें से 25 लाख का भुगतान नकद और उनके खातों में किया गया था। उसने अपना पासपोर्ट गुरजीत सिंह को दिया था जिसने उसे वीजा मुहैया कराया और दुबई, सरबिया, ऑस्ट्रिया जैसे कई देशों की यात्रा में मदद की। इटली, मिलान, बारसालोना और यू.एस. में, एजेंटों की मदद से फ्रांस के जाली वीजा की भी व्यवस्था की गई थी, लेकिन वह पकड़ा गया और उसका पासपोर्ट वहां की पुलिस ने जब्त कर लिया था। इसके बाद एजेंट विनोद कुमार के निर्देश पर वह बरसालोना पहुंचा, जहां उसके लिए रणजोध सिंह के नाम से शेंगेन वीजा व पासपोर्ट की व्यवस्था की गई। इसके बाद वह विएना शहर घूमा और बाद में कैनकन पहुंचा तो वहां उसे प्रवेश की अनुमति नहीं मिली और उसे फ्रैंकफर्ट (जर्मनी) भेज दिया गया था। वहां से उसे भारत डिपोर्ट किया गया था। आगे की जांच के दौरान, एजेंट गुरजीत सिंह को भी गिरफ्तार किया गया। एक अन्य एजेंट करमजीत उर्फ विनोद को पकड़ने के प्रयास जारी थे। आखिर में करमजीत को चेन्नई हवाई अड्डे से उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह देश से भागने की योजना बना रहा था। आरोपी ने अपना अपराध कबूल करते हुए बताया कि उसने 12वीं कक्षा तक पढ़ाई की है और वर्तमान में पिछले दो वर्षों से संयुक्त अरब अमीरात में एक निजी कंपनी में एचआर मैनेजर के रूप में काम कर रहा है। यह कंपनी चिकित्सा उपकरण प्रदान करती है। उसने आगे खुलासा किया कि वह अन्य एजेंटों के साथ कमीशन के आधार पर काम करता था।

## सम्मोहित कर महिला से गहने उतरवाने वाले तीन शातिर दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली


सम्मोहित कर महिला से आभूषण ठगने वाले गिरोह के तीन शातिर बदमाशों को दक्षिण जिले की एएटीएस टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी व्यक्तियों के नाम अशोक उर्फ पकोड़ा, करण उर्फ कालिया और नेमचंद है। इनके खिलाफ हौज खास थाने में ठगी का केस दर्ज था। आरोपियों के पास से जूलरी और नोटों के बंडल के समान सीलबंद कागजात का बंडल और ऑटो बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार 19 जनवरी को एक महिला शिकायतकर्ता ने शिकायत दी कि वह आर.के. पुरम में रहती है। वह एम्स अस्पताल गई थी, जहां अस्पताल के गेट नंबर दो के पास दो लड़के उससे मिले। उन्होंने नोटों के नकली बंडल और सोने की चूड़ियां दिखाकर उसे सम्मोहित किया और उसकी सोने की चेन और सोने की बालियां लेकर ऑटो से फरार हो गये थे। जांच के दौरान, पुलिस ने अपराध



स्थल के पास लगे कैमरों के फुटेज एकत्र किए। उसमें दो संदिग्धों को टूटी नंबर प्लेट के साथ एक ऑटो में घटना स्थल पर आते देखा गया। इसके बाद एम्स से रघुबीर नगर तक 15 किलोमीटर क्षेत्र में 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर आरोपियों का पता लगाया गया। एक आरोपी की पहचान अशोक उर्फ पकौड़ा (ख्याला थाने का बीसी) के रूप में हुई। टेक्निकल सर्विलांस के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया। उसने अपने साथियों के साथ अपराध कबूल लिया। इसकी निशानदेही पर उसके दो साथियों करण उर्फ कालिया और नेमचंद को भी गिरफ्तार कर लिया गया। इनके पास से भी जुलरी बरामद हुई। यह गिरोह बस स्टैंड, अस्पताल, रेलवे स्टेशनों और भीड़ भरे स्थानों पर काम करता था। इनके निशाने पर खासतौर पर वरिष्ठ नागरिक और महिलाएं होती थी। उन्हें नोटों की गड्डी, डमी गोल्डन कलर चूड़ियां और नकली बंडल दिखाकर जाल में फंसाया जाता था। बाद में उनके असली आभूषण लेकर फरार हो जाते थे।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 37 दिनांक 29.01.2024 धारा 346 IPC थाना महम जिला रोहतक।



**गुमशुदा की पहचान**
नाम - अक्षय कुमार
पति का नाम – पुत्र राजेश
पता- पाना टिगरी निन्दाना जिला रोहतक
उम्र- 23 वर्ष
कद- 5 फुट 8 ईंच
हुलिया- रंग गोरा, चेहरे पर हल्की दाढी, सिर पर छोटे छोटे बाल।
पहनावा - पैन्ट सर्ट व पीले रंग की जाकेट व पैरों में जुते पहने हुए।

दिनांक 29.01.2024 को अक्षय कुमार पुत्र श्री राजेश निवासी पाना टिगरी निन्दाना थाना महम जिला रोहतक बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना महम रोहतक- 7082999127
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना महम रोहतक- 8295333448

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 19 दिनांक 29.01.2024 धारा 346 IPC थाना सदर रोहतक।



**गुमशुदा की पहचान**
नाम - सोनिया
पिता का नाम - पत्नी अमरजीत
पता- गांव खिड़वाली जिला रोहतक
उम्र- 22 वर्ष
कद-5 फुट 2 ईच
हुलिया- रंग गेहुआ, गोल चेहरा।
पहनावा - पीले रंग का छापेदार सुट सलवार व पैरों में चप्पल पहने हुए।

दिनांक 29.01.2024 को सोनिया पत्नी अमरजीत निवासी गांव खिड़वाली थाना सदर जिला रोहतक बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक - 7082999123
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 9812824374

पीआरडीएच-1084/11/2100/2024/24565/88/7 दि. 31.01.24


### स्वाति मालीवाल ने शपथ लेने से पहले हनुमान मंदिर में माथा टेका




**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता स्वाति मालीवाल ने राज्यसभा में शपथ लेने से पहले बुधवार सुबह कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में माथा टेका, पूजा अर्चना की और बजरंगबली से आशीर्वाद लिय। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मेरे लिए यह बहुत बड़ा दिन है। मेरा भगवान से अलग रिश्ता है, मैं कर्म में बहुत विश्वास करती हूं। आज मैंने भगवान से प्रार्थना की कि मुझे शक्ति दें, संसद में और संसद के बाहर देश के जरूरतमंद लोगों की बुलंद आवाज बनूं। बजट 2024 से अपेक्षाओं पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि मैं देखना चाहूंगी कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए और उनके उत्थान के लिए बजट में क्या है, क्योंकि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसी कई स्कीम हैं जिनमें नारेबाजी के अलावा कुछ हुआ नहीं।

## नेब सराय: युवक को चाकुओं से गोद उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिणी जिले के नेब सराय इलाके में बुधवार सुबह एक युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम अजरुद्दीन (30) के रूप में हुई। वह मूलरूप से बुलंदशहर, यूपी का रहने वाला था और वर्तमान में एल-1, संगम विहार में रह रहा था। शव को पोस्टमॉर्टम के लिये एम्स मोर्चरी भिजवाया गया है। पुलिस के अनुसार बुधवार सुबह लगभग सवा छह बजे एकता चौक, मंदिर रोड, संगम विहार में एक व्यक्ति के घायल पड़े होने के बारे में पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। घायल को पीसीआर ने अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक के शरीर पर चाकू के चार घाव देखे गए। मृतक की पहचान करने के लिए, उसकी तस्वीर कई सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को दिखाई गई। आखिर में मृतका का नाम अजरुद्दीन पुत्र जफरूद्दीन



निवासी देहरा, सियाना बुलंदशहर पता चला। घटनास्थल के आसपास कई सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई और लगातार प्रयासों से पता चला कि एक नाबालिग ने वारदात को अंजाम दिया है। यह भी पता चला कि मृतक और नाबालिग एक-दूसरे को जानते थे। दोनों ने रात को साथ बैठकर शराब पी और किसी मुद्दे पर उनके बीच झगड़ा हुआ। इसके बाद नाबालिग ने ईंट और चाकू से हमला कर अजरुद्दीन को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने नाबालिग को हिरासत में लेकर उसके पास से अपराध में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया है।

### एटीएम काटने वाले मेवाती गैंग का सक्रिय बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिणी पश्चिमी जिले की एंटी नारकोटिक्स सेल ने चोरी के मामले में वांटेड चल रहे मेवाती गिरोह के बदमाश को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह एटीएम मशीने काटकर नकदी चुराने के लिए जाना जाता है। गिरफ्तार किये गये शख्स का नाम मोहम्मद जाहिद उर्फ जावेद निवासी नूंह (मेवात), हरियाणा बताया गया है। डीसीपी रोहित मीणा के अनुसार 30 जनवरी को मोहम्मद जाहिद को गिरफ्तार किया गया। इसे 23 अप्रैल 2019 को कड़कड़डूमा कोर्ट द्वारा गीता कॉलोनी थाने के केस में पीओ घोषित किया गया था। दरअसल 15 मार्च 2012 को शिकायतकर्ता बलदेव राज बरार निवासी मानसरोवर पार्क, शाहदरा की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था। वह पंजाब नेशनल बैंक की गांधी नगर शाखा में वरिष्ठ प्रबंधक के पद पर तैनात थे। 15 मार्च को सुबह लगभग 10 बजे उन्हें गीता कॉलोनी स्थित ए.टी.एम. में चोरी का पता चला था। जांच करने पर उन्होंने पाया कि ए.टी.एम. मशीन के कैश सेफ का दरवाजा टूटा हुआ था और कैश रखने की ट्रे कैश के साथ गायब थी।

## खालिस्तानी समर्थन में नारे लिखने वाला किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

द्वारका व पश्चिमी जिले की संयुक्त पुलिस टीमों ने कई जगहों पर खालिस्तान समर्थन में नारे लिखने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसका नाम तिलक नगर निवासी जसविंदर उर्फ लकी बताया गया है। पुलिस ने आरोपी शख्स के पास से कार, स्प्रे पेंट, मोबाइल आदि सामान बरामद किया है। पूछताछ में पता चला कि अमेरिका में रहने वाले एक दोस्त ने इसे नारे लिखने के निर्देश दिये थे। इसके लिए उसे 15 हजार रुपये देने की बात कही गई थी, लेकिन उसे एक भी रुपया नहीं दिया गया। डीसीपी अंकित सिंह व विचित्र वीर ने एक ज्वाइंट प्रैसवार्ता में बताया कि 26 जनवरी को तिलक नगर थाना इलाके के एमसीडी पार्क की दीवार पर खालिस्तानी समर्थन में देशद्रोही नारे व भित्ति चित्र बनाये गये थे। केस में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई। आरोपी को पकड़ने के लिए द्वारका व पश्चिमी जिले के 200 से ज्यादा पुलिसकर्मियों व अधिकारियों की टीम बनाई गई थी। टीम ने आसपास के एक हजार से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इस दौरान एक संदिग्ध युवक व कार को चिन्हित किया गया। आखिर मंगलवार रात पुलिस टीम उस तक पहुंच गई। जानकारी मिली कि आरोपी शख्स विष्णु गार्डन इलाके में रहता है और अन्य इलाकों में भी खालिस्तानी समर्थन वाले नारे लिख सकता है। टीम ने जाल बिछाकर जसविंदर उर्फ लकी नामक शख्स को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने बताया कि अमेरिका में रहने वाले दोस्त गगनदीप से 15 हजार रुपये मांगे थे। पैसे देने के बदले गगनदीप ने उससे आपत्तिजनक नारे लिखने को कहा था। गगनदीप एक वर्ष पहले ही अमेरिका गया था। पुलिस मामले में आगे जांच कर रही है।

### जेएनयू का सातवां दीक्षांत समारोह कल

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय 2023-24 बैच के शोधार्थियों को डॉक्टरेट की डिग्री प्रदान करने के लिए दो फरवरी को अपने सातवें दीक्षांत समारोह का आयोजन करेगा। समारोह के दौरान 800 से अधिक छात्रों को वर्ष 2023-24 के लिए पीएचडी की डिग्री प्रदान की जाएगी। इस संबंध में जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे। केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के कुलाधिपति कंवल सिब्बल और कुलपति शांतिश्री धुलिपुड़ी पंडित समारोह का नेतृत्व करेंगी। दीक्षांत समारोह अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद सभागार में आयोजित किया जाएगा।

### संसद की सुरक्षा चूक मामले में सुनवाई

# आरोपियों ने विपक्षी दलों से संबंध स्वीकारने के लिए प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

संसद की सुरक्षा में चूक मामले में गिरफ्तार किये गये छह में से पांच आरोपियों ने बुधवार को एक अदालत को बताया कि दिल्ली पुलिस उन्हें विपक्षी दलों के साथ अपने संबंध स्वीकार करने के लिए कथित तौर पर प्रताड़ित कर रही है। पांच आरोपियों ने यह दलील अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर के समक्ष दी। न्यायाधीश ने सभी छह आरोपियों की न्यायिक हिरासत एक मार्च तक बढ़ा दी है। पांच आरोपियों मनोरंजन डी, सागर शर्मा, ललित झा, अमोल शिंदे और महेश कुमावत ने अदालत को बताया कि लगभग 70 कोरे कागजों पर हस्ताक्षर करने के लिए उन्हें मजबूर किया गया था। आरोपियों ने एक संयुक्त याचिका में अदालत को बताया कि आरोपी व्यक्तियों को गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत अपराध और राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के साथ उनके संबंध होने की बात स्वीकार करने के लिए प्रताड़ित किया गया/बिजली के झटके दिये गये। इसमें कहा गया कि दो आरोपी व्यक्तियों को राजनीतिक दल/विपक्षी राजनीतिक दल के नेता के साथ अपने संबंध होने के बारे में कागज पर लिखने के लिए मजबूर किया गया। अदालत ने मामले में पुलिस से जवाब मांगा और अर्जी पर सुनवाई के लिए 17 फरवरी की तारीख तय की। इस मामले में छठी आरोपी नीलम आजाद हैं, जिसने पहले अदालत के सामने आरोप लगाया था कि पुलिस ने उसे कई कोरे कागजात पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया था। आजाद की अर्जी फिलहाल अदालत में लंबित है। संयुक्त याचिका में कहा गया है कि पॉलीग्राफ/नार्को/ब्रेन मैपिंग के दौरान (बाद में/पहले), परीक्षण करने वाले संबंधित व्यक्तियों ने दो आरोपी व्यक्तियों पर उनकी संलिप्तता के बारे में एक राजनीतिक दल/नेता का नाम लेने के लिए दबाव डाला था। आरोपी व्यक्तियों ने दावा किया कि उन्हें अपने सभी सोशल मीडिया अकाउंट, ईमेल और फोन के पासवर्ड देने के लिए मजबूर किया गया। संसद पर 2001 में हुए आतंकवादी हमले की बरसी के दिन गत 13 दिसंबर को सुरक्षा में चूक की बड़ी घटना उस वक्त हुई थी जब लोकसभा की कार्यवाही के दौरान दर्शक दीर्घा से सागर शर्मा और मनोरंजन डी सदन के भीतर कूद गए थे और उन्होंने नारेबाजी करते हुए 'केन' के जरिये पीले रंग का धुआं फैला दिया था। घटना के तत्काल बाद दोनों को पकड़ लिया गया था। ठीक इसी वक्त पीले रंग का धुआं छोड़ने वाली 'केन' लेकर संसद भवन के बाहर प्रदर्शन करने वाले दो अन्य लोगों अमोल शिंदे और नीलम को गिरफ्तार कर लिया गया था। इन लोगों ने 'तानाशाही नहीं चलेगी' के नारे लगाये थे। इन चारों को मौके से ही हिरासत में ले लिया गया था जबकि ललित झा और महेश कुमावत को बाद में गिरफ्तार किया गया था।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **अंजलि**, पत्नी अजय, निवासी (1) प्रेमबो की झुग्गी, सेवा नगर, लाजपत नगर, दिल्ली, (2) 728/एसएफ, ब्लॉक सी–1, मदनगीर, फेज 1, दिल्ली, ने **एफआईआर नं. 309/2017, धारा 356/379/411 आईपीसी, पुलिस थाना जनकपुरी, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अंजलि**, मिल नहीं रही और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **अंजलि**, फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है की उक्त अभियुक्त **अंजलि**, केस **एफआईआर नं. 309/2017, धारा 356/379/411 आईपीसी, पुलिस थाना जनकपुरी, दिल्ली**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.03.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**भारती बेनीवाल,**
महानगर दण्डाधिकारी,
रूम नं. 05,
द्वारका कोर्ट, दिल्ली

**DP/906/WD/2024**
**(Court Matter)**



## ऑक्टावियस प्लांटेशंस लिमिटेड

CIN: L65910DL1984PLC018466
पंजीकृत कार्यालय : ई–40/3, ओखला इंडस्ट्रीयल एरिया, फेज–2, नई दिल्ली–110020
Phone:- 011-45542200 Email id:- csdelhi@octavius.in Website:-www.octaviusplantations.com

**असाधारण सामान्य बैठक, ई-वोटिंग जानकारी और बुक क्लोजर की सूचना**

1. एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि सूचना जो असाधारण सामान्य बैठक आयोजित करने के लिए शेयरधारकों को पहले ही भेज दी गई है, में विनिर्दिष्ट बिजनेस का सम्पादन करने के लिए कम्पनी के सदस्यों की असाधारण सामान्य बैठक (ईजीएम) मंगलवार, 20 फरवरी 2024 को अप. 12.30 बजे (आईएसटी) कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में वीडियो कॉफ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो वीडियो साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से आयोजित की जाएगी। कम्पनी मामलों का मंत्रालय (एमसीए) सामान्य सरकुलर नं. 02/2022 दिनांक 05.05.2022 और सामान्य सरकुलर नं. 10/2022 दिनांक 28.12.2022 के साथ पठित सामान्य सरकुलर्स नं. 02/2020 दिनांक 05.05.2020 की निरंतरता में। वीडियो कॉफ्रेंसिंग (वीसी) अथवा अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (ओवीएएम), (एमसीए सरकुलर्स) के माध्यम से एजीएम/ईजीएम आयोजित करने पर स्पष्टीकरण के सम्बन्ध में मंत्रालय किसी कॉमन स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना वीसी/ओवीएएम के माध्यम से सामान्य बैठक आयोजित करने की अनुमति दे चुका है। इन एमसीए सरकुलर्स और कम्पनी अधिनियम, 2013 के सम्बन्धित प्रावधानों तथा सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशन एवं घोषणा आवश्यकता) नियमनों 2015 (दि रेगुलेशंस) के अनुपालन में, कम्पनी के सदस्यों की एजीएम वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जाएगी।
2. सम्बन्धित सरकुलर्स के अनुपालन में, व्याख्यात्मक विवरण सहित ईजीएम की सूचना कम्पनी के सभी सदस्यों को केवल ई–मेल द्वारा भेजी जाएगी, जिनके ई–मेल पते कम्पनी / डीपी (एस) के पास पंजीकृत हैं। उपरोक्त दस्तावेज कम्पनी की वेबसाइट www.octaviusplantations.com पर और स्टॉक एक्सचेंज बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट पर www.bseindia.com पर और कम्पनी के आरटीए, मै. अभिप्रा कैपिटल लिमिटेड की वेबसाइट पर https://www.abhipra.com पर भी उपलब्ध होंगे।
3. कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 और सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशन एवं घोषणा आवश्यकता) नियमनों 2015 के नियमन 17 (1सी), 42 और 47 के अनुसरण में एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स बुधवार, 14.02.2024 से मंगलवार, 20.02.2024 तक (दोनों दिन मिलाकर) ईजीएम के प्रयोजन हेतु बंद रहेंगे।
   ईजीएम की सूचना और / अथवा ई–वोटिंग समेत वीसी/ओएवीएम के माध्यम से ईजीएम में शामिल होने हेतु लॉगइन प्रत्यायक प्राप्त करने के लिए ई–मेल पते अपडेट करने / पंजीकरण करने का तरीका
   i. सदस्य जो अपना ई–मेल पता पंजीकृत नहीं करवा चुके हैं और परिणामस्वरूप ईजीएम की सूचना तथा ई–वोटिंग निर्देश तामील नहीं करवा जा सकते हैं, अस्थायी रूप से अपना ई–मेल पता और मोबाइल नम्बर अभिप्रा कैपिटल लिमिटेड के पास उनके ई–मेल rta@abhipra.com पर जाकर पंजीकृत करवा सकते हैं अथवा उनको टेली : 1-11-42390909 पर कॉल कर सकते हैं। सदस्यों से आग्रह किया जाता है कि सूचना और यूजर आईडी तथा पासवर्ड सहित ई–वोटिंग निर्देशों की सॉफ्ट कॉपी भेजने के लिए ई–मेल पता और मोबाइल नम्बर प्राप्त करने के लिए निर्देशानुसार प्रक्रिया का पालन करें।
   ii. वैकल्पिक रूप से, सदस्य ई–मेल पता, मोबाइल नम्बर, स्व–सत्यापित पैन प्रति और ईजीएम की सूचना तथा ई–वोटिंग निर्देश भेजने के लिए फिजिकल फोलियो के मामले में शेयर सर्टिफिकेट की प्रति प्रदान करते हुए हस्ताक्षरित आग्रह पत्र की स्कैन की हुई प्रति सहित ई–मेल आईडी csdelhi@octavius.in पर एक ई–मेल आग्रह भेज सकते हैं।
   एमसीए सरकुलर्स का अनुपालन करने के लिए कम्पनी को सक्षम बनाने के लिए और कार्पोरेट गवर्नेंस में ग्रीन इनिशिऐटिव में भाग लेने के लिए सदस्यों से आग्रह किया जाता है कि जीएम की सूचना और ई–वोटिंग निर्देश भेजने हेतु स्थायी रूप से उनके डीपी (एस) के पास इलैक्ट्रिोनिक रूप में धारित शेयरों के सम्बन्ध में अपने ई–मेल पते पंजीकृत करवाएं।
   ई–वोटिंग के माध्यम से अपना मतदान करने और ईजीएम में शामिल होने का तरीका
   ए) सदस्य इलैक्ट्रोनिक वोटिंग प्रणाली (ई–वोटिंग) के माध्यम से ईजीएम की सूचना में विनिर्दिष्टानुसार बिजनेस पर अपना मतदान कर सकते हैं।
   बी) डीमैटीरियलाइज्ड मोड, फिजिकल मोड में शेयर धारण करने वाले सदस्यों और ईजीएम की सूचना में प्रदान करने में अपने ई–मेल पते जो सदस्य पंजीकृत नहीं करवा चुके हैं, द्वारा दूरस्थ तौर पर मतदान (दूरस्थ ई–वोटिंग) का तरीका।
   सी) ई–वोटिंग हेतु सुविधा ईजीएम में उपलब्ध भी करवाई जाएगी और ईजीएम में उपस्थित होने वाले सदस्य जो दूरस्थ ई–वोटिंग द्वारा अपना मतदान नहीं कर चुके हैं, ईजीएम में मतदान करने में सक्षम होंगे।
   डी) ई–वोटिंग के माध्यम से मतदान करने हेतु लॉगइन प्रत्यायक सदस्यों को ई–मेल के माध्यम से उपलब्ध करवाए जाएंगे। सदस्य जो ई–मेल प्राप्त नहीं करते हैं अथवा जिनके ई–मेल पते कम्पनी/आरटीए/डीपी (एस) के पास पंजीकृत नहीं है, ईजीएम की सूचना में टिप्पणियों में दिये गये निर्देशों का पालन करके लॉगइन प्रत्यायक जनरेट कर सकते हैं।
   ई) वहीं लॉगइन प्रत्यायक वीसी/ओवीएएम के माध्यम से ईजीएम में उपस्थित होने के लिए भी उपयोग किए जा सकते हैं।
4. ईजीएम की सूचना की इलैक्ट्रोनिक प्रतियां उन सभी सदस्यों को भेज दी गई है जिनकी ई–मेल आईडी कम्पनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (एस) के पास पंजीकृत हैं। ईजीएम की सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.octaviusplantations.com पर भी उपलब्ध है।
5. या तो भौतिक रूप में अथवा डिमैटीरियलाइज्ड रूप में कट ऑफ तिथि 12 फरवरी 2024 के अनुसार शेयरधारण करने वाले सदस्य, मै. अभिप्रा कैपिटल लिमिटेड के इलैक्ट्रोनिक वोटिंग सिस्टम के माध्यम से ईजीएम सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार सामान्य अथवा / और विशेष बिजनेस (ईएस) पर इलैक्ट्रोनिकली अपना मतदान कर सकते हैं।
6. सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :
   ए) ईजीएम की सूचना में इलैक्ट्रोनिक ट्रांसमिशन और अन्य दस्तावेज 29 फरवरी 2024 तक पूर्ण किए जाने होंगे।
   बी) कम्पनी इसके सदस्यों को ई–वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए मै. अभिप्रा कैपिटल लिमिटेड की सेवाएं प्राप्त कर रही है। ई–वोटिंग शनिवार, 17 फरवरी 2024 को पूर्वा. 9.00 बजे प्रारम्भ होगी और सोमवार, 19 फरवरी 2024 को अप. 5.00 बजे समाप्त होगी; वोटिंग 19 फरवरी 2024 को अप. 5.00 बजे के पश्चात अयोग्य हो जाएगी।
   डी) ईजीएम की सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.octaviusplantations.com पर और अभिप्रा कैपिटल लिमिटेड वेबसाइट https://abhipra.com पर उपलब्ध है और;
7. कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 और सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकता) नियमनों 2015 के नियमन 42 के प्रावधानों के अनुसरण में कम्पनी के इक्विटी शेयरों हेतु सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स बुधवार, 14 फरवरी 2024 से मंगलवार, 20 फरवरी 2024 तक (दोनों दिन मिलाकर) ईजीएम के प्रयोजन हेतु बंद रहेंगे।

कृते व बोर्ड की ओर से
ऑक्टावियस प्लांटेशंस लिमिटेड
हस्ता/-
राज कुमार जैन
निदेशक
डीआईएन : 03505168

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 29.01.2024

हरियाणा सरकार

"केंद्र और राज्य में डबल इंजन सरकार की ताकत हरियाणा को तेज़ी से आगे बढ़ा रही है। कोई भी सेक्टर हो, जैसे ही उसमें सामूहिक शक्ति जुटती है, सबका प्रयास नजर आने लगता है, तो परिवर्तन की गति भी बढ़ जाती है।"

– नरेन्द्र मोदी



संकल्प से परिणाम वर्ष


# श्री मनोहर लाल
## मुख्यमंत्री, हरियाणा
द्वारा

# विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ
1 फरवरी, 2024 | दोपहर 3:00 बजे | चंडीगढ़

### दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना
2180 नये लाभपात्रों के बैंक खातों में 84 करोड़ रुपये की राशि का वितरण



### हरियाणा ट्रस्ट बेस्ड रीडिंग मोबाइल एप्लिकेशन
प्रथम चरण में 4 शहरों में उपभोक्ता मीटर की रीडिंग दर्ज करके अपना बिजली बिल ऑनलाइन प्राप्त कर सकता है




### मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना पंजीकरण पोर्टल
गरीब परिवारों हेतु 14 शहरों में प्लॉट की बुकिंग के लिए पोर्टल शुरू



### 264 अनाधिकृत कॉलोनियों का नियमितीकरण
2147 कॉलोनियों का हुआ नियमितीकरण



## प्रगति का आधार, डबल इंजन सरकार

सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## खबर संक्षेप

### गुमशुदा को किया परिजनों के हवाले



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा कैट प्रभारी उप निरीक्षक सरजीत सिंह की टीम ने घर से गायब हुए 13 साल को उसके परिजनों के हवाले कर दिया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि 28 जनवरी को किशोर रास्ता भूल गया था ।

### दीपचंद सहायक प्रबंधक पद से सेवानिवृत



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद कॉपरेटिव सेंट्रल बैंक के सहायक प्रबंधक दीप चंद 58 साल की आयु में सेवानिवृत्त हो गए। बैंक के एमडी चौहान ने पगड़ी बांधकर उन्हें भावभीनी विदाई दी। महाप्रबंधक ने कहा कि दीपचंद 1993 में क्लर्क के पद पर नियुक्त हुए थे ।

### पुलिस ने आरोपी को काबू कर बाइक की बरामद

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा डीएलएफ प्रभारी कप्तान सिंह की टीम ने चोरी के मुकदमे में एक



आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम रोहित है । 13 नवंबर 2023 को फरीदाबाद के पल्ला थाने में चोरी के धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें आरोपी ने एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चोरी की थी। क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा।

अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड हस्तशिल्प मेला

# डीसी ने अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

जिला उपायुक्त विक्रम सिंह ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को 37वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड हस्तशिल्प मेले की जिम्मेदारी की तय करते हुए कहा कि मेले के उद्घाटन के दौरान अधिकारियों की जबाब देही तय कर दी गई है। डीसी विक्रम सिंह ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं के लिए दिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि 2 फरवरी को मेले का आधिकारिक उद्घोटन महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा किया जाएगा वहीं 3 फरवरी को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड मेले में शिरकत करेंगे।

*37वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट्स मेले की जिम्मेदारी की तय करते हुए कहा कि मेले के उद्घाटन के दौरान अधिकारियों की जबाब देही तय कर दी गई है।*




**40 देश होंगे शामिल, कई राजदूत अलग-अलग कार्यक्रम में होंगे शामिल**

डीसी ने कहा कि इस वर्ष और भी ज्यादा भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। मेले में 40 देश शामिल होंगे तथा कई देशों के राजदूत भी विभिन्न अवसरों पर मेले में शिरकत करेंगे। बैठक में एडीसी आनंद शर्मा, डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एमसीएफ के सहायक कमिश्नर गौरव अन्तिल, एमसीएफ की ज्वाइंट कमिशनर शिखा अन्तिल, ज्वाइंट कमिश्नर एमसीएफ करण सिंह भगोरिया, जीएम टूरिज्म यूएस भारद्वाज, डीआईपीआरओ राकेश गौतम सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

विधायक राजेश नार ने लगाई अफसरों को फटकार

# बीडीसी की मांगों पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

तिगांव ब्लॉक समिति की बैठक विधायक राजेश नागर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें पंचायती राज के तमाम अधिकारी मौजूद रहे। ब्लॉक समिति के सदस्यों ने विधायक से मांग की थी कि अधिकारी उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लेते हैं । जिस पर विधायक ने अधिकारियों की बैठक ली। विधायक ने कहा कि ब्लॉक समिति के सदस्य छोटी सरकार का अहम हिस्सा हैं, जो बड़ी सरकार का प्रतिनिधित्व करते हैं। बीडीसी सदस्यों की मांगों पर गंभीरता से कार्रवाई करें। समिति ने नागर को बताया कि उनका चुनाव हुए एक वर्ष से अधिक बीत चुका है लेकिन उनके नाम के पट्ट अभी तक नहीं लगाए गए हैं।

**ग्रामीण क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन**

विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने छोटी सरकार के सदस्यों के ऊपर अहम जिम्मेदारी डाली है जिससे कि ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों के जीवन स्तर में अभूतपूर्व परिवर्तन लाया जा सके । अधिकारी बातों को अमल में नहीं लेंगे तो इसे नाफरमानी माना जाएगा। बैठक में चैयरपर्सन पूनम देवी, बीडीसी सदस्य पवन नागर, जसवंत अधाना, सुखबीर अधाना, सुनील कुमार, कुलदीप, कृष्ण, भाजपा मंडल अध्यक्ष गिर्राज त्यागी, पंचायती राज विभाग के बीडीओ मौजूद रहे।

पुलिस से मुठभेड़ में दो हुए घायल

# चोरी की वारदात को अंजाम देने घूम रहे पारदी गिरोह के 10 गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद**

*लोनी बॉर्डर पुलिस वेस्ट टीम ने संयुक्त रूप से करवाई करते हुए मध्यप्रदेश के पारदी गैंग के दस सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। पुलिस की गोली से दो बदमाश घायल भी हो गए हैं।*

थाना लोनी बॉर्डर पुलिस वेस्ट टीम ने संयुक्त रूप से करवाई करते हुए मध्यप्रदेश के पारदी गैंग के दस सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो बदमाश मुठभेड़ के दौरान तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस की गोली से दो बदमाश घायल हो गए हैं। लालबाग इलाके में चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए घूम रहे थे।

खासबात यह है कि इस गिरोह के बदमाश दिन में गुब्बारे व गुलदस्ते बेचने के बहाने रेकी करते हैं जबकि रात में चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे।पिछले दिनों एक ज्वेलर्स की दुकान में हुई चोरी को भी इन बदमाशों ने अंजाम दिया था।

**मुखबिर ने दी थी बदमाशों की जानकारी**

*एसीपी अंकुर विहार रवि प्रकाश सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस तीन युवक टॉर्च लेकर आते देखा । पुलिस को देखकर वे भागने लगे और फायरिंग भी शुरू कर दी। पुलिस ने भी बचाव में फायरिंग की ,जिसमें दो घायल होकर नीचे गिर पड़े। जिन्हें पुलिस ने दबोच लिया और अस्पताल में भर्ती कराया। कुछ देर बाद पुलिस ने तीसरे बदमाश को भी गिरफ्तार कर लिया। घायल बदमाशों के नाम परशुराम व धर्मेंद्र है जबकि तीसरे बदमाश का नाम कुती है । बदमाशों ने ज्वैलर्स की दुकान पर चोरी की घटना कारित की गई थी तथा नई घटना कारित करने के लिए घूम रहे थे ।*



**देश भर में सक्रिय रहकर चोरी,डकैती करते हैं बदमाश**

इसके बाद इन बदमाशों की सात अन्य बदमाशों को भी गिरफ्तार किया गया। जिनके नाम परमजीत, गुमान, विनोद, लंगड़ी,दौलत राम, धनीराम, बलदीप व आशिक हैं। सभी मध्यप्रदेश के निवासी हैं और देश भर में सक्रिय रहकर चोरी,डकैती की वारदातों को अंजाम देते हैं।

### घर लौट रहे कर्मचारी को बदमाशों ने लूटा

**गुरुग्राम ।** आईएमटी मानेसर एरिया में कंपनी से घर लौट रहे एक कर्मचारी से मारपीट कर चार युवकों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। आरोप है कि चारों ने पहले उसका मोबाइल छीना और मारपीट कर उससे पिनकोड पूछ लिया, जिसके बाद आरोपियों ने उसके बैंक खाते से रुपए ट्रांसफर कर दिए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिक्षित युवा-सम्मानित व कुशल हुआ

**कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा**

कौशल भवन, प्लॉट नं आई.पी-2, सेक्टर-3, माजरी चौक, पंचकुला। www.itiharyana.gov.in

आई.टी.आई. पास उम्मीदवारों को अप्रैंटिसशिप करने का सुनहरा अवसर

हरियाणा सरकार के अधीन सभी विभागों, बोर्ड, कॉरपोरेशन एवं निगमों आदि के कार्यालयों में अप्रैंटिस एक्ट, 1961 के तहत ट्रेड अप्रैंटिस लगने के लिए आई.टी.आई. पास इच्छुक उम्मीदवार पोर्टल **www.apprenticeshipindia.gov.in** पर अपना ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन कर इस पोर्टल पर रजिस्टर्ड कार्यालयों में अप्रैंटिस लगने हेतू पोर्टल के माध्यम से वर्ष 2024 की प्रथम अनुसूचि के द्वितीय चरण के लिए दिनांक 12.02.2024 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। द्वितीय चरण के लिए निर्धारित अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदनों पर ही विचार किया जाएगा जिसका विस्तृत विवरण विभागीय वैबसाईट **www.itiharyana.gov.in** पर उपलब्ध है। आई.टी.आई. पास उम्मीदवार हरियाणा राज्य का स्थाई निवासी हो या दसवीं कक्षा हरियाणा राज्य से पास की हो या उम्मीदवार चंडीगढ़ (यू.टी.) का स्थाई निवासी हो और उसने हरियाणा या चंडीगढ़ में स्थित, किसी भी सरकारी मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से एन.सी.वी.टी./ एस.सी.वी.टी. के तहत आई.टी.आई. कोर्स पास किया हो। प्रत्येक प्रतिष्ठान में अप्रैंटिसशिप हेतू उपलब्ध सीटों के प्रति 20 प्रतिशत सीटों पर अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों को एवं 27 प्रतिशत सीटों के प्रति पिछड़ी श्रेणी के उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन में स्वयं की Email I.D. अपना मोबाईल नं. व अपना आधार नंबर सही दर्ज करें। पोर्टल द्वारा सभी सूचनाएं उम्मीदवार की ई.मेल./मोबाईल नं. पर ही भेजी जाएंगी। किसी भी जानकारी के लिए निकटतम राजकीय आई.टी.आई. संस्थान में संपर्क कर सकते हैं।

पीआरडीएच-1065/11/106/2024/24576/88/7 दि. 31.01.24 **महानिदेशक**

छात्राओं ने मॉडल प्रक्रिया की प्रस्तुति दी

# संजना शर्मा बेस्ट एक्सप्लेनर पुरस्कार से हुईं सम्मानित



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर 16 ए फरीदाबाद में आयोजित दो दिवसीय अंतर जिला विज्ञान प्रदर्शनी के दूसरे दिन विजेताओं की घोषणा की गई। जिसमें गर्वमेंट कालेज फॉर विमेन की तृतीय वर्ष की छात्रा संजना शर्मा को बेस्ट एक्सपेलनर पुरस्कार से नवाजा गया। जिसमें बॉटनी के मॉडल माइक्रो प्लास्टिक का स्वास्थ्य पर प्रभाव मॉडल को प्रथम स्थान मिला । वहीं जूलॉजी के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का स्वास्थ्य क्षेत्र में भविष्य, मॉडल को प्रथम स्थान मिला। वेजिटेबल वेस्ट डायनेमो मॉडल, फिजिक्स का बेस्ट मॉडल चुना गया।

**छात्राओं ने संबंधित सवालों के जवाब दिए**

सभी मॉडल का निरीक्षण किया तथा छात्राओं ने से उनकी प्रक्रिया एवं चुनौतियों पर सवाल जवाब भी किए। उन्होंने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी वैज्ञानिक सोच की प्रथम सीढ़ी होती है। जो वर्तमान एवं भविष्य की चुनौतियों से अवगत कराती है।प्राचार्य ने मॉडल प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच की सराहना की। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में दो दिवसीय अंतर जिला विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है ।

# पुलिस ने जब्त किए 800 किग्रा मादक पदार्थों को किया नष्ट



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

जिला फरीदाबाद में गठित ड्रग डिस्पोजल कमेटी के चेयरमैन पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य, डीसीपी मुख्यालय अभिषेक जोरवाल, एसीपी मुख्यालय अभिमन्यु गोयत सहित गवाह के तौर पर गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में गोल्डन ईगल वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी गांव जसाना में पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम ने 114 मुकदमों में बरामद किए गए ड्रग्स को फोटोग्राफी करवा कर आग के हवाले किया , जिसमें गांजा के 90 व स्मैक, इंजेक्शन, हेरोइन, मेथमहेटामाइन ड्रग, गोलियां और कैप्सूल के 23 मुकदमें है। इनमें से 4 मुकदमे जीआरपी के शामिल है।

**114 मुकदमों में बरामद किए गए थे पदार्थ**

पुलिस आयुक्त राकेश कुमार ने कहा कि मालखाने में जगह खाली हो सकेगी जिससे माल खाने में भंडारण की व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि नशा इंसान को धीरे धीरे अपराधी बना देता है। नशीले पदार्थ मनुष्य के शरीर के साथ-साथ उसको मानसिक रूप से भी अपाहिज बना देते हैं इसलिए नागरिक नशे से दूर रहकर समाज कल्याण में अपना योगदान दे। पडक़र या शौकिया तौर पर नशे का सेवन शुरू करते हैं परंतु बाद में उन्हें इसकी लत लग जाती है।

### पड़ोसी ने महिला को पीटकर की अभद्रता, कपड़े भी फाड़े, मुकदमा दर्ज

**गुरुग्राम ।** सेक्टर-10 थाना एरिया में पति के साथ बाइक पर जा रही महिला के साथ मारपीट कर अभद्रता करने और उसके कपड़े फाड़ने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पड़ोसियों ने वारदात को अंजाम देते हुए उसके गले से सोने की चेन भी छीन ली। सूचना मिलते ही सेक्टर-10 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रोमांच व उत्साह से भरा रहा खेल महोत्सव का दूसरा दिन

# छात्रों ने खेल व साहस का अद्भुत प्रदर्शन किया



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम**

डीपीजी डिग्री कॉलेज के 7 दिवसीय स्पोर्ट्स वीक का दूसरा दिन बेहद ही रोमांचक और उत्साह भरा अनुभव रहा। खिलाड़ियों ने अपने खेल और साहस का प्रदर्शन करते हुए खेलों में उत्कृष्टता की ऊंचाइयों को छूने का अद्वितीय मौका प्राप्त किया। सभी टीमों के बीच तीव्र प्रतिस्पर्धा ने स्पोर्ट्समैनशिप और समर्पण का एक नया स्तर स्थापित किया।

**फुटबॉल में डीपीजी ने बाजी मारी**

*डीपीजी डिग्री कॉलेज के स्पोर्ट्स वीक के दूसरे दिन पर फुटबॉल, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, चेस, कैरम, क्रिकेट जैसे खेल खेले गए। जिसमें पुरुष और महिला टीम के अलग अलग मैचों का आयोजन किया गया। फुटबॉल पुरुष टीम का मैच सीपीएसम और डीपीजी डिग्री के बीच खेला गया, जिसमें डीपीजी डिग्री ने 7-0 से शानदार जीत हासिल की। वहीं फुटबॉल महिला टीम का मैच डीपीजी डिग्री और सीपीएसएम के बीच खेला गया, जिसमें डीपीजी डिग्री ने शानदार जीत हासिल की। खो खो महिला टीम का मैच डीपीजी डिग्री और डीपीजी एसटीएम के बीच खेला गया, जिसमें एसटीएम को 2-1 के साथ विजय प्राप्त हुई। वहीं दूसरा खो खो मैच पॉलीटेक्निक और सीपीएसएम के बीच हुआ, जिसमें सीपीएसएम 9-5 से जीता।*

**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | MEMO NO CH 05/E-NIT NO 14/2023-24/XEN/TS/RTKDATED12.01.2024ONLINE TENDER ID 2024_HBC_344051_1 | शुद्धिपत्र-01. 132 केवी सब स्टेशन एचवीपीएनएल, झज्जर में पुराने ट्रेंच कवर की मरम्मत और नये ट्रेंच कवर का प्रावधान। ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 05.02.2024 (13.00 बजे) तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | 61/CCD-344/VOI-XIII DATED19.01.2024 | ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 05.02.2024 तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 3 | एचवीपीएनएल | NIT NO 47/CWD-VOI-XVI/HVPN/2023-247 DATED04.01.2024ONLINETENDERID NO 2023_HBC_341775_1 | बोली खुलने की तिथि 30.01.2024 (11:00 बजे) ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 08.02.2024 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां एवं ठेकेदार) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 4 | एचवीपीएनएल | QDP1436GEM/2023/B/4263815 DATED 29.11.2023 | शुद्धिपत्र-3/जमा करवाने की निर्धारित तिथि का विस्तार 13.02.2024 तक 17:00 बजे तक। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/80/24590/I/88/7 दि. 31.01.24

**IndusInd Bank**

Office address: 43, Bhageria House, New Friends Colony, New Delhi - 25

**Hypothecated Repossessed Vehicle Auction/Sale Notice to General Public**

IndusInd Bank Ltd. is inviting Quotations in sealed Envelope from General Public for the auction of below vehicles as per below mentioned Specification on "AS IS WHERE IS BASIS" Vehicle's Model & Registration No. Given Below

| Deal No | Customer Name | Registration No | Engine No | Chassis No | Model | Year of Mfg |
|---|---|---|---|---|---|---|
| DAS03386L | K PARMOD KUMARM | DL1GC9779 | E426CCMJ362522 | MC2ESLRC0MJ196233 | EICHER PRO 2114XP 22FT HSD BS6 CNG P | 2021 |
| DAS03387L | K PARMOD KUMARM | DL1GC9801 | E426CCMJ362528 | MC2ESLRC0MI196235 | EICHER PRO 2114XP 22FT HSD BS6 CNG P | 2021 |
| DAS03390L | R CHANDER KANT | DL1MA7959 | 3.8SGI79GYX621126 | MAT812025M5H09759 | TATA 1109G LPT 49 HSD CNG BS 6 | 2021 |
| DAS04109L | R ALOK | HR38AE8450 | E426CDNM416220 | MC2ESLRC0PA222182 | EICHER PRO 2114 XP22FT BS6 PRM HSD | 2023 |
| DBO00193L | B DANISH | DL1LY8960 | EPH1L88080 | MA1ZN2EPKH1L82552 | BOLERO CAMPER SCXL CNG Bs4 | 2023 |
| DDM01104L | M ASIF | DL1LAJ0302 | GNH040318P | MB1AA23E9NRFZ4607 | AL DOST CNG LS FSD BS 6 | 2022 |
| DDV01170L | R MAHENDAR MAHTO | UP16GT0317 | E414NCKA259375 | MC2C9CRC0KA428570 | EICHER PRO 10.49 | 2019 |
| DDZ02357L | RAPID EXPRESS | DL1MA7455 | E416NCMC344376 | MC2EBKRC0MC487848 | EICHER PRO 2095 XP 22 FT CBC CNG Bs6 | 2021 |
| DDZ02453L | K ROHIT | DL1MA8689 | E416NCMK366939 | MC2EBJRC0MK498468 | EICHER PRO 2095XP 20FT CNG HSD BS 6 | 2021 |
| DDZ02770L | A MOHD | DL1LAJ0303 | UKN1G26292 | MA1ZP2UKKN1G66531 | BMT PLUS CNG PS BS VI | 2022 |
| DDZ02799L | M MUNNA KUMAR | DL1LAJ1302 | UKN1D23642 | MA1ZN2UKKN1D44037 | BOLERO PIK-UP CNG PS BS VI | 2022 |
| DGP01410L | DID LOGITECH | HR55AL3933 | SLTNG6DN276224 | MBUZT54ADN0284492 | SML ISUZU SAMRAT GS 21 CNG CAB CHASSIS BS VI | 2022 |
| DNE01671L | AKASHI EXPRESS SERVICE | HR55AN8824 | 3.3LNGD06GXX522323 | MAT792031N8G15860 | TATA 1112 LPT /38 BSVI CBC | 2022 |
| DSG00350L | S MOHD | DL1LAG8383 | 3.8SGI79DXX808249 | MAT810003N8D08859 | TATA 709G LPT DCR 38 HSD 85 BS 6 | 2022 |
| DSG00372L | Y SURESH KUMAR | UP14LT1543 | E416NCNB383650 | MC2EABRC0NB503033 | EICHER PRO 2049 CNG HSD 10 FT BS 6 | 2022 |
| DSG00534L | K SHIV | HR38AE1239 | NCPZ132933 | MB1A3GCD1NACN0038 | AL 1615 22FT CNG Bs6 | 2023 |
| DDB02699G | RAKESH GIRI | HR38AA4173 | AZYWKF76766 | MD2A27AY2KWF99301 | BAJAJ RE COMPACT CNG | 2020 |
| DDB03251G | MANOJ GUPTA | HR38AD8590 | AZXWNE45463 | MD2B47AXXNWE38592 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2022 |
| DDU03980G | SHIV KUMAR | HR55AN6100 | AZXWPK37955 | MD2B47AX5PWK16140 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2023 |
| DDU03209G | VINOD KUMAR | HR55AK2954 | TXTCSGZ3002004 | MBX0007KBZH123724 | APE XTRA LDX DV DSL Bs6 | 2021 |
| DDU03307G | UTTAM SINGH | HR55AK0139 | AZXWMJ88525 | MD2B18BX7MWJ57990 | BAJAJ RE MAXIMA X WIDE CNG Bs6 | 2022 |
| DDU04087G | VEEKESH JAYCHANDRA SINGH | HR55AP5869 | TXTCSA13013105 | MBX0008LB2A261886 | APE XTRA HT LDX+ CNG PU Bs6 | 2023 |
| DDU04182G | SAJAN LAL LAL | HR55AR7143 | TD3CSD23019186 | MBX000ACF2D287245 | APE AUTO HT DX CNG Bs6 | 2023 |
| DAS00990G | PREMSINGH | DL1LAL2781 | 275CNG18CWXS39946 | MAT556012PVC17467 | TATA ACE GOLD CNG BS 6 | 2023 |
| UBP00156 | VIPIN JOSHI | UP26T9854 | MOTORNO30286 | M4LUERSAEJM030278 | PANTHER E-RICKSHAW 1+4 PASSENGER | 2023 |
| UBP00046G | GAURAV KUMAR | UP26T8743 | 13595 | M4LUERSALGM013587 | PANTHER E-RICKSHAW 1+4 PASSENGER | 2022 |
| UBP00054G | SIYARAM RAMESHVAR | UP26T8861 | 24838 | M4LUERSALHM024830 | PANTHER E-RICKSHAW 1+4 PASSENGER | 2022 |
| UBP00058G | NADEEM SALEEM MOHAMMAD | UP26T8871 | 24513 | M4LUERSALHM024505 | PANTHER E-RICKSHAW 1+4 PASSENGER | 2022 |
| ULY04103G | ARUN GANGWAR | UP26T7366 | 275CNGJYXS80087 | MAT556002MVJ42714 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2021 |
| ULY03860G | RADHE RAMAN | UP26T6520 | 275MPFI01275MPID01FZXXK01673 | MAT559005LVF15948 | TATA ACE GOLD DIESEL BS VI | 2020 |
| ULY04113G | RAFIK AHMAD | UP26T7363 | 700CCDI02GYXS59891 | MAT559014MVG33244 | TATA ACE GOLD DIESEL BS VI | 2021 |
| ULY04684G | CHAMAN BABU | UP25FT3489 | LF4AP4501183 | MD6M1LCF3P4A00153 | TVS KING ZD225 LC FI CNG Bs6 | 2023 |
| ULY04785G | CHANDRA BHAN | UP25FT7787 | LF4DP4X00127 | MD6M1LCF6P4D00138 | TVS KING ZD225 LC FI CNG Bs6 | 2023 |
| ULY04584G | SAKIR ALI ALI | UP25FT1299 | LF4LN4200534 | MD6M1LCF6N4L00389 | TVS KING ZD225 LC FI CNG Bs6 | 2022 |
| ULY04380G | SHAREEF AHMAD | UP25ET7383 | AZXWNA36264 | MD2B188X2NWA62077 | BAJAJ RE MAXIMA X WIDE CNG Bs6 | 2022 |
| ULY04275G | ISHTAJAR HUSAIN | UP25ET5806 | AZXWNK17266 | MD2B17AX2NWK18529 | BAJAJ MAXIMA Z CNG BS VI | 2022 |
| ULY04593G | NARESH PAL PAL | UP25FT1104 | UIYF48V85024285 | M4LUERSAJHM024277 | PANTHER E-RICKSHAW 1+4 PASSENGER | 2022 |
| UBS01292G | SANTOSH KUMAR SAINI | UP27BT2476 | XUN6G25426 | MA1FN2XURN6G64815 | MAHINDRA SUPRO PROFITTRUCK MINI VX BS 6 | 2022 |
| UBS01335G | AMIT VIKRAM | UP27BT3552 | AMBCSH13009419 | MBX000YCF1H215049 | APE PAX 230CC CITY + CNG BS VI | 2022 |
| UBS01260G | VIMLESH KUMAR | UP27BT1961 | TEP3SDZ3003380 | MBX0006DFZH125809 | APE PAX 230CC CITY + CNG BS VI | 2022 |
| DUS00216G | MOHD SHEZAD ISTYAK | UP19T9392 | LHM6G19479 | MA1FN2LHRM6G58833 | M & M SUPRO MINITRUCK RFS CNG BS VI | 2022 |
| UHH01211G | SUNEEL KALLU SINGH | UK06TA6715 | BBXWNA80582 | MD2B45AX2NWA33704 | BAJAJ RE MAXIMA DIESEL X WIDE ( D+3) Bs6 | 2022 |
| DUB00196G | AFZAL ANSARI | UP20AT8704 | 275MPFI02HYXS72911 | MAT559023MVJ42505 | TATA ACE GOLD PETROL BS 6 | 2022 |
| UHH01314G | RAHUL KOLI | UK06TA7191 | AZXWPA62445 | MD2B47AX0PWA68286 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2023 |
| UHM02354G | ANIL KUMAR KUMAR | UP22BT2896 | AZXWPE20788 | MD2B17AX9PWE77332 | BAJAJ MAXIMA Z CNG BS VI | 2023 |
| DMM03584G | IMRAN | UP15GT0935 | 700CCDI02KXXSD9708 | MAT559029NVK58236 | TATA ACE HT PLUS BSVI | 2023 |
| DUS00181G | DANIS | UP19T8950 | SOM9138233 | MA1LV2NR9M3A15305 | MAHINDRA ALFA LC PLUS DIESEL BS VI | 2021 |
| DMM03227G | SARAFAT KHAN | UP19T9454 | 275CNG17BXXS25927 | MAT556004NVB11182 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2022 |
| DDA01139G | ROHIT KUMAR | DL1LAB9373 | LCJ6L50941 | MA1FN2LCRJ6L25449 | M & M SUPRO MINI TRUCK CNG | 2019 |
| DDP01864G | HARDIK | HR73B9495 | AZXWNJ18375 | MD2B47AX8NEJ12593 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2022 |

The Person who are willing to purchase above Mentioned vehicles may contact IndusInd bank Ltd. to above mention address and submit the Quotation in special format within 7 days of this Publication Notice. It shall be the responsibility of the purchaser to pay all the tax arrears, Parking of the vehicle. He will also be responsible to Complete all the RTO formalities relating to ownership transfer his name. Bank will not be responsible for any dispute relating to the vehicle after its sale, bank has authority to cancel the auction at any stage without given any prior notice. The Vehicle will be sold to higher Bidder and the decision of bank shall be Final & Binding to all in this regards.

Place : New Delhi

Contact Person : Yogesh Saini, Mob.No: 8860862245

# दिल्ली सरकार ने एमसीडी को 803.69 करोड़ रुपये जारी करने की दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम में काम की रफ्तार को रुकने नहीं देने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर वित्त मंत्री आतिशी ने दिल्ली नगर निगम के लिए 803.69 करोड़ रुपये की तीसरी किश्त जारी करने को मंजूरी दी है। इससे निगम कर्मचारियों को समय से वेतन मिलता रहेगा। बता दें कि केजरीवाल सरकार में साल दर साल निगम को दिए जाने वाला पैसा बढ़ता रहा है। साल 2014-15 की तुलना में 2023-24 में ये 309 प्रतिशत से भी ज़्यादा बढ़ा है। 2014-15 में 854.5 करोड़ की तुलना में 2023-24 में दिल्ली सरकार से निगम को 2642.47 करोड़ रुपये मिले हैं। साथ ही सरकार इसके अतिरिक्त कई अन्य मदों में भी निगम को पैसे मुहैया करवाती है।




- निगम को दिए जाने वाले पैसे में पिछले 5 सालों में हुई 2.5 गुना बढ़ोतरी
- 2014-15 में 854.5 करोड़ की तुलना में 2023-24 में दिल्ली सरकार से निगम को 2642.47 करोड़ रुपये मिले

### निगम में पैसे की कमी नहीं होने देगी दिल्ली सरकार

आतिशी ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने वादा किया था कि निगम में पैसे की कमी नहीं होने देंगे। इसके साथ ही निगम के सभी कर्मचारियों को सैलरी समय पर मिलती रहेगी और दिल्ली की साफ सफाई का ध्यान अच्छे से रखा जाएगा। इसी कड़ी में अरविंद केजरीवाल ने इस वित्तीय वर्ष में बतौर तीसरी किस्त के रूप में 803.69 करोड़ रुपए निगम को दिए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली को स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक बनाने के दिल्ली सरकार पूरी गंभीरता के साथ काम कर रही है।

### कर्मचारियों को समय से मिलता रहेगा वेतन : आतिशी

वित्त मंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली सरकार की ओर से 803.69 करोड़ रुपए की किस्त जारी करने के इस निर्णय से निगम में कार्यरत कर्मचारियों को समय पर वेतन व पेंशन मिल पाएगा। इसके अलावा निगम के सफाई कर्मचारियों, पैरा-मेडिकल स्टाफ, डॉक्टरों आदि को भी समय से सैलरी का भुगतान होगा। जोकि उन्हें आम जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करेगा। केजरीवाल सरकार के इस निर्णय से दिल्ली के लोगों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने में निगम को मदद मिलेगी।

### भाजपा शासित निगम में कर्मचारियों को समय पर नहीं मिल पाती थी सैलरी

आतिशी ने कहा कि भाजपा शासित निगम में कर्मचारियों को समय पर सैलरी नहीं मिल पाती थी। जिसके कारण वे हड़ताल करने को मजबूर थे। ऐसे में कर्मचारियों और दिल्ली की जनता को परेशानी झेलनी पड़ती थी। लेकिन अब केजरीवाल सरकार द्वारा जारी किए गए फंड से निगम कर्मचारियों के वेतन समय पर मिलता रहेगा। हमारा मानना है कि निगम के कर्मचारियों को समय पर वेतन का भुगतान उन्हें हमारी प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगा। निगम में आप सरकार बनने के बाद से सभी कर्मचारियों के समय पर वेतन देने की केजरीवाल सरकार की गारंटी अब पूरी की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### महापौर ने दिए जांच के आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने सफाई कर्मियों को पक्का किए जाने के नाम पर पैसे मांगने वाले अधिकारियों के खिलाफ जांच के आदेश दे दिए है। महापौर ने आयुक्त को लिखे पत्र में कहा है कि जांच कर जल्द से जल्द आरोपी अधिकारी के कार्रवाई की जाए। बता दें कि इस संबंध में दिल्ली सफाई कर्मचारी एक्शन कमेटी ने महापौर, निगमायुक्त को पत्र लिखकर शिकायत की थी। जिसमें आरोपी अधिकारी की वॉइस रिकॉर्डिंग भी सौंपने की बात कही है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि डेम्स विभाग हेडक्वार्टर का एक अधिकारी दैनिक भोगी सफाई कर्मियों से नौकरी के नियमितीकरण को लेकर रिश्वत की मांग करता है।

### उप महापौर ने किया '100 डेज़ टू बीट प्लास्टिक-2.0' अभियान का शुभारम्भ

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उप महापौर आले मोहम्मद इकबाल ने बुधवार को वेस्ट टू वंडर पार्क (डायनासोर पार्क), सराय काले खां, नई दिल्ली में '100 डेज़ टू बीट प्लास्टिक-2.0' अभियान का शुभारम्भ किया। जन भागीदारी से शहर को 'प्लास्टिक मुक्त' बनाने के लिए दिल्ली नगर निगम द्वारा इस अनूठे अभियान का दूसरा संस्करण शुरू किया गया है। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद, सारिका चौधरी, अतिरिक्त आयुक्त, एमसीडी, साक्षी मित्तल, सभी 12 जोनों के उपायुक्त और एमसीडी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

### आप पार्षदों के लंच पर लगभग 15 लाख रुपए खर्च : राजा इकबाल

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष एवं पूर्व महापौर राजा इकबाल सिंह ने निगम की आप सरकार एवं महापौर को 125 आप पार्षदों के लंच पर लगभग 15 लाख रुपए खर्च करने पर कटघरे में खड़ा किया। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि एक तरफ तो आप पार्टी आम होने का स्वांग रचती है वहीं दूसरी ओर 125 पार्षदों के लंच के ऊपर 15 लाख खर्च करती है। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली की महापौर को जनता को जवाब देना चाहिए कि जब अधिकारियों एवं नेताओं के लंच पर किए जाने वाले खर्च की सीमा तय है तो उन्होंने किस अधिकार से जनता का पैसा बर्बाद किया।

## कोहरे ने किया परेशान

# लंबे इंतजार के बाद सीजन की पहली बारिश से भीगी राजधानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

लंबे इंतजार के बाद आखिर बुधवार को सर्दी के सीजन की पहली बारिश से दिल्ली भीग गई। जबकि सुबह के समय सघन से सघन कोहरे ने सड़क से लेकर हवाई यातायात को बाधित कर दिया जिससे लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग की भविष्यवाणी सच साबित हुई और जनवरी के अंतिम दिन 31 जनवरी 2024 को सीजन की पहली बारिश हुई। बारिश से पहले दिल्ली को मंगलवार रात से ही कोहरे ने अपनी आगोश में लपेटना शुरू कर दिया था, जो बुधवार अपराह्न 12 बजे तक देखा गया।

सुबह 6.30 बजे इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर शून्य दृश्यता के चलते कई उड़ानें प्रभावित हुई। सघन कोहरे की यह स्थिति सुबह करीब नौ बजे तक बनी रही। दोपहर के समय दिल्ली में कई जगह बारिश शुरू हो गई। देर शाम तेज हवाओं ने ठंड और ज्यादा बढ़ा दी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार सुबह नो बजे से शाम पांच बजे तक दिल्ली में कुल 8.5 मिमी बारिश दर्ज की गई। जबकि स्थानीय रूप में सबसे ज्यादा बारिश लोधी रोड़ 9.3 मिमी दर्ज हुई। आईएमडी के अनुसार बुधवार को न्यूनतम तापमान 7.3 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 1 डिग्री ज्यादा है। वहीं दिन का अधिकतम तापमान 18.6 डिग्री सेल्सियस रहा जो इस मौसम के सामान्य से 4 डिग्री सेल्सियस कम है, जिसके चलते कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

आईएमडी के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कारण तीन फरवरी तक मौसम में उतार-चढ़ाव जारी रहने की उम्मीद है। मंगलवार तक के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक इस महीने 30 जनवरी तक दिल्ली में औसत अधिकतम तापमान




17.7 डिग्री सेल्सियस रहा जो 13 साल में सबसे कम है। आंकड़ों के अनुसार, इसी अवधि के दौरान राष्ट्रीय राजधानी में औसत न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो 13 वर्षों में दूसरा सबसे कम तापमान है। वहीं बात अगर वायु प्रदूषण की करें तो बुधवार को दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह आठ बजे 370 दर्ज किया गया जो बहुत खराब श्रेणी में आता है।

### केजरीवाल को जारी ईडी के पांचवें समन का कानूनी टीम कर रही अध्ययन, कानून के तहत लेंगे फैसला : आप

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अब पांचवां समन जारी किया है। इस घटनाक्रम पर उनकी आम आदमी पार्टी (आप) ने बुधवार को प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कानूनी टीम नोटिस का अध्ययन कर रही है और कानून के मुताबिक फैसला लेगी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े कथित धनशोधन के मामले में ईडी ने केजरीवाल को पूछताछ के लिए पांचवी बार समन जारी किया है। माना जा रहा है कि केंद्रीय एजेंसी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री को पूछताछ के लिए दो फरवरी को अपने कार्यालय में बुलाया है। आप की मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि हमें पांचवें समन के बारे में खबर मिली है। हमारी कानूनी टीम इसका अध्ययन कर रही है और हम तय करेंगे कि कानून के अनुसार क्या करना है। पहले के समन अवैध थे और हमने प्रवर्तन निदेशालय से जवाब मांगा था। आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल 2023 में दो नवंबर और 21 दिसंबर और 2024 में तीन जनवरी और 18 जनवरी को पूछताछ के लिए ईडी द्वारा पूर्व में जारी चार समन पर पेश नहीं हुए थे।

### 5वां समन जारी होने के बाद केजरीवाल सोच रहें होंगे नया बहाना : सचदेवा

नई दिल्ली। जिस तरह से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ईडी के समन से छिपते भाग रहे हैं, उसे देखते हुए एक बार हम फिर यही उम्मीद कर रहे हैं कि ईडी द्वारा 5वें समन जारी होने के बाद केजरीवाल समन से बचने के लिए एक और नया बहाना सोच रहे होंगे। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने बुधवार को यह बयान जारी कर कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री खुद एक संवैधानिक पद पर बैठे हुए हैं और पिछले चार समन में नए-नए बहाने बनाकर बचने की कोशिश कर उन्होंने संविधान का भी मजाक बनाया है। सचदेवा ने कहा कि सीएम केजरीवाल को कानूनी प्रक्रिया से भागना नहीं चाहिए बल्कि उन्हें भी अपने कुछ अन्य इंडी साथियों की तरह ईडी के सामने उपस्थित होना चाहिए और ईडी का सामना कर जांच में सहयोग देना चाहिए। सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल की स्थिति ईडी नोटिस से छिपते छिपाते भाग रहे किसी आर्थिक भगौड़े जैसी हो गई है।

### केजरीवाल हों ईडी की जांच में शामिल : बिधूड़ी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बुधवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को फिर सलाह दी है कि वह कानून का सम्मान करें और ईडी द्वारा शराब घोटाले की जो जांच की जा रही है, उसमें शामिल हों। बिधूड़ी ने कहा कि इस तरह कानून से भागने पर आप सवालों से बच नहीं सकते। बिधूड़ी ने ईडी द्वारा केजरीवाल को पांचवीं बार पूछताछ के लिए जारी समन पर कहा है कि मुख्यमंत्री एक संवैधानिक पद है और इस पद पर बैठे व्यक्ति को कानून का सम्मान करना चाहिए। केजरीवाल अब तक चार बार अलग-अलग बहाने बनाकर जांच से बचते रहे हैं लेकिन इस तरह का बचकाना व्यवहार अधिक लंबा नहीं चल सकता। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दस बार जांच के समन से बचते रहे लेकिन आखिर में उन्हें जांच में शामिल होना ही पड़ा। बिधूड़ी ने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदया और सांसद संजय सिंह को शराब घोटाले में पहले ही पकड़ा जा चुका है और अदालतों में उनकी जमानत भी नहीं हो रही जिसका मतलब साफ है कि भ्रष्टाचार के आरोप पूरी तरह से स्पष्ट हैं।

### लाइफ चेंजर साबित होंगे डीयू के 'सेंटर फॉर इनोवेटिव स्किल्स-बेस्ड कोर्सेस': प्रो. योगेश

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) द्वारा लांच किए गए 'सेंटर फॉर इनोवेटिव स्किल्स-बेस्ड कोर्सेस (सीआईएसबीसी)' लाइफ चेंजर साबित होंगें। डीयू के कन्वेंशन हाल में बुधवार को आयोजित एक कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि संबोधित करते हुए डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने उक्त संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि आधुनिक समय की मांग के अनुसार कौशल आधारित शिक्षा के लिए इन कोर्सेस की शुरुआत बुधवार, 31 जनवरी को की गई है। इसके तहत फिलहाल 21 कोर्स शुरू किए जाएंगे। डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सेवा और निर्माण क्षेत्र में अधिक प्रगति की जरूरत है। इस अवसर पर उक्त पाठ्यक्रमों की सूचना पुस्तिका भी जारी की गई। वहीं, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस के जेम्स डिंगले ने कहा कि भारत जैसे देश में जहां अंग्रेजी दूसरी भाषा के तौर पर संपर्क भाषा हो, वहां इंग्लिश प्रोफिसिएंसी कोर्स बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने डीयू के साथ मिलकर यह कोर्स तैयार करने पर खुशी जताते हुए कहा कि यह उनके लिए सौभाग्य की बात है। उनके साथ ही विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस के टी.के. अरुणाचलण ने कहा कि यह कोर्स तैयार करना हमारे लिए किसी चुनौती से कम नहीं था। कार्यक्रम के आरंभ में एसओएल की निदेशक प्रो. पायल मग्गो ने अतिथियों का स्वागत किया और सीआईएसबीसी के बारे में विस्तार से जानकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में एसओएल के प्रिंसिपल प्रो. अजय जायसवाल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो. बलराम पाणी, दक्षिणी परिसर के निदेशक प्रो. श्री प्रकाश सिंह और रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता सहित अनेकों गणमान्य व्यक्ति एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### एनडीएमसी पार्किंग शुल्क वृद्धि 30 अप्रैल 2024 तक रहेगी जारी

**नई दिल्ली।** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) द्वारा ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी -दो) यानी बहुत खराब वायु गुणवत्ता के लिए जारी वैधानिक निर्देशों के अनुसार, वायु गुणवत्ता में और गिरावट को रोकने के लिए कुछ कदम उठाए जाने की परिकल्पना की गई है। इनमें से एक कार्रवाई पार्किंग शुल्क बढ़ाने को लेकर है। इसके अनुसरण में, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने बढ़ी हुई पार्किंग फीस को 30 अप्रैल 2024 तक बढ़ाने का फैसला किया है। एनडीएमसी ने सीएक्यूएम के आदेश के आधार पर यह निर्णय लिया है। एनडीएमसी प्रशासन ने बताया कि इससे संबंधित आदेश द्वारा की गई पार्किंग शुल्क की वृद्धि को 30 अप्रैल, 2024 तक या सीएक्यूएम आदेश को वापस लेने तक, जो भी पहले हो, तक बढ़ा दिया गया है।

## अब खुद महसूस करें कैसे चलती है मेट्रो रेल, शिवाजी स्टेडियम मेट्रो स्टेशन पर खास संग्रहालय शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आपने कभी न कभी मेट्रो रेल में यात्रा जरूर की होगा, जाहिर है कई बार मन में प्रश्न भी उठा होगा कि आखिर मेट्रो चलती कैसे है, सुरंग में प्रवेश करती है तो कैसा रोमांच होता होगा, युवा सोचते होंगे कि मैं भी मेट्रो चलाउंगा आदि आदि। तो अब आपको बहुत कुछ नहीं करना है केवल दिल्ली के शिवाजी स्टेडियम मेट्रो स्टेशन आना है और बस खुद अपने हाथों से मेट्रो चलाने का अनुभव प्राप्त करिए। जी हां यह कोई सपना नहीं है बल्कि बिल्कुल सच हो गया है। हम बताते है कि यह कैसे संभव होगा कि आप मेट्रो चलाने का अनुभव पा सके। दरअसल दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के प्रबंध निदेशक




डॉ. विकास कुमार ने बुधवार 31 जनवरी 2024 को शिवाजी मेट्रो स्टेशन पर एक विशेष म्यूजियम (संग्रहालय) जनता को समर्पित किया।

इस खास संग्रहालय में डीएमआरसी ने आधुनिक तकनीकों का भरपूर प्रयोग करते हुए यात्रियों के लिए कई तैयारियां की है। डीएमआरसी ने इस खास संग्रहालय में एक सिम्युलेटर स्थापित किया गया है, जहां यात्री मेट्रो ट्रेन परिचालन का अनुभव ले सकते हैं। यह सिम्युलेटर आपको पूरा मेट्रो परिचालन का आनंद देगा। यात्री ऐसा महसूस करेगे जैसे वो खुद ही मेट्रो रेल चला रहे है। इसके अलावा यह खास संग्रहालय यात्रियों के लिए अनेक ज्ञानवर्धक जानकारियों से भरपूर होगा। उद्घाटन अवसर पर एमडी डॉ. विकास कुमार के अलावा डीएमआरसी की प्रथम महिला डॉ. शालिनी सिंह व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थिति थे।

इस बारे में डीएमआरसी कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इस मेट्रो संग्रहालय में रोमांचक मॉडल्स, टच स्क्रीन कियोस्क में मुख्य आकर्षणों में एक इंटरेक्टिव डिस्प्ले है जो बीते वर्षों और ऐतिहासिक तस्वीरों के माध्यम से दिल्ली मेट्रो की अब तक की यात्रा को पूर्ण रूप से दिखाएगा। इसके माध्यम से आगंतुक विगत वर्षों में दिल्ली मेट्रो के अविश्वसनीय विकास और तकनीकी प्रगति को देखने के लिए आसानी से नेविगेट कर सकेंगे। वहीं मेट्रो परिचालन का अनुभव देने वाला एक सिम्युलेटर भी स्थापित किया है, जहां यात्री मेट्रो ट्रेन परिचालन का अनुभव ले सकते हैं। इसके अलावा पर्यटन मानचित्र एक अन्य इंटरेक्टिव डिस्प्ले है, जो दिल्ली आने वाले पर्यटकों के लिए एक प्रकार से गाईड की भांति जानकारी देने वाला साबित होगा। जिसमें ऐतिहासिक स्थलों सहित दिल्ली के तमाम लोकप्रिय पर्यटन स्थलों की जानकारी होगी, जिससे भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों प्रकार के यात्रियों के लिए लाभदायक साबित होगा।

## हमारे किसान आत्मनिर्भर और सशक्त बनें : मुंडा

# केंद्रीय कृषि मंत्री ने किया पूसा में कन्या छात्रावास व चयन भवन का लोकार्पण





हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), पूसा, दिल्ली में कन्या छात्रावास 'फाल्गुनी' व कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल (एएसआरबी) के 'चयन भवन' का लोकार्पण किया। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी, डेयर के सचिव एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक, एएसआरबी के चेयरमैन डॉ. संजय कुमार, आईएआईआर के निदेशक डॉ. ए.के. सिंह भी उपस्थित थे। समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार, कृषि क्षेत्र एवं कृषकों के विकास के लिए संकल्पबद्ध है और राज्य सरकारों के माध्यम से भी कृषि व सम्बद्ध क्षेत्रों तथा किसान हित में योजनाबद्ध ढंग से कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी चाहते हैं कि हमारे किसान आत्मनिर्भर व सशक्त बनें और इतने सामर्थ्यवान हो कि देश के साथ ही दुनिया के बाजारों में भी पूर्ति कर सकें। इसके लिए एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के साथ ही विभिन्न योजनओं-कार्यक्रमों के माध्यम से काम किया जा रहा है। प्रधानमंत्री चाहते हैं कि हमारे किसान कहीं भी पीछे नहीं रहना चाहिए, इसके लिए खेती को आधुनिक प्रौद्योगिकियों से भी जोड़ा जा रहा है।

### सम्मेलन को लेकर लवली ने बुलाई बैठक

नई दिल्ली। आगामी तीन फरवरी को गीता कॉलोनी में प्रस्तावित कांग्रेस न्याय संकल्प कार्यकर्ता सम्मेलन का नाम अब बदलकर न्याय संकल्प सम्मेलन कर दिया गया है। बुधवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने सम्मेलन को लेकर एक प्रेसवार्ता आयोजित की। पत्रकारों को संबोधित करते हुए लवली ने कहा कि अब 3 फरवरी को पूर्वी दिल्ली के गीता कालोनी स्थित रामलीला मैदान में कांग्रेस न्याय संकल्प कार्यकर्ता सम्मेलन करेगी, जिसमें हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि सम्मेलन की तैयारियों के सिलसिले में प्रदेश कांग्रेस ने व्यापक स्तर पर सातों संसदीय क्षेत्रों में दनादन बैठकें की है। दिल्ली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोश है, जो आने वाले लोकसभा चुनावों में भाजपा सरकार को उखाड़ देगा। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की अभूतपूर्व सफलता से गदगद कांग्रेस ने न्याय संकल्प सम्मेलन करने का निर्णय किया है, जिसकी शुरुआत पूर्वी दिल्ली स्थित गीता कालोनी के 3 फरवरी के सम्मेलन से होने जा रही है। दिल्ली के सातों संसदीय क्षेत्रों में बूथ स्तर पर कांग्रेस का संगठन मजबूती से लोकसभा चुनाव के लिए तैयार है। लवली ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस सम्मेलन को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, संगठन महासचिव केसी वेनुगोपाल, गठबंधन समन्वय समिति के संयोजक मुकुल वासनिक, दिल्ली के प्रभारी महासचिव दीपक बाबरिया सहित सभी अन्य नेता संबोधित करेंगे।

## एक-एक कर लोग छोड़ रहे हैं अपनी पार्टियों का साथ : भाजपा




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में एक ऐसी सरकार है जिससे अपने ही लोग त्रस्त हैं और एक-एक कर लोग उनका साथ छोड़ रहे हैं। विधानसभा में नेता विपक्ष व दिल्ली भाजपा में अन्य दलों से प्रवेश समिति के संयोजक रामवीर सिंह बिधूड़ी ने दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा और प्रवेश समिति की सह संयोजक आरती मेहरा एवं निगम पार्षद धर्मवीर शर्मा की उपस्थिति में बुधवार को आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, शिवसेना कार्यकर्ताओं के साथ रोहिणी के जैन समाज से जुड़े सदस्यों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के मौके पर उक्त संबोधन दिया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि एक तरफ अरविंद केजरीवाल एक ऐसी सरकार चला रहे हैं जो पूरी तरह से भ्रष्ट हैं और उनकी भ्रष्टाचार के कारण ही आज उनके दो-दो मंत्री जेल के अंदर हैं। उन्होंने कहा कि दूसरी तरफ देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ पूरे देश को मिल रहा है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष राम सिया सरण एवं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष कर्म सिंह कर्मा भी मौजूद थे। वहीं, आरती मेहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर दिल्ली में भाजपा का परिवार दिन प्रतिदिन बड़ा होता जा रहा है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की गलत और झूठ के कारण लोगों का विश्वास केजरीवाल सरकार के ऊपर से पूरी तरह से उठ चुका है।



## डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# सिंप्टंप्स दिखने पर ना करें कैंसर टेस्ट कराने में देरी




**मेरी उम्र 51 वर्ष है। मेरी फैमिली में कैंसर की हिस्ट्री रही है। मुझे यह बीमारी ना हो, इसके लिए मुझे क्या सावधानियां बरतनी चाहिए?**

**-शशिकांत, बिलासपुर**

इस तरह की बीमारी आनुवांशिक नहीं होती है कि परिवार में किसी को हुई है तो दूसरे को होगी ही। इसके बावजूद आप खान-पान पर ध्यान दें। कैंसर संबंधित कुछ सामान्य जांच होती हैं, इन्हें करवा सकते हैं। किसी भी प्रकार के कैंसर जैसे लक्षण दिखने पर जांच कराने में लापरवाही ना बरतें।

**मेरी उम्र 59 वर्ष है। सर्दी के मौसम में मेरी नाक से पानी निकलता रहता है। इससे बहुत परेशानी महसूस होती है, कृपया मेरी समस्या का समाधान बताएं?**

**-राजकुमार, रायपुर**

अधिक सर्दी होने से इस तरह की परेशानी काफी लोगों को होती है। इसके लिए आपको सर्दी से बचना होगा। साथ ही अपना खान-पान ऐसा करना होगा, जिससे कम तापमान में भी बॉडी बैलेंस कर सके। इसके लिए अपनी डाइट में गर्म तासीर वाले फूड्स अधिक मात्रा में लें।

**मेरी उम्र 43 वर्ष है। कुछ दिनों से मुझे बार-बार यूरीनेशन के लिए जाना पड़ता है। खान-पान और लाइफस्टाइल में कोई बदलाव नहीं किया है। ऐसा क्यों हो रहा है और मुझे क्या करना चाहिए?**

**-प्रकाश, रोहतक**

जिस तरह की समस्या आप बता रहे हैं, वह गर्मी के मुकाबले सर्दियों में काफी लोगों को होती है। आप इस बात पर गौर करें कि क्या आपको ऐसी समस्या हर बार सर्दियों में होती है? क्योंकि गर्मियों में शरीर से पसीना निकलता है, लेकिन सर्दियों में पसीना नहीं निकलता। इन दिनों कम पानी पीने के बाद भी यूरिनेशन बार-बार जाना आम है। इसके बाद भी कोई संदेह है तो आप जरूर एक बार यूरोलॉजिस्ट से संपर्क करें।

**मेरी उम्र 34 वर्ष है। कुछ दिनों से मुझे भूख नहीं लगती, थकान होती है, मुंह पर सूजन हो रही हैं। ये किस बीमारी के लक्षण हो सकते हैं, मुझे किस डॉक्टर को दिखाना चाहिए, कृपया बताएं?**

**-कुलदीप, भोपाल**

जैसा आप बता रहे हैं कि भूख नहीं लगती और थकान भी लग रही है, तो यह कई बीमारी की वजह से हो सकता है, मसलन शरीर में खून की कमी या टीबी होने पर भी ऐसे ही कुछ लक्षण दिखते हैं। बेहतर होगा कि आप किसी जनरल फिजिशियन संपर्क करें। डॉक्टर कुछ टेस्ट करवाएंगे, जिससे पता चलेगा कि कोई बीमारी है या नहीं? कोई बीमारी पता चली तो उसके बाद ही ट्रीटमेंट शुरू हो पाएगा।

**मेरी उम्र 27 वर्ष है। मैं यह जानना चाहता हूं कि सर्दियों में किन फलों का ज्यादा सेवन करना चाहिए और किसे अवॉयड करना चाहिए, कृपया बताएं?**

**-रचित,जबलपुर**

सर्दी के मौसम में आपको कफ कोल्ड ज्यादा होता है तो खट्टे फल खाने से बचें। अगर ऐसी समस्या नहीं होती है तो इस मौसम में संतरा, कीनू खाने चाहिए। इसके साथ ही अमरूद, पपीता और अनार भी खाए जा सकते हैं। केला खाने से जरूर बचना चाहिए इससे कफ कोल्ड हो सकता है।

**मेरी उम्र 61 वर्ष है। सर्दी से बचाव के लिए हीटर का यूज करना चाहता हूं लेकिन मुझे अस्थमा है। कुछ देर में ही घुटन महसूस होने लगती है। मुझे क्या करना चाहिए?**

**-जितेंद्र, दिल्ली**

आप बता रहे हैं कि आपको अस्थमा है, इसलिए आपको थोड़ी सावधानी बरतनी चाहिए। बाजार में ऑयल वाले हीटर भी उपलब्ध हैं, इनका इस्तेमाल कर सकते हैं। सीधा हीटर के संपर्क ना आएं। हीटर को कमरे के दूसरे कोने में रखें और आप दूर बैठें। इससे आपको कम परेशानी होगी। *

**प्रस्तुति : रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

## डॉक्टर्स एडवाइस

## स्पेशल: वर्ल्ड कैंसर-डे, 4 फरवरी

वैसे तो कैंसर होने की कई वजहें हो सकती है। लेकिन गलत फूड हैबिट्स और लाइफस्टाइल संबंधी लापरवाही से कैंसर का रिस्क अब हर उम्र के लोगों में बढ़ने लगा है। वे कौन सी हैबिट्स है, जिनसे कैंसर रिस्क बढ़ता है और इससे बचने के लिए आपको किन बातों पर ध्यान देना चाहिए, यहां डिटेल में बता रहे हैं कुछ कैंसर स्पेशलिस्ट्स।

# बैड हैबिट्स और लापरवाही से बढ़ सकता है कैंसर का रिस्क







आज के बदलते दौर में हर चीज एडवांस, इफेक्टिव और ईजी टू यूज होती जा रही है, चाहे वो घरों में इस्तेमाल होने वाली प्लास्टिक के बोतल में पानी हो, मेयोनीज हो, टी बैग हो, ब्यूटी प्रोडक्ट्स हों या युवाओं में धूम्रपान को लेकर नए प्रयोग हों। लेकिन ऐसे कई बदलाव कैंसर के खतरे को बढ़ा रहे हैं। जानिए आज के बदलते दौर में किन कारणों से कैंसर होने की संभावना अधिक हो रही है।

### फूड आइटम्स-ईटिंग हैबिट्स

घरों में इस्तेमाल होने वाली किस तरह की चीजें, कैंसर के खतरे को बढ़ा रही हैं, इस बारे में पूछने पर एक्शन कैंसर हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-मेडिकल ऑन्कोलॉजी- **डॉ. जे.बी. शर्मा** बताते हैं, 'घरों में इस्तेमाल होने वाली ऐसे कई चीजें हैं, जिनसे कैंसर के खतरे की संभावनाएं बढ़ रही हैं, जैसे- प्लास्टिक की बोतल में रखा पानी पीना खतरनाक हो सकता है क्योंकि इसमें माइक्रो प्लास्टिक पाए जाते हैं। इस तरह कुछ लोग आजकल प्लास्टिक की थैली में पैक गर्म चाय लेकर पीते हैं, जबकि इसमें भी माइक्रो प्लास्टिक होता है, जिसकी आपके शरीर में जाने की संभावना होती है। वहीं, आजकल टी बैग के इस्तेमाल के कारण भी कैंसर होने की संभावना बनी रहती है। दरअसल, इसमें एपिक्लोरो हाइड्रिन नामक एक रसायन होता है, जो गर्म पानी में घुल जाता है और कैंसर का कारण बन सकता है। इसके अलावा आजकल की टेक्नोलॉजी में जहां आपके लिए चीजें आसान हो गई हैं, वहीं खतरे भी बढ़ गए हैं, जैसे- यदि आप ओवन में खाना गर्म करके खाते हैं, तो प्लास्टिक के बर्तनों आदि का इस्तेमाल ना करें, क्योंकि प्लास्टिक को गर्म करने पर इसमें से एंडोक्रिन डिस्ट्रक्टिंग नामक खतरनाक केमिकल निकलता है, जो खाने के साथ घुलकर शरीर में चला जाता है और कैंसर की आशंका को बढ़ाता है। इसके अलावा लोग घरों में खाना नॉनस्टिक बर्तन में पकाते हैं। अगर उसमें खाना जल जाए तो कभी ना खाएं, क्योंकि इसमें एक्रिलामाइड नामक केमिकल बनने लगता है, जो कैंसर का कारण बनता है। वहीं, मोमोज जैसे खाने पीने की चीजों में इस्तेमाल होने वाला वाइट कलर का मेयोनीज आजकल खूब पसंद किया जा रहा है, मगर इसमें मौजूद फूड एडिटिव्स की वजह से आपको कोलोरेक्टल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी होने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। साथ ही पिज्जा, बर्गर, हॉट डॉग, कार्बोनेटेड ड्रिंक्स, प्रोसेस्ड मीट, सॉसेज, पैकेज्ड फूड्स, रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट और अधिक मीठे खाद्य पदार्थों के सेवन से आपको कैंसर होने का ज्यादा खतरा होता है।'



### ब्यूटी प्रोडक्ट्स का यूज

महिलाओं और पुरुषों के द्वारा यूज किए जाने वाले कई लो क्वालिटी के ब्यूटी प्रोडक्ट्स कैंसर से संबंधित खतरा उत्पन्न कर सकते हैं। इस बारे में धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-मेडिकल ऑन्कोलॉजी- **डॉ. राजित चानना** बताते हैं, 'आजकल बालों को सिल्की करने के लिए कई प्रकार के केमिकल युक्त उत्पादों का प्रयोग किया जाता है, जिसमें फॉर्मेल्डिहाइड और फॉर्मेल्डिहाइड-रिलीजिंग रसायन होते हैं। हालांकि इनपर एफडीए का प्रतिबंध लगा हुआ है। लेकिन इस प्रकार के लो क्वालिटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल कैंसर के खतरे को बढ़ा सकता है। बालों को सीधा करने वाले इस प्रकार के कुछ उत्पादों के प्रयोग से अल्पकालीन और दीर्घकालीन गंभीर समस्याएं होने की संभावना बनी रहती है। फॉर्मेल्डिहाइड धुएं के संपर्क में आने से आंख, नाक और गले में जलन हो सकती है। साथ ही श्वसन समस्याएं भी हो सकती है। आगे चलकर कैंसर का भी जोखिम बढ़ जाता है। इसको लेकर 2022 के राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान द्वारा अध्ययन से भी कई संकेत मिलते हैं, जिनमें इन रसायनों के धुएं से महिलाओं में गर्भाशय कैंसर की अधिक संभावना को बताया गया है। इसलिए रोजमर्रा के उत्पादों में कार्सिनोजेनिक एजेंटों को पहचान कर उनका प्रयोग ना करना अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसी से आप संभावित कैंसर की समस्याओं से बच सकते हैं। इसी के साथ यह भी जरूरी है कि आप सुरक्षित हेयर प्रोडक्ट्स की पहचान करके उन्हीं का प्रयोग करें।'

### न्यू स्मोकिंग हैबिट्स



यंगस्टर्स में स्मोकिंग और इसके अलग-अलग तरह के नए शौक से कैंसर का खतरा भी बढ़ रहा है, इस बारे में पूछने पर नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम में सीनियर कंसल्टेंट एंड डायरेक्टर-मेडिकल ऑन्कोलॉजी- **डॉ. रणदीप सिंह** बताते हैं, 'स्मोकिंग और शराब का सेवन कैंसर कारक तो है ही। इसके साथ-साथ आजकल सिगरेट की लत छुड़ाने के लिए मार्केट में आई ई-सिगरेट, जो युवा वर्ग में काफी लोकप्रिय हो रही है, भी कैंसर के खतरे को तेजी से बढ़ा रही है। इसमें प्रयोग होने वाले केमिकल काफी खतरनाक होते हैं, जैसे- निकोटिन, फॉर्मेल्डिहाइड, टिन, निकिल, कॉपर, लेड, क्रोमियम, आर्सेनिक और डाई एसेटाइल मेटल जैसे पदार्थ क्वाइल में मिले होते हैं। दरअसल, ई-सिगरेट के वेपर को गर्म करने के लिए क्वाइल का इस्तेमाल होता है और इनसे लंग्स कैंसर का खतरा तेजी से बढ़ा है। साथ ही युवा वर्ग में फ्लेवर्ड हुक्का पीने का भी चलन तेजी से बढ़ा है, जिसमें कई खतरनाक केमिकल मिलकर फ्लेवर बनाए जाते हैं। याद रखें कि चाहे ई सिगरेट हो या फिर फ्लेवर्ड हुक्का, दोनों में खतरनाक केमिकल डाई एसिटाइल मिला होता है, जो आपकी सेहत के लिए घातक है। इनमें कुछ अन्य प्रकार के हानिकारक केमिकल भी हैं, जैसे-कार्बन मोनोऑक्साइड, कैडमियम, अमोनिया, रेडॉन (खतरनाक न्यूक्लियर गैस), मिथेन, चारकोल, एसिटोन आदि। ये केमिकल्स कैंसर के खतरे को बढ़ाते हैं।'

यहां बताई गई बातों से साबित होता है कि कैंसर से बचाव के लिए आपको अपनी डेली लाइफस्टाइल और फूड हैबिट्स पर ध्यान देना होगा। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

### भविष्य में बढ़ सकते हैं कैंसर के मामले

**वर्ल्ड कैंसर** रिसर्च फंड इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट के अनुसार साल 2020 में दुनिया भर में 18.1 मिलियन कैंसर के मामले थे। इनमें से 9.3 मिलियन मामले पुरुषों में और 8.8 मिलियन महिलाएं थीं। वहीं, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ की रिपोर्ट के अनुसार साल 2020 की तुलना में 2025 में कैंसर के मामलों में 12.8 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। *

## अवेयरनेस

न्यूट्रीशन से जुड़े बहुत से ऐसे मिथ प्रचलित हैं, जिनका सच्चाई से कोई लेना-देना नहीं होता है। इसलिए ऐसे मिथ्स और उनके फैक्ट के बारे में जरूर पता होना चाहिए।

# न्यूट्रीशन से जुड़े मिथ-फैक्ट कितने सच-कितने झूठ

**शिखर चंद जैन**







आधी-अधूरी जानकारी के कारण आम लोगों में न्यूट्रीशन से जुड़े कई भ्रम फैले हुए हैं। दुनिया भर के हेल्थ एक्सपर्ट्स शोध और अध्ययनों के माध्यम से कई भ्रमों को दूर करते हुए उनकी वास्तविकता बताते रहते हैं।

**प्लांट प्रोटीन संपूर्ण नहीं :** अकसर शाकाहारियों को भ्रम होता है कि प्लांट बेस्ड फूड से शरीर के लिए जरूरी प्रोटीन की आपूर्ति नहीं हो पाती। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के न्यूट्रीशन साइंटिस्ट और मेडिकल मेडिसिन प्रोफेसर क्रिस्टोफर गार्डनर के अनुसार, 'यह एक मिथ है कि प्लांट्स में कुछ अमीनो एसिड होते ही नहीं। सच यह है कि सभी प्लांट बेस्ड फूड्स में सभी 20 प्रकार के अमीनो एसिड होते हैं। हां, इतना सा फर्क जरूर होता है कि एनिमल बेस्ड फूड की तरह इनमें अमीनो अम्लों का अनुपात आइडियल नहीं होता।'

**सोया फूड से ब्रेस्ट कैंसर का रिस्क:** सोया में प्लांट एस्ट्रोजेंस की हाई डोज होती है, जिसका नाम आइसोफ्लेवोंस है। जानवरों पर किए गए अध्ययन में पाया गया है कि इनके कारण उनमें ब्रेस्ट ट्यूमर सेल स्टिम्युलेट होती हैं। हार्वर्डटी एच चान स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ में न्यूट्रीशन डिपार्टमेंट के प्रमुख फ्रैंक बी हू बताते हैं, 'मनुष्यों पर किए गए अध्ययन में ऐसा कुछ नहीं पाया गया। इसकी बजाय यह जरूर पाया गया है कि सोया बेस्ड फूड और ड्रिंक, ब्रेस्ट कैंसर के रिस्क से सुरक्षा देते हैं और इन बीमारी के प्रति लाभकारी होते हैं। सोया फूड्स लाभकारी पोषक तत्वों के पावर हाउस होते हैं, हार्ट डिजीज का जोखिम भी कम करते हैं। इनमें उच्च गुणवत्ता वाले प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और मिनरल्स होते हैं।'

**बच्चों को मूंगफली ना खिलाएं:** बरसों से माता-पिता को सलाह दी जाती रही है कि बच्चों को कम उम्र में मूंगफली ना खिलाएं। लेकिन एलर्जी एक्सपर्ट्स के मुताबिक अगर बच्चों को कोई फूड एलर्जी, एक्जिमा आदि नहीं है तो मूंगफली खिला सकते हैं। शुरुआत पीनट बटर, पीनट पफ आदि से की जा सकती है। छोटे बच्चों को पानी एब्रेस्ट मिल्क या फॉर्मूला मिल्क में पीनट बटर मिलाकर हफ्ते में एक-दो बार दे सकते हैं। नॉर्थ वेस्टर्न यूनिवर्सिटी में सेंटर फॉर फूड एलर्जी एंड अस्थमा रिसर्च की निदेशक रुचि गुप्ता कहती हैं, 'बच्चे को एक्जिमा या कोई अन्य समस्या है तो चिकित्सक की सलाह लें। बच्चों को पहले साल में डायवर्स डाइट देकर फूड एलर्जी से बचाया जा सकता है।'

**डेयरी मिल्क से अच्छा प्लांट मिल्क:** अरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी की सस्टेनेबल फूड सिस्टम की प्रोफेसर कैथरीन मेरीगन कहती हैं, 'गाय के दूध के एक कप में 8 ग्राम प्रोटीन होता है, जबकि आलमंड मिल्क में मात्र एक-दो ग्राम और ओट मिल्क में मात्र दो-तीन ग्राम ही प्रोटीन होता है। इतना ही नहीं रेडीमेड प्लांट मिल्क में कई चीज ऐसी मिलाई जाती हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद नहीं होती हैं।'

**आलू नुकसानदायक है:** आलू को कई लोग सेहत के लिए बुरा बताते हैं। इसकी वजह है इसका हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स यानी इसमें शीघ्र पाचन होने वाले कार्बोहाइड्रेट होते हैं, जो ब्लड शुगर लेवल बढ़ा सकते हैं। वैसे तो दुनिया की हर चीज किसी के लिए फायदेमंद और किसी के लिए नुकसानदायक हो सकती है। लेकिन आलू के सेवन से हेल्थ को कई लाभ भी मिलते हैं। यह कहना है जॉन हापकिंस यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञ और रिसर्चर डेफिन ऑल्टेमा जॉनसन का। वे आगे बताते हैं, 'आलू में विटामिन सी, पोटेशियम और फाइबर्स के साथ-साथ कई पोषक तत्व होते हैं। विशेष रूप से छिलका समेत इन्हें खाने से काफी लाभदायक होते हैं। हां, इन्हें तलने की बजाय भून कर, बेक करऔर उबालकर खाएं।' *

## प्रिकॉशन

# मेनीक्योर हो सकता है हार्मफुल





आज के दौर में महिलाएं ही नहीं, कई पुरुष भी अपने हाथों का सौंदर्य निखारने के लिए मेनीक्योर करवाने लगे हैं। लेकिन कुछ बातों पर ध्यान ना दिया जाए तो इससे काफी नुकसान भी हो सकता है। अमेरिका के न्यूयॉर्क स्थित माउंट सिनाई हॉस्पिटल के डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. हर्बर्ट पी. गुडहर्ट और कोलंबिया यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर के डॉ. हैंड्रिक उइटेंडेल ने मेनीक्योर से होने वाले नुकसान के बारे में बताया है।

मेनीक्योर के पहले चरण में क्यूटिकल्स हटाए जाते हैं। इसके लिए कभी-कभी ऐसे सॉफ्टनर का इस्तेमाल किया जाता है, जिसमें तेज बेस नेचर के केमिकल्स होते हैं। इससे स्किन की प्रोटेक्टिंग लेयर किरेटिन नष्ट हो जाती है। क्यूटिकल्स हटाने से अंगुली के उस हिस्से में जलन और आस-पास स्थित ऊतकों (टिश्यूज) में इंफेक्शन हो सकता है। कभी-कभी यह इंफेक्शन फैलकर नाखूनों की जड़ तक पहुंच जाता है और नाखून सदा के लिए खराब हो सकते हैं। फ्रेंच मेनीक्योर के तहत वुडन पिक का इस्तेमाल किया जाता है। इससे भी इंफेक्शन हो सकता है। कुछ कॉस्मेटिक्स में प्वाइजनस एलर्जीकारक तत्व पाए जाते हैं, जिनमें टॉल्यूइन, फैटालेट्स, कैंफर और फॉर्मेल्डिहाइड शामिल हैं। इन तत्वों से युक्त नेल पॉलिश लगे नाखूनों वाली अंगुली को स्पर्श करके कोई आंखों को छूता या खुजलाता है, तो आंखों के आस-पास की स्किन चर्मरोग से प्रभावित हो सकती है। कई बार आटा गूंधने, सब्जी काटने, खाने आदि के कारण ये टॉक्सिक पदार्थ खाद्य सामग्री के माध्यम से पेट तक भी पहुंच जाते हैं।

अकसर महिलाएं अपने लंबे नाखूनों को टूटने से बचाने के लिए फाइबरयुक्त 'नेल हार्डनर्स' का प्रयोग करती हैं। इनपर डिजाइंस या नेल आर्ट चिपकाने के लिए 'एक्रिलिक ग्लू' का इस्तेमाल करती हैं। चिपकाने वाले पदार्थ एक्रिलिक ग्लू और नेल हार्डनर से एलर्जी होने की संभावना के साथ-साथ नेचुरल नेल्स को नुकसान पहुंच सकता है। डॉ. गुडहर्ट और डॉ. हैंड्रिक के अनुसार नाखूनों को उनके कुदरती रूप में ही रहने देना चाहिए। *

**-अंजू जैन**





# इस बार ऑनलाइन पेश होगा बजट



**वित्त मंत्री सीतारमण आज पेश करेंगी मोदी सरकार 2.0 का अंतिम बजट**

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र का बुधवार को आगाज हो गया। राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ बजट सत्र की शुरुआत हो गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शुक्रवार को अंतरिम बजट पेश करेंगी। यह मोदी सरकार 2.0 का अंतिम बजट भी होगा। देशभर की नजर पेश होने वाले बजट पर रहेगी। लोकसभा चुनाव नजदीक होने के कारण नागरिकों को राहत मिलने की उम्मीद है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 112 के तहत हर वित्तीय वर्ष की शुरुआत से पहले सरकार संसद में केंद्रीय बजट पेश करती है। बजट किसी वित्तीय वर्ष में होने वाली सरकार की आमदनी और खर्चों से जुड़ा दस्तावेज है। यह वित्तीय वर्ष हर साल 1 अप्रैल से शुरू होकर अगले साल 31 मार्च को समाप्त होता है। इस साल आम चुनाव होने हैं इसलिए इस बार यह अंतरिम बजट होगा। इस बार सरकार जो बजट पेश करेगी वह सिर्फ नई सरकार के आने तक सरकारी खर्चों को पूरा करने के लिए होगा। आम चुनावों के बाद चुनी गई नई सरकार की ओर से जुलाई में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पूर्ण बजट पेश किया जाएगा। इस बार बजट प्रकाशित नहीं हो रहा है, बल्कि ऑनलाइन हो रहा है।

## ऐसा रहेगा शेड्यूल

- वित्त मंत्री सीतारमण 1 फरवरी को सुबह 8 बजकर 15 मिनट पर सबसे पहले अंतरिम बजट की तैयारी करने वाली अपनी पूरी टीम के साथ फोटो सेशन में हिस्सा लेंगी।
- इसके बाद वो 8 बजकर 45 मिनट पर राष्ट्रपति से बजट की मंजूरी लेंगी। सुबह 9 बजकर 15 मिनट पर वित्त मंत्री संसद पहुंचेंगी और 10 बजे कैबिनेट बैठक में इस बजट को मंजूरी दी जाएगी। सीतारमण 11 बजे बजट पेश करेंगी।

## वह सब जो आपको बजट के बारे में जानना जरूरी है

### क्या होता है बजट



एक वित्त वर्ष में सरकार कितनी कमाई करेगा और उसका कहां-कहां कितना खर्च होगा, इस बात की पूरी जानकारी मुहैया कराने को बजट कहा जाता है। बजट की घोषणा के दौरान ही सरकार तमाम योजनाओं की घोषणा भी करती है, क्योंकि योजनाओं को चलाने में भी सरकार का पैसा खर्च होता है। वहीं टैक्स समेत तमाम तरह की राहतों की घोषणा भी बजट में की जाती है, क्योंकि यह भी सरकार के खर्च जैसा ही है।

### कितने तरह के होते हैं बजट



बजट मुख्य रूप से तीन प्रकार के होते हैं। 'बैलेंस बजट' में सरकार की कमाई और खर्च बराबर होता है। 'सरप्लस बजट' में सरकार की कमाई खर्च से ज्यादा होती है। 'डेफिसिट बजट' में सरकार की कमाई खर्च से कम होती है।



**वित्त विधेयक :** बजट की घोषणाओं के बाद उसे लागू करने तक की प्रक्रिया भी काफी बड़ी होती है। यूनियन बजट को पेश करने के तुरंत बाद जो बिल पास किया जाता है, उसे वित्त विधेयक कहते हैं। वित्त विधेयक में सरकार अपनी आय के तमाम स्रोतों को दिखाती है।




**विनियोग विधेयक :** वित्त विधेयक के साथ-साथ सरकार बजट के दूसरे भाग को भी सदन के सामने रखती है, जिसे एप्रोपिएशन बिल यानी विनियोग विधेयक कहते हैं। इसमें सरकार अपने खर्चों की जानकारी सदन में रखती है।

### महंगाई दर



बजट के दौरान इन्फ्लेशन यानी महंगाई शब्द का बार-बार जिक्र किया जाता है। इन्फ्लेशन का मतलब महंगाई दर से है। इसे पर्सेंट में व्यक्त किया जाता है। महंगाई दर बढ़ने का आसान मतलब है कि करंसी की वैल्यू गिर रही है, जिससे खरीदने की क्षमता घट जाती है। खरीदने की क्षमता घटने का मतलब है कि मांग में कमी आ जाती है।



### 1. राजकोषीय नीति

सरकार किस तरह खर्च करेगी और टैक्स सिस्टम क्या होगा, यह उसका ब्लूप्रिंट होता है। सरकार फिस्कल पॉलिसी तैयार करती है और रिजर्व बैंक मॉनिटरी पॉलिसी तैयार करता है। इस पॉलिसी के तहत सरकार महंगाई दर, बेरोजगारी दर और मौद्रिक नीति को लेकर फैसला करती है। इकनॉमिक हेल्थ के लिए इसे बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है।

### 2. राजकोषीय घाटा

ये सरकार के खर्चे और कमाई के बीच का अंतर है। अगर खर्चे सरकार की कमाई से अधिक हो जाते हैं तो उसे फिस्कल डेफिसिट या राजकोषीय घाटा कहते हैं।

### 3. राजकोषीय मुनाफा

अगर सरकार की कमाई उसके खर्चों से अधिक हो जाती है तो उसे फिस्कल सरप्लस कहते हैं। हालांकि, ऐसी स्थिति नहीं आती है, बल्कि सरकार के सामने हमेशा यही चुनौती रहती है कि वह अपने फिस्कल डेफिसिट को कम कैसे रखे।

### 4. राजस्व घाटा

सरकार हर साल कमाई का लक्ष्य निर्धारित करती है। अगर कमाई उम्मीद से कम होती है तो इसे रेवेन्यू डेफिसिट कहते हैं। रेवेन्यू डेफिसिट का मतलब सरकार ने वित्त वर्ष के दौरान ज्यादा तेजी से खर्च किया। दूसरे शब्दों में सरकार ने जरूरी खर्च के लिए कम से कम कमाई नहीं की। विनिवेश यानी निजीकरण का फैसला रेवेन्यू डेफिसिट पर बहुत हद तक निर्भर करता है।

### प्राइमरी डेफिसिट

फिस्कल डेफिसिट में पूर्व में लिए गए कर्ज पर इंट्रेस्ट पेमेंट्स को घटाने पर प्राइमरी डेफिसिट आता है। फिस्कल डेफिसिट में सरकार की तरफ से लिया जाने वाला कर्ज और पुराने कर्ज पर चुकाया जाने वाला इंट्रेस्ट शामिल होता है। प्राइमरी डेफिसिट में पुराने कर्ज पर चुकाने वाले इंट्रेस्ट को नहीं जोड़ा जाता है। भारत में फिस्कल डेफिसिट का बड़ा हिस्सा पुराने कर्ज पर चुकाए जाने वाला इंट्रेस्ट होता है।

### करंट अकाउंट डेफिसिट

यह शब्द ट्रेड के लिहाज से बेहद अहम है। जब एक देश की तरफ से गुड्स और सर्विस की इंपोर्ट वैल्यू एक्सपोर्ट्स की तुलना में बढ़ जाती है तो उसे करंट अकाउंट डेफिसिट (चालू खाता घाटा) कहा जाता है। इसका असर देश के बैलेंस पेमेंट पर होता है। साथ ही करंट अकाउंट डेफिसिट बढ़ने से करंसी की वैल्यू घटती है। करंट अकाउंट डेफिसिट को जीडीपी के मुकाबले पर्सेंट में लिखा जाता है।

### विनिवेश

जब सरकार अपनी संपत्ति को बेचकर कमाई करती है तो इसे डिस-इन्वेस्टमेंट यानी विनिवेश कहते हैं। पिछले कुछ महीनों में सरकार तेजी से पीएसयू में अपनी हिस्सेदारी बेच रही है और पैसे जुटा रही है। सरकार तमाम कंपनियों में हिस्सेदारी उसका आईपीओ लाकर भी बेचती है। कुछ समय पहले ही सरकार आईआरसीटीसी का आईपीओ लाई थी और अब रेलवे की फाइनेंसिंग कंपनी आईआरएफसी का आईपीओ भी कंपनी ला रही है।

### ट्रेड डेफिसिट

ट्रेड डेफिसिट करंट अकाउंट डेफिसिट का बहुत बड़ा हिस्सा होता है। ट्रेड डेफिसिट बढ़ने का मतलब एक देश ज्यादा खरीद रहा है और कम बेच रहा है। जब निर्यात के मुकाबले आयात बढ़ता है तो इसे ट्रेड डेफिसिट कहते हैं।

### मौद्रिक नीति

मौद्रिक नीति ऐसी प्रक्रिया है, जिसकी मदद से रिजर्व बैंक अर्थव्यवस्था में पैसे की आपूर्ति को नियंत्रित करता है। मौद्रिक नीति से कई मकसद साधे जाते हैं। इनमें महंगाई पर अंकुश लगााय जाता है, कीमतों में स्थिरता लाई जाती है और टिकाऊ आर्थिक विकास दर का लक्ष्य हासिल करने की कोशिश की जाती है। रोजगार के अवसर तैयार करना भी इसके उद्देश्यों में से एक है। अर्थव्यवस्था में नकदी की आपूर्ति पर बैंकों के कैश रिजर्व रेशियो या ओपन मार्केट ऑपरेशन से सीधे असर डाला जा सकता है। रेपो रेट और रिवर्स रेपो रेट के जरिए कर्ज की लागत को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

### क्या होती है जीडीपी


बजट और अर्थव्यवस्था के लिहाज से जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) सबसे महत्वपूर्ण शब्द है। देश द्वारा एक वित्त वर्ष में कितने वैल्यू की गुड्स और सर्विस पैदा की गई उसे जीडीपी कहते हैं। खर्च के लिहाज से- कंज्यूमर द्वारा, बिजनस द्वारा और सरकार द्वारा जितनी रकम खर्च की गई है उसे जोड़ने पर जीडीपी निकलता है। भारत के जीडीपी में सर्विस सेक्टर का योगदान सबसे ज्यादा है।

### प्रत्यक्ष कर

किसी व्यक्ति या संस्थान की आय पर जो टैक्स लगते हैं, वो डायरेक्ट टैक्स (प्रत्यक्ष कर) की श्रेणी में आते हैं। इनमें इनकम टैक्स, कॉर्पोरेट टैक्स और इनहेरिटेंस टैक्स शामिल हैं।

### अप्रत्यक्ष कर

ऐसा टैक्स जिसे उपभोक्ता सीधे जमा नहीं कराते, लेकिन आपसे सामानों और सेवाओं के लिए इस टैक्स को वसूला जाता है। देश में तैयार, आयात व निर्यात किए गए सभी सामनों पर जो टैक्स लगते हैं उन्हें इनडायरेक्ट टैक्स (अप्रत्यक्ष कर) कहते हैं। इनमें सीमा शुल्क (कस्टम ड्यूटी) और उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) भी शामिल हैं। जीएसटी भी एक तरह का इनडायरेक्ट टैक्स ही है।



### राष्ट्रीय कर्ज

केंद्र सरकार के राजकोष में शामिल कुल कर्ज को राष्ट्रीय कर्ज कहते हैं। बजट घाटों को पूरा करने के लिए सरकार इस तरह के कर्ज लेती है।

### सरकारी कर्ज

यह वह धन है, जिसे सरकार सार्वजनिक सेवाओं पर होने वाले खर्च को फंड करने के लिए उधार लेती है। इसे ही गवर्नमेंट बॉरोइंग यानी सरकारी कर्ज कहा जाता है।

### ऑफ बजट बॉरोइंग

ये वो कर्ज होता है, जो सरकार खुद नहीं लेती, लेकिन इसे सरकार के निर्देश पर किसी सरकारी काम या प्रोजेक्ट के लिए ही लिया जाता है। उदाहरण के लिए सरकार का एक बड़ा खर्च होता है फूड सब्सिडी देना। 2020-21 में सरकार ने कुल बिल 1,51,000 करोड़ में से सिर्फ 77,892 करोड़ का ही बिल दिया। बाकी का बिल नेशनल स्मॉल सेविंग फंड के जरिए चुकाया गया। यहां नेशनल स्मॉल सेविंग फंड के जरिए ऑफ बजट बॉरोइंग (बजट के बाहर से कर्ज) की गई।

### महंगाई

कुछ समय के लिए जब किसी इकॉनमी में सामानों और सेवाओं की कीमतों का दाम बढ़ जाता है, तो उसे महंगाई कहते हैं। जब आम वस्तुओं के दाम बढ़ते हैं, तभी करंसी की हर यूनिट से कुछ सामान और सेवाएं खरीदी जाती हैं। भारत में अभी होलसेल प्राइस इंडेक्स (थोक मूल्य सूचकांका) और कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (उपभोक्ता मूल्य सूचकांका) के जरिए महंगाई को मापा जाता है।



### इनकम टैक्स

सैलरी, निवेश, ब्याज जैसे विभिन्न साधनों से होने वाली इनकम अलग-अलग स्लैब के तहत टैक्सेबल होती है। यानी इनकम पर जो टैक्स लिया जाता है, उसे इनकम टैक्स (आयकर) कहते हैं। इनकम टैक्स के तहत भी आपको कई तरह के टर्म सुनने को मिलते हैं।

### क्या होती है ग्रॉस इनकम

ग्रॉस सैलरी वह अमाउंट होता है, जो कंपनी की तरफ से आपको सैलरी के रूप में मिलता है। ग्रॉस सैलरी में बेसिक सैलरी, एचआरए (हाउस रेंट अलाउंस), ट्रैवल अलाउंस, महंगाई भत्ता या डीए, स्पेशल अलाउंस, अन्य अलाउंस, लीव इनकैशमेंट आदि शामिल होते हैं। ग्रॉस सैलरी को टेक होम सैलरी भी कहा जाता है। टैक्सेबल इनकम की गणना के लिए ग्रॉस इनकम पता होना बहुत जरूरी है, क्योंकि यही पहला स्टेप होता है। आपकी ग्रॉस इनकम कितनी है, ये आपकी कंपनी की तरफ से दिए गए फॉर्म-16 में लिखा होता है।

### क्या होती है नेट इनकम

जब आप आईटीआर फॉर्म भरेंगे तो वहां शुरू के कुछ प्वाइंट भरने के बाद ही आपके सामने नेट सैलरी का एक कॉलम होगा। इसे आपको भरना नहीं होता है, ये अपना आप भर जाता है, लेकिन सवाल ये है कि ये होता क्या है। दरअसल, आपकी ग्रॉस सैलरी में से जब लीव ट्रैवल अलाउंस, हाउस रेंट अलाउंस, अर्न्ड लीव इनकैशमेंट जैसे तमाम अलाउंस को घटा दिया जाता है, तो ये आपकी नेट सैलरी बन जाती है।

### क्या होती है टैक्सेबल इनकम

जब आपकी नेट सैलरी निकल आती है तो उसमें से आपकी सेविंग्स और डिडक्शन को घटाया जाता है। जैसे स्टैंडर्ड डिडक्शन 50 हजार रुपये का कम किया जाता है, आपकी तरफ से टैक्स बचाने के लिए 80सी के तहत किए गए निवेशों को घटाया जाता है, आपकी तरफ से दिए गए हेल्थ इंश्योरेंस और लाइफ इंश्योरेंस के प्रीमियम को घटाया जाता है, किसी तरह के मेडिकल खर्च को आप दिखाते हैं तो उसे भी घटाया जाता है। साथ ही इसमें किसी प्रॉपर्टी से हुई कमाई या फिर किसी अन्य सोर्स से हुई आमदनी को भी जोड़ा जाता है। ये सब होने के बाद सीधे-सीधे इनकम टैक्स में मिलने वाली छूट की रकम को घटाया जाता है। (मौजूदा समय में यह 2.5 लाख रुपये आम आदमी के लिए है)। इन सब के बाद जो इनकम बचती है, वह टैक्सेबल इनकम (कर योग्य आय) होती है, जिस पर आपको टैक्स चुकाना होता है।

## दस साल में 10वें से 5वें स्थान पर पहुंच गई है हमारी अर्थव्यवस्था : मुर्मू



**बजट सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति ने लोकसभा एवं राज्यसभा की संयुक्त बैठक को किया संबोधित**

**नई दिल्ली (भाषा)** । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि भारत पहले पांच सबसे नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में से था और आज यह दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। भारत दस साल पहले मौजूदा बाजार मूल्यों पर 1,900 अरब अमेरिकी डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। आज यह 3,700 अरब अमेरिकी डॉलर (अनुमानित 2023-24) के जीडीपी के साथ पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। मुर्मू ने बजट सत्र के पहले दिन लोकसभा एवं राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए कहा, '' भारत को पहले पांच सबसे नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में शामिल किया जाता था। आज हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं। दुनियाभर में गंभीर संकट के बीच भारत सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है।" उन्होंने कहा कि दुनियाभर में गंभीर संकट के बीच भारत सबसे तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था है और पिछली लगातार दो तिमाहियों में आर्थिक वृद्धि दर साढ़े सात प्रतिशत रही है। उल्लेखनीय है चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही है। वहीं जुलाई-सितंबर की दूसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था 7.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। मुर्मू ने कहा, '' बीते वर्षों में विश्व ने दो बड़े युद्ध देखे और कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी का सामना किया। ऐसे वैश्विक संकट के बावजूद मेरी सरकार ने देश में महंगाई को काबू में रखा, सामान्य भारतीय का बोझ नहीं बढ़ने दिया। उन्होंने कहा कि देश में पहले मुद्रास्फीति की दर दहाई अंक में रहा करती थी जो अब चार प्रतिशत है।

### आज विकसित देशों में भी भारत जैसी डिजिटल प्रणाली नहीं

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि डिजिटल भारत का निर्माण सरकार का एक बहुत बड़ा सुधार है और इसने देश में जीवन तथा कारोबार दोनों को बहुत सुगम बना दिया है। आज पूरी दुनिया मानती है कि यह भारत की बहुत बड़ी उपलब्धि है। विकसित देशों में भी भारत जैसी डिजिटल प्रणाली नहीं है। डिजिटल भारत की वजह से आज बैंकिंग कामकाज सुगम हुआ है। जनधन आधार मोबाइल (जेएएम) की त्रिशक्ति से भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने में मदद मिली है।

### अभिभाषण की खास बातें

- आयकर दाखिल करने वालों की संख्या सवा तीन करोड़ से बढ़कर सवा आठ करोड़ हुई
- भारत नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता के लिहाज से दुनिया में चौथे स्थान पर
- गहरे समुद्र में खनिजों की संभावना तलाशने की जरूरत
- भारत रेलवे के शत-प्रतिशत विद्युतीकरण के बहुत करीब है
- परीक्षा में गड़बड़ी को रोकने के लिए कानून लाएगी सरकार
- आतंकवाद और विस्तारवाद को 'जैसे को तैसा' की नीति के साथ जवाब दे रही हैं हमारी सेनाएं
- सरकार ने 'मिशन मोड' में करोड़ों युवाओं को नौकरी दी है
- भारत बड़ी खेल शक्ति बनने की ओर अग्रसर

### भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि दुनियाभर में गंभीर संकट के बीच भारत सबसे तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था है और पिछली लगातार दो तिमाहियों में आर्थिक वृद्धि दर साढ़े सात प्रतिशत रही है। चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही है। वहीं जुलाई-सितंबर की दूसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था 7.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। भारत को पहले पांच सबसे नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में शामिल किया जाता था। आज हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं।

### सरकार खेती-बाड़ी को लाभकारी बनाने के लिए कर रही है काम

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि सरकार खेती-बाड़ी को लाभकारी बनाने के लिए हरसंभव कदम उठा रही है। सरकार ने पहली बार 10 करोड़ से अधिक छोटे किसानों को देश की कृषि नीति और योजनाओं में प्रमुखता दी है। पिछले 10 साल में लगभग 18 लाख करोड़ रुपये न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के रूप में धान और गेहूं की खेती करने वाले किसानों को मिले हैं। यह 2014 से पहले के 10 साल की तुलना में ढाई गुना अधिक है।

### देश में डिजिटल के साथ-साथ बुनियादी ढांचे में रिकॉर्ड निवेश

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि देश में डिजिटल के साथ-साथ बुनियादी ढांचे में भी रिकॉर्ड निवेश हुआ है। पिछले 10 वर्षों में गांवों में पौने चार लाख किलोमीटर नई सड़कें बनीं हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग की लंबाई 90 हजार किलोमीटर से बढ़कर एक लाख 46 हजार किलोमीटर हो गई है। चार लेन वाले राष्ट्रीय राजमार्ग की लंबाई ढाई गुना बढ़ी है। उच्च गति वाले गलियारों की लंबाई 500 किलोमीटर थी, जो आज बढ़कर चार हजार किलोमीटर हो गई है।

चिंतन

# अभिभाषण में देश की सुनहरी आर्थिक तस्वीर

राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ बजट सत्र का आगाज हो गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने अभिभाषण में सरकार की सुनहरी आर्थिक तस्वीर पेश की है, सरकार की उपलब्धियों का बखान किया है। परिपाटी भी यही रही है। इस अभिभाषण में देश के सामने उपस्थित राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक व सामरिक चुनौतियों को लेकर कोई खास जिक्र नहीं है और भविष्य के लिए भी स्पष्ट रोडमैप नहीं है। हमें अंतरिम बजट का ही इंतजार करना होगा जो आज आने वाला है। राष्ट्रपति के अभिभाषण में बताई गईं उपलब्धियों को देखें तो ये सभी बातें हाल में सरकार की ओर से समय-समय पर कही गई हैं। इस अभिभाषण में राम मंदिर के अलावा आर्थिक बिंदुओं का अधिक जिक्र है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि, राम मंदिर निर्माण से 'सदियों की आकांक्षा' पूरी हुई है। अभिभाषण में महिला आरक्षण कानून बनने सहित सरकार के विभिन्न कार्यों का लेखाजोखा दिया गया है। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद स्पष्ट बहुमत की मोदी सरकार ने 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' (सुधार, कार्य प्रदर्शन और बदलाव) की अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखा है। सरकार मानती है कि विकसित भारत की भव्य इमारत 4 मज़बूत स्तंभों पर खड़ी होगी। ये स्तंभ हैं - युवाशक्ति, नारीशक्ति, किसान और गरीब (ज्ञान)। अंतरिम बजट के भी इन्ही चार स्तंभ पर केंद्रित रहने की संभावना है। डिजिटल भारत, स्टार्टअप्स भारत, नवाचार भारत, नॉलेज भारत, हरित तकनीक भारत और विज्ञान भारत विकसित भारत के अस्त्र बनेंगे। आतंकवाद हो या विस्तारवाद, हमारी सेनाएं आज 'जैसे को तैसा' की नीति के साथ जवाब दे रही हैं। गुलामी के कालखंड से प्रेरित अपराध न्याय प्रणाली अब इतिहास हो गई है, अब दंड को नहीं, अपितु न्याय को प्राथमिकता है। 'न्याय सर्वोपरि' के सिद्धांत पर नई न्याय संहिता देश को मिली है। हमारी अर्थव्यवस्था 10 वर्ष में 10वें से 5वें स्थान पर पहुंच गई है। दुनियाभर में गंभीर संकट के बीच भारत सबसे तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था है और पिछली लगातार दो तिमाहियों में आर्थिक वृद्धि दर साढ़े सात प्रतिशत से अधिक रही है। चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही है। जुलाई-सितंबर की दूसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था 7.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। बाकी दो तिमाहियों में भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। आंकड़ों में महंगाई दर नियंत्रित है। वृहद आर्थिक स्थिरता है। 10 वर्षों में पूंजीगत व्यय 5 गुना होकर 10 लाख करोड़ रुपये हो गया है। देश में डिजिटल के साथ-साथ बुनियादी ढांचे में रिकॉर्ड निवेश हुआ है। आई-वे व हाई-वे दोनों मजबत हुए हैं। रेल, एयपोर्ट व पोर्ट इन्फ्रा भी मजबूत हुए हैं। 'वन नेशन, वन पावर ग्रिड' से बिजली की व्यवस्था में सुधार हुआ है। 'वन नेशन, वन गैस ग्रिड' से, गैस आधारित अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है। आज विकसित देशों में भी भारत जैसी डिजिटल प्रणाली नहीं है। इन उपलब्धियों से अलग अभी सरकार खेती-बाड़ी को लाभकारी नहीं बना पाई है, खाद्य महंगाई उच्च स्तर पर बनी हुई है, सरकारी सेक्टर में रोजगार के मौके कम हो रहे हैं, सीमा पर तनाव की स्थिति है व गरीबी उन्मूलन चुनौती बनी हुई है। समाज में विभाजन बढ़ रहे हैं, राजनीतिक कटुता चरम पर है, केंद्रीय जांच एजेंसियां विश्वसनीयता के संकट से गुजर रही हैं। पेयजल, खाद्यान्न व ऊर्जा आपूर्ति चुनौती बनी हुई है। केंद्र व राज्य के संबंध तल्ख हुए हैं। इन विसंगतियों को दूर करने की दृष्टि को भी देश के सामने अभिभाषण के जरिये रखने की चेष्टा होनी चाहिए।

बजट उम्मीद
सतीश सिंह



# विकासोन्मुखी होने की आस

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट 1 फरवरी को पेश होगा, जिसमें आम चुनाव को दृष्टिगत करते हुए वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण तेज विकास को सुनिश्चित करने के लिए बैंकिंग क्षेत्र को मजबूत बनाने वाले प्रावधानों की घोषणा करने के साथ-साथ समावेशी विकास को सुनिश्चित करने,वित्तीय क्षेत्र को मजबूत बनाने, सरकारी सुविधाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और मौजूदा क्षमताओं का समुचित दोहन करने की दिशा में प्रावधान कर सकती हैं। चूंकि, बैंक विकास के सभी मानकों को विकसित करने के लिए ऋण मुहैया कराने या वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने का काम करते हैं, इसलिए दूसरे क्षेत्रों के लिए किए गए बजटीय प्रावधानों का फायदा भी बैंकिंग क्षेत्र को मिलेगा। सरकार एक लंबे समय से बैंकिंग क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए समीचीन कदम उठा रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम अब देखने को मिल रहे हैं, जिसमें सबसे अहम है,चालू वित्त वर्ष में बैंकों के मुनाफे में अभूतपूर्व इजाफ़ा होना। साथ ही सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा किए गए सुधारों की वजह से बैंकों की परिसंपत्ति गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार आना और सकल एनपीए अनुपात का मार्च 2023 के 3.9 प्रतिशत से सितंबर 2023 में घटकर 3.2 प्रतिशत के स्तर पर पहुंचना भी महत्वपूर्ण है। देश के विकास की गति को तेज करने के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करना बहुत ही आवश्यक है, इसलिए अंतरिम बजट में इसके लिए विशेष प्रावधान किए जा सकते हैं। बुनियादी ढांचे को मजबूत करने से आर्थिक गतिविधियों,रोजगार सृजन, ऋण व उत्पाद की मांग आदि में तेजी आएगी। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) कोरोना काल के नकारात्मक प्रभाव से बाहर निकल चुकी है। अब इसे मजबूत बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है, इसलिए अंतरिम बजट में एमएसएमई के लिए नई कर्ज गारंटी योजना शुरू की जा सकती है। साथ ही देश में स्टार्टअप्स, उद्यमिता, मेक इन इंडिया आदि को मजबूत करने के लिए विशेष राशि आवंटित की जा सकती है। पूर्व में इमरजेंसी क्रेडिट लिंक्ड गारंटी स्कीम योजना से एमएसएमई क्षेत्र को बहुत फायदा हुआ है। इस क्षेत्र का देश की जीडीपी में लगभग 35 प्रतिशत का योगदान है। बैंकों के ऋण वृद्धि दर में लगातार तेजी आ रही है। बड़े विनिर्माण क्षेत्र को छोड़ कर दूसरे सभी क्षेत्र अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। गैर बैंकिंग वित्त कंपनियां जैसे, बजाज फाइनेंस, एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग आदि ने खुदरा ऋण के वितरण में उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है। बंधन बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, फेडरल बैंक और आरबीएल आदि बैंकों की ऋण वृद्धि दर 18 प्रतिशत से अधिक रही है, जबकि पंजाब नेशनल बैंक की क्रेडिट वृद्धि दर 13.5 प्रतिशत रही है। वहीं,वित्त वर्ष 2024 में बैंकों की क्रेडिट वृद्धि दर 11.4 प्रतिशत रही है, जबकि जमा वृद्धि दर 9 प्रतिशत रही है। उच्च ऋण वृद्धि दर तब संभव हुई है, जब मई 2022 और फरवरी 2023 के बीच की अवधि में रेपो दर में 250 आधार अंकों की वृद्धि की गई थी। कृषि क्षेत्र अभी भी उपेक्षित है। हालांकि, इस क्षेत्र ने कोरोना काल में विकास दर को अक्षुण्ण रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसलिए,किसानों और कृषि मजदूरों की आर्थिक स्थिति को बेहतर करने के लिए अंतरिम बजट में पीएम-किसान सम्मान निधि की सहायता राशि को 6000 से बढ़ाकर 7000 रुपये की जा सकती है। साथ ही,कृषि क्षेत्र को सशक बनाने के लिए कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 22 से 25 लाख करोड़ रुपए किया जा सकता है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना को मूर्त रूप देने के बाद से अर्थव्यवस्था में संगठित क्षेत्र का दायरा बढ़ा है, क्योंकि, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की सदस्यता में वृद्धि दर्ज की गई है। ईपीएफओ के अंतरिम पेरोल आंकड़ा के अनुसार अक्टूबर 2023 के महीने में 15.29 लाख सदस्य शामिल हुए, जो पिछले साल की समान अवधि से 18.22 प्रतिशत अधिक थे। भारत में तेज विकास दर का मुख्य कारण घरेलू मांग में तेजी आना है। देश में सरकारी और निजी निवेश दोनों में तेजी आई है। इज ऑफ डूइंग बिजनेस और स्पेशल इकनॉमिक जोन के तहत कारोबारियों को विशेष सुविधाएं देने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा लगातार कोशिश की जा रही है साथ ही साथ अन्य आर्थिक सुधार भी मुसलसल किए जा रहे हैं। सरकार ने 2047 तक देश को विकसित बनाने का लक्ष्य रखा है और मौजूदा स्थिति को देखते हुए इस लक्ष्य को हासिल भी किया जा सकता है। ऐसे में यह कहना समीचीन होगा कि अंतरिम बजट में केंद्रीय वित्त मंत्री वैसे प्रावधान करेंगी, जिनकी मदद से देश के विकास को पंख लग सकें साथ ही साथ आम चुनाव को ध्यान में रखते हुए कल्याणकारी प्रावधानों की भी घोषणा की जा सकती है।

(लेखक बैंक अधिकारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



अंतरिम बजट
शंभु भद्र

# 'ज्ञान' को गारंटी का होगा रोडमैप

**अंतरिम बजट में अर्थव्यवस्था में सरकार के फोकस एरिया का रोडमैप देखने को मिल जाएगा। सरकार ने हाल में गरीब, युवा, किसान व महिलाओं (ज्ञान) के उत्थान पर केंद्रित विकास पर अधिक चर्चा की है, इसलिए अंतरिम बजट में 'ज्ञान' के लिए नई घोषणाएं देखने को मिल सकती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन्हें चार 'जातियां' बता चुके हैं। यह भी कह चुके हैं कि उनकी योजनाओं के केंद्र में यही चार जातियां रहती हैं। इसके अलावा आयकर की छूट सीमा में वृद्धि, कर छूट, रोजगार सृजन, सस्ते मकान की योजना, इन्फ्रास्ट्रक्चर, डिफेंस, हरित विकास, ग्रीन हाइड्रोजन, क्रिप्टो, एआई, शिक्षा व स्वास्थ्य आदि सेक्टर संबंधी घोषणाएं देखने को मिल सकती हैं।**

आज वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश हो रहा है। यूं तो अंतरिम बजट होने के कारण किसी बड़े एलान की उम्मीद कम है, इसके बावजूद चुनावी वर्ष होने के चलते इसमें राजनीति और अर्थशास्त्र का संगम देखने को मिल सकता है। आम लोग, किसान, असंगठित श्रमिक, सेवा प्रदाता और उद्योग जगत समेत लगभग सभी वर्ग को बजट से उम्मीदें रहती हैं। चूंकि पूर्ण बजट इस बार नई सरकार के गठन के बाद जुलाई में आएगा, उसमें कायदे से बजट की बारीकियां देखने को मिलेंगी, लेकिन इस अंतरिम बजट में अर्थव्यवस्था में सरकार के फोकस एरिया का रोडमैप देखने को मिल जाएगा। सरकार ने हाल में गरीब, युवा, किसान व महिलाओं (ज्ञान) के उत्थान पर केंद्रित विकास पर अधिक चर्चा की है, इसलिए अंतरिम बजट में 'ज्ञान' के उत्थान लिए नया रोडमैप देखने को मिल सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इन्हें चार 'जातियां' बता चुके हैं। यह भी कह चुके हैं कि उनकी योजनाओं के केंद्र में यही चार जातियां रहती हैं। इसके अलावा आयकर की छूट सीमा में वृद्धि, कर छूट, रोजगार सृजन, सस्ते मकान की योजना, सोशल स्कीम्स में वृद्धि, इन्फ्रास्ट्रक्चर, डिफेंस, हरित विकास, ग्रीन हाइड्रोजन, सेमीकंडक्टर उद्योग, निर्यात बढ़ाने के उपाय, क्रिप्टो, एआई, शिक्षा व स्वास्थ्य आदि सेक्टर से संबंधित कई नई घोषणाएं देखने को मिल सकती हैं। अंतरिम बजट सीधे तौर पर लोकलुभावन नहीं होगा, पर वह वोट बैंक की गणित के हिसाब से लगभग सभी आर्थिक व सामाजिक वर्ग को एड्रेस जरूर करेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पहले ही साफ़ कर दिया है कि नागरिकों को 1 फ़रवरी को पेश होने वाले अंतरिम बजट 2024-25 में किसी शानदार घोषणा की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। इस अंतरिम बजट में 'मोदी की गारंटी' वाली योजनाओं की छाप रहेगी। विश्व में युद्ध, संघर्ष, अशांति, भूराजनीतिक तनाव, सुस्त ग्रोथ, ट्रेड वार आदि के बावजूद अपने घरेलू कंज्यूमर की ताकत के चलते अंतरिम बजट प्रोग्रेस और अर्थव्यवस्था की मजबूती को बढ़ावा देने वाला होगा। समावेशी विकास के लिए देश को कॉरपोरेट के साथ कॉपरेटिव इकोनॉमी की तरफ भी बढ़ने की आवश्यकता है। बजट में अभी-अभी गरीबी से बाहर निकले नियो मिडिल क्लास के विकास पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

पिछले कुछ बजटों में एक वर्ष के बजाय तीन वर्ष, पांच वर्ष, दस वर्ष व पचीस वर्ष को ध्यान में रखकर आर्थिक घोषणाएं की गई हैं, ऐसे में एक वित्त वर्ष के आम बजट की अहमियत कम हुई है। अंतरिम बजट की तो बात ही क्या है। फिर भी सरकार कृषि बजट का आवंटन बढ़ा सकती है। किसान निधि राशि 6 हजार से बढ़ा कर 9 हजार प्रतिवर्ष कर सकती है। इससे करीब 11 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित होंगे। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अग्रिम अनुमानों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर 2022-23 में 4 प्रतिशत से घटकर 1.8 प्रतिशत होने की उम्मीद है। नए वित्त वर्ष में इसे बढ़ाने के उपाय बजट में करने की जरूरत है। महिलाओं व युवाओं के लिए रोजगारपरक फ्लैगशिप योजना शुरू की जा सकती है। बीपीएल गरीबों के लिए



भी सोशल वेलफेयर स्कीम्स का दायरा सरकार बढ़ा सकती है। सरकार 3एफ-फूड, फर्टिलाइजर व फ्यूल पर फोकस कर सकती है। ये मंत्र पिछले कुछ बजट में फोकस में रहे हैं। सबसे अधिक सब्सिडी खर्च इन्हीं तीन एफ पर होती है। सरकार 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए योगदान और निकासी पर कर रियायतें बढ़ाकर राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) को और अधिक आकर्षक बना सकती है। राजकोषीय घाटे व वित्तीय घाटे को नियंत्रित करने की जरूरत है। आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए सरकार इस बजट में पूंजीगत व्यय बढ़ाकर बुनियादी ढांचा क्षेत्र के विकास की गति बनाए रख सकती है। ग्रामीण सड़क योजना व पीएम विश्वकर्मा योजना के लिए अधिक आवंटन कर सकती है। फिनटेक व डिजिटेक उद्योग आर्थिक विकास की रीढ़ है। अंतरिम बजट में इन्हें समर्थन मिल सकता है।

अभी हाल में दो आंकड़े आए हैं। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि भारत में पांच साल में करीब 13 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए, नीति आयोग ने कहा कि मोदी सरकार के नौ साल में करीब 24.82 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए। अगर ये आंकड़े पुख्ता हैं, तो अब सरकार को अपनी रेवड़ी स्कीम्स की समीक्षा करनी चाहिए। पीडीएस, मुफ्त राशन, अंत्योदय, दूसरे डीबीटी स्कीम्स आदि को केवल जरूरतमंदों तक ही सीमित करने चाहिएं। यह कितना विरोधाभास है कि एक तरफ देश में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकल रहे हैं, दूसरी तरफ सरकार 80 करोड़ लोगों को पांच किलो मुफ्त अनाज दे रही है। अब समय आ गया है कि सरकार को सभी रेवड़ी योजनाओं को बंद करके केवल रोजगार सृजन योजना पर फोकस करना चाहिए। देश में बेरोजगारी की दर चिंताजनक स्तर पर है। भाजपा ने हर वर्ष दो करोड़ रोजगार सृजन का वादा भी किया था। नागरिकों को समर्थ, सक्षम बनाने की जरूरत है। मनरेगा, मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, कौशल विकास, स्वाबलंबन योजना, विश्वकर्मा योजना और सेल्फ हेल्फ ग्रुप योजना आदि के जरिये रोजगार सृजन को मजबूती मिल रही है, लेकिन इन सबको रोजगार सृजन की एक छतरी में लाकर एक प्रभावी फ़्लैगशिप योजना रोल आउट की जा सकती है।

अभी भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेज गति से बढ़ रही है, चालू वित्त वर्ष में आयकर और कॉरपोरेट करों से संग्रह में उछाल दिख रहा है और जीएसटी संग्रह भी रिकार्ड हो रहा है, वैश्विक व घरेलू अनुमान 7 फीसदी जीडीपी दर के करीब के हैं। अभी भारत विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है, इसका साइज 3.7 ट्रिलियन डॉलर है। 2027 तक 5 ट्रिलियन व 2030 तक 7 ट्रिलियन की इकोनॉमी बनने की उम्मीद है, ऐसे में सरकार के पास कठोर वित्तीय फैसले लेने के मौके हैं। सरकार सब्सिडी को तर्कसंगत बनाए, पांच फीसदी तक महंगाई की चिंता ना करे, रेवड़ी स्कीम्स बंद करे, कृषि, सेवा क्षेत्र व उद्योग के लिए उदार माहौल बनाए। लालफीताशाही खत्म करे व जीएसटी को सरल बनाए। सरकार को कॉपरेटिव सेक्टर को मजबूत करना चाहिए। वृह्द, मध्यम, लघु व सहकारी उद्यम को एक साथ बढ़ावा देने से समावेशी विकास संभव है। यही विकसित भारत की राह है।

असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए और सस्ते आवास के लिए सरकार आकर्षक योजनाएं ला सकती हैं। बीमा क्षेत्र की पहुंच को बढ़ाने के लिए 25 वर्ष से अधिक उम्र के सभी नागरिकों के लिए 65 वर्ष की उम्र तक अनिवार्य पेंशन स्कीम लेकर आना चाहिए, जिसमें हर नागरिक के लिए कम से कम 30 वर्ष योगदान करना अनिवार्य हो। इसमें सरकार को दोहरा फायदा है। विकास योजनाओं के लिए कभी फंड की दिक्कत नहीं होगी और वृद्ध नागरिकों की सामाजिक सुरक्षा के लिए चिंता नहीं करनी होगी। नागरिकों को भी सरकार की पेंशन पर निर्भर नहीं रहना होगा। आर्थिक तस्वीर बदल सकती है।

(लेखक वरिष्ठ आर्थिक पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## जीवन का मात्र अनुभव करें



संकलित
दर्शन

अकसर हम यह सोचते हैं कि जिसने जीवन में अधिक कठिनाइयों का सामना किया है, वह जल्दी समझदार बन जाता है। कितना सही है यह सोच। वस्तुतः जीवन में कठिन कुछ नहीं होता है। जीवन में सिर्फ परिस्थितियां होती हैं। फिर चाहे आप उसका अनुभव एक कठिनाई के रूप में करें या आनंद के रूप में। यह चुनने का अधिकार आपका अपना है। अगर आप समझदार हैं तो आप हर परिस्थिति को एक आनंदमय प्रक्रिया में बदल देंगे। अगर आप समझदार नहीं हैं, तो आप अपने लिए हर परिस्थिति को कठिनाई बना लेंगे। अगर आप जानते हैं कि अपने दिमाग में चल रही बेतुकी बातों को कैसे महत्व ना दें, अगर आप अपने दिमाग में चल रहे मनोवैज्ञानिक बकवास में उलझे नहीं, तो आप निश्चित रूप से जल्दी समझदार बन जाएंगे।जीवन सिर्फ परिस्थिति है। 'दुखद' परिस्थिति या 'सुखद' परिस्थिति जैसी कोई चीज नहीं होती। अगर आप आसान परिस्थिति चाहते हैं, तो यह बहुत आसान है। हम आपको एक पिंजरे में बंद कर सकते हैं और जितना आप खा सकते हैं, उससे अधिक भोजन आपको दे सकते हैं। आप बस पिंजरे में रहिए। हम इसका खयाल रखेंगे कि आप सभी चीजों से पूरी तरह सुरक्षित हों। कोई खतरा नहीं, कोई मुश्किल नहीं। आपको परिवार, बीवी-बच्चों का खयाल नहीं रखना है, रोजी-रोटी नहीं कमानी, कुछ नहीं करना है। कोई भी परेशानी नहीं। सारी बातों का खयाल रखा जाएगा। आप बस उस पिंजरे में रहिए। क्या आप ऐसा चाहते हैं? क्या इससे आपको सुख मिलेगा? नहीं। *-सद्गुरु*


## भगवान या भाग्य को दोष नहीं देना चाहिए



संकलित
प्रेरणा

एक बूढ़ी महिला गौतम बुद्ध के पास पहुंची। उस महिला की बुद्ध के लिए गहरी आस्था थी। दरअसल, उस महिला के बेटे की मृत्यु हो गई थी। महिला बहुत दुखी थी और उसने बुद्ध से कहा कि आप मेरे बच्चे को जीवित कर दीजिए। महिला को लग रहा था कि बुद्ध उसके बेटे का जीवन बचा सकते हैं। बुद्ध ने महिला की बात सुनी और कुछ देर सोचने के बाद उन्होंने कहा कि ठीक है, मैं ऐसा कर दूंगा, लेकिन तुम्हें किसी ऐसे घर से मुट्ठी भर सरसों के दाने लेकर आना है, जहां कभी किसी की मौत न हुई हो। जिस परिवार ने किसी की मृत्यु का दुख नहीं देखा है, वहां से सरसों ले आओ। महिला ने सोचा कि ये तो छोटा सा काम है। बूढ़ी महिला गांव की ओर चल दी और एक-एक घर में जाकर पूछने लगी। महिला जिस घर में जाती, वहां कहती कि अगर आपके घर में कभी किसी की मृत्यु न हुई हो तो एक मुट्ठी सरसों के दाने दे दीजिए। गांव के सभी लोगों का यही जवाब रहता था कि हमारे घर में मृत्यु तो हुई है। कुछ लोगों की बढ़ी उम्र में हुई है तो किसी की असमय हुई। जब सभी घरों से ऐसे ही उत्तर मिल रहे थे तो महिला समझ गई कि बुद्ध ने मुझे जरूर कुछ सोचकर ही भेजा है। जब वह लौटकर बुद्ध के पास पहुंची, तब तक वह जान चुकी थी कि एक दिन मौत सबको आनी है। उसका शोक लंबे समय तक नहीं मनाना चाहिए।

## अबू धाबी में हिंदू मंदिर



42 देशों के राजदूतों और राजनयिकों ने 30 जनवरी को अबू धाबी, संयुक्त अरब अमीरात में बीएपीएस हिंदू मंदिर का दौरा किया।

## आज की पाती

### गहरी हैं भ्रष्टाचार की जड़ें

सन 1972 में लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने कहा था कि भ्रष्टाचार व्यापक जोड़ तोड़, व्यक्तिगत लाभ, स्वार्थ परक राजनीति से पनपता है। इससे भ्रष्ट नौकरशाह को बढ़ावा मिलता है। इस स्थिति में सत्यनिष्ठ और ईमानदार लोगों को काम करने में कठिनाई होती है। देश में ईडी के पड़ रहे छापे से यह बात साबित होती है की देश में पहले से भ्रष्टाचार बढ़ा है। अधिकारी और राजनेता इसमें लिप्त पाये जा रहे है। पक्ष-विपक्ष एक दूसरे पर भ्रष्टाचार का आए दिनों आरोप लगाते रहते हैं। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद की है, लेकिन इसकी जड़ें बहुत गहरी हैं, इससे मिलकर लड़ना होगा। *-राजेश सोनी, रायगढ़*

## ट्रेंड

### पीढ़ियां हमें याद रखें



कई मित्र वर्ष 2047 को देखने के लिए इस सदन में नहीं होंगे, लेकिन हमारी विरासत ऐसी होनी चाहिए कि आने वाली पीढ़ियां हमें याद रखें। सीमाओं से सटे गांवों को अंतिम गांवों के रूप में देखा जाता था। हमने उन्हें पहले गांवों के रूप में मान्यता दी।

-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### डब्ल्यूएचओ अस्पताल में तैनात



गाजा के खान यूनिस में नासिर अस्पताल के आसपास चल रहे भारी सैन्य अभियानों के बीच, डब्ल्यूएचओ और साझेदार 1000 रोगियों के लिए आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति पहुंचाने में सक्षम थे। ।

-टेड्रोस एडनोम, डब्ल्यूएचओ प्रमुख

### कर्म बीज हैं और हम परिणाम



हर कार्य परमात्मा की सेवा मानकर करना ही जीवन की संसिद्धि का रहस्य है। कर्म बीज हैं, हम जो भी हैं अपने कर्मों का परिणाम हैं, इसलिए कर्म योग हमें यह सिखाता है कि हमारे शुभाशुभ कर्मों द्वारा ही हमारे भविष्य का निर्धारण होता है।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### फ़र्ज़ीवाडा करते फर्ज निभाया



चंडीगढ़ मेयर चुनाव कितना निष्पक्ष था इसका अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बीजेपी ने अपने नेता को पीठासीन अधिकारी बनाया था। फ़र्ज़ीवाडा करते हुए अपना फ़र्ज़ और पार्टी का क़र्ज़ बहुत अच्छे से निभाया इन्होंने।

-राघव चड्ढा, आप सांसद

## करंट अफेयर


# नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकन प्रक्रिया पूर्ण



नोबेल शांति पुरस्कार-2024 के लिए नामांकन की प्रक्रिया बुधवार को समाप्त हो जाएगी। इसके लिए नामांकित लोगों में गाजा और यूक्रेन युद्धों से जुड़े शांति कार्यकर्ता शामिल हैं। नॉर्वे की नोबेल समिति नामांकन को गुप्त रखती है, लेकिन नामांकन अधिकार वाले लोग कभी-कभी अपनी पसंद को सार्वजनिक कर देते हैं। गाजा में युद्ध को समाप्त करने का प्रयास कुछ घोषित नामांकनों का विषय रहा है। फ्री यूनिवर्सिटी एम्स्टर्डम के शिक्षाविदों ने कहा कि उन्होंने इजराइल और फलस्तीनियों के बीच शांति प्रयासों के लिए पश्चिम एशिया स्थित संगठनों इकोपीस, वुमेन वेज पीस और वुमेन ऑफ द सन को नामित किया है। विश्वविद्यालय के शांति और संघर्ष अध्ययन विभाग ने कहा,'वे महिलाओं और जलवायु न्याय की भूमिका पर विशेष ध्यान देने के साथ पश्चिम एशिया में शांति स्थापित करने के लिए समुदायों को एक साथ ला रहे हैं।' नॉर्वे की सांसद इंगविल्ड वेट्रहस थोर्सविक ने समाचार पत्र वीजी को बताया कि उन्होंने गाजा की स्थिति का दस्तावेजीकरण करने के लिए फलस्तीनी वीडियो पत्रकार मोताज़ अजैजा को नामित किया है।

## ऑफ बीट

# कीड़े रात में रोशनी के पास आते हैं



लौ पर मंडराते कीटों के इस सम्मोहक व्यवहार के लिए कई पुराने स्पष्टीकरण पूरी तरह से सामने नहीं आए हैं। एक प्रारंभिक धारणा यह थी कि कीड़े लौ की गर्मी से आकर्षित हो सकते हैं। यह दिलचस्प था, क्योंकि कुछ कीड़े वास्तव में पायरोफिलिक होते हैं: वे आग की ओर आकर्षित होते हैं, लेकिन प्रकाश के आसपास के अधिकांश कीड़े इस श्रेणी में नहीं आते हैं, और ठंडी रोशनी भी उन्हें खूब आकर्षित करती है। एक और विचार यह था कि कीड़े सीधे प्रकाश की ओर आकर्षित होते हैं, इस प्रतिक्रिया को फोटोटैक्सिस कहा जाता था। कई कीड़े प्रकाश की ओर बढ़ते हैं, शायद अंधेरे या उलझे हुए परिवेश से बचने के एक तरीके के रूप में। लेकिन अगर यह प्रकाश के चारों ओर समूहों के लिए स्पष्टीकरण था, तो आप उनसे सीधे स्रोत में टकराने की उम्मीद कर सकते हैं। यह उन कीड़ों के प्रकाश के आसपास बेसबब चक्कर लगाने वाले व्यवहार की व्याख्या करने में बहुत कम योगदान देता है। फिर भी एक और विचार यह था कि कीड़े गलती से पास की रोशनी को चंद्रमा समझ सकते हैं, क्योंकि वह आकाशीय रास्ते का उपयोग करने का प्रयास करते हैं। कई कीड़े रात में अपना रास्ता बनाए रखने के लिए चंद्रमा का संदर्भ लेते हैं।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# संसद भवन के गेटों पर एयरपोर्ट जैसी रही चाक-चौबंद सुरक्षा



बुधवार को नई दिल्ली में संसद के बजट सत्र के पहले दिन सुरक्षाकर्मी संसद भवन परिसर के पास यातायात संचालन को नियंत्रित करते हुए।

## मेन एंट्री पर सीआईएसएफ तो परिसर में खुफिया ब्यूरो की चौकसी

**नई दिल्ली।** सुरक्षा चूक मामले में सरकार ने संसद भवन परिसर में कई तरह के सिक्योरिटी बदलाव कर दिए हैं। अब मुख्य गेटों पर जांच पड़ताल के लिए दिल्ली पुलिस की जगह जिम्मेदारी सीआईएसएफ को सौंपी गई है। सीआईएसएफ द्वारा संसद भवन में चेकिंग का तकरीबन वही तरीका अपनाया है, जो अमूमन एयरपोर्ट पर देखने को मिलता है। अबप्रवेश करने से लेकर किसी भी सदन में पहुंचने तक कई जगहों पर प्रवेश पत्र दिखाना होगा। प्रवेश पत्र (स्मार्ट कार्ड) दिखाने के बाद बायोमेट्रिक पुष्टि होगी। तभी प्रवेश मिलेगा। परिसर में सादे कपड़ों वाली टीम (खुफिया ब्यूरो) की मौजूदगी को बढ़ा दिया गया है। संसद भवन की सारी सुरक्षा का जिम्मा सीआरपीएफ के 'पार्लियामेंट ड्यूटी ग्रुप' के पास है।




बुधवार को नई दिल्ली में बजट सत्र के पहले दिन संसद भवन परिसर में सुरक्षाकर्मी।

## संसद का बजट सत्र दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति का अभिभाषण

*10 वर्षों में सरकार की उपलब्धियों का किया बखान*

# अमृत काल में निर्मित यह भवन 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का सार

### युवा शक्ति, महिला शक्ति, किसान और गरीब के साथ ही राम मंदिर का किया जिक्र



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद का बजट सत्र दोनों सदनों की संयुक्त बैठकों के साथ बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के साथ शुरू हो गया।

इस दौरान राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में पिछले 10 वर्षों में सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया। इसके अलावा उन्होंने नए संसद भवन में नीतियों पर सार्थक संवाद की उम्मीद भी जताई। केवल इतना ही नहीं राष्ट्रपति ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का भी जिक्र किया। राष्ट्रपति ने कहा, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण की सदियों पुरानी आकांक्षा अब सच हो चुकी है। उन्होंने कहा कि कोई भी राष्ट्र तेज गति से तभी आगे बढ़ सकता है, जब वह पुरानी चुनौतियों को परास्त करते हुए अपनी ज्यादा से ज्यादा ऊर्जा भविष्य-निर्माण में लगाए।

**खास बातें**

- नीतियों पर सार्थक संवाद की उम्मीद भी जताई
- अपनी ज्यादा से ज्यादा ऊर्जा भविष्य-निर्माण में लगाए



### 140 करोड़ देशवासियों का सपना हो रहा पूरा

राष्ट्रपति ने कहा कि नए संसद भवन का निर्माण 'अमृत काल' की शुरुआत में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का सार है। सार्थक संवाद की उम्मीद जताते हुए कहा, मेरी सरकार, 140 करोड़ देशवासियों के सपनों को पूरा कर रही है।

**जी-20 सम्मेलन की सफलता पूरे विश्व ने देखी**

### चंद्रयान और सूर्ययान ने बना डाला विश्व रिकॉर्ड

राष्ट्रपति ने भारत की चंद्रमा पर लैंडिंग और एशियाई खेलों में प्रदर्शन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, बीता वर्ष भारत के लिए ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा रहा है। भारत सबसे तेजी से विकसित होती बड़ी अर्थव्यवस्था बना। भारत, चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर झंडा फहराने वाला पहला देश बना। ऐतिहासिक जी-20 सम्मेलन की सफलता ने पूरे विश्व में भारत की भूमिका को सशक्त किया। भारत ने एशियाई खेलों में पहली बार 100 से अधिक मेडल जीते। भारत, दुनिया में सबसे तेजी से 5जी रोल आउट करने वाला देश बना। दो तिमाही से भारत की विकास दर 7.5 फीसदी से ज्यादा रही है। भारत को सबसे बड़ा समुद्री पुल अटल सेतु मिला। भारत को अपनी पहली नमो भारत ट्रेन और पहली अमृत भारत ट्रेन मिली।

**370 हटाने को लेकर शंकाएं अब इतिहास**

राष्ट्रपति ने कहा कि जम्मू कश्मीर से आर्टिकल-370 हटाने को लेकर शंकाएं थीं। आज वे इतिहास हो चुकी हैं। 3दशक बाद नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित होने के लिए सदस्यों की सराहना की।

### केवल नारा नहीं, करीब 25 करोड़ देशवासी गरीबी से बाहर निकले

राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी सरकार का मानना है कि विकसित भारत की भव्य इमारत चार मजबूत स्तंभों-युवा शक्ति, महिला शक्ति, किसान और गरीब पर खड़ी होगी। राष्ट्रपति ने कहा कि हम सभी बचपन से गरीबी हटाओ के नारे सुनते आ रहे थे। अब हम जीवन में पहली बार बड़े पैमाने पर गरीबी को दूर होते देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि नीति आयोग के अनुसार करीब 25 करोड़ देशवासी गरीबी से बाहर निकले हैं।

### युवा शक्ति की शिक्षा और कौशल विकास के लिए नए कदम उठाए गए

राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार भारत की युवाशक्ति की शिक्षा और कौशल विकास के लिए निरंतर नए कदम उठा रही है। इसके लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति बनाई गई और उसे तेजी से लागू किया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मातृभाषा और भारतीय भाषाओं में शिक्षा पर बल दिया गया है। इंजीनियरिंग, मेडिकल, कानून जैसे विषयों की पढ़ाई भारतीय भाषाओं में प्रारंभ कर दी गई है।

### 10 वर्षों में सरकार की बड़ी उपलब्धियां

राष्ट्रपति ने पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने जम्मू कश्मीर से आर्टिकल-370 हटाने, तीन तलाक के विरुद्ध कड़ा कानून, पड़ोसी देशों से आए पीड़ित अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने वाला सीएए कानून बनाने और वन रैंक वन पेंशन को लागू करने का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना में पहली बार चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ की नियुक्ति भी हुई है।

### राम मंदिर की आकांक्षा सदियों से थी

राष्ट्रपति ने कहा, पिछले 10 वर्षों में भारत ने राष्ट्र-हित में ऐसे अनेक कार्य कार्य किए जिनका इंतजार देश के लोगों को दशकों से था। राममंदिर के निर्माण की आकांक्षा सदियों से थी। आज यह सच हो चुका है। यह करोड़ों देशवासियों की इच्छा और आस्था का प्रश्न था, जिसका उत्तर देश ने पूरे सद्भाव के साथ खोजा है।

### बीते 3 वर्षों से पूरी दुनिया में मची है उथल-पुथल

राष्ट्रपति ने कहा कि बीते 3 वर्षों से पूरी दुनिया में उथल-पुथल मची हुई है। दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में दरारें पड़ गई हैं। इस कठिन दौर में, मेरी सरकार ने भारत को विश्व-मित्र के रूप में स्थापित किया है।

## बिहार के किशनगंज में राहुल की यात्रा

# 6 साल के बच्चे ने पूछा शादी कब करेंगे? बोले- अभी काम कर रहा हूं



एजेंसी ▶▶ किशनगंज

बिहार के किशनगंज में कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हैं। इस दौरान एक 6 साल के बच्चे ने राहुल से पूछा कि वो शादी कब करेंगे?

इस पर राहुल ने कहा कि अभी तो मैं काम कर रहा हूं, जब काम खत्म हो जाएगा तब। बच्चे का सवाल सुनकर राहुल हैरान रह गए। बच्चे का नाम अर्श नवाज है और वो यूट्यूब पर ब्लॉग बनाता है। अर्श ने राहुल पर भी ब्लॉग बनाया है और उन्हें फ्यूचर का प्रधानमंत्री भी कहा? राहुल नेबच्चे के वीडियो को सोशल मीडिया पर भी शेयर किया है। यह वीडियो 29 जनवरी का है, इस दौरान अर्श, राहुल की बस के आगे खड़ा हो गया और राहुल ने बच्चे को अपनी गोद में बैठा लिया।



### बंगाल में राहुल की कार का शीशा टूटा

राहुल के काफिले पर बुधवार को एसयूवी कार के पीछे का शीशा टूट गया था। खबर थी कि उनकी गाड़ी पर हमला हुआ। मामले पर कांग्रेस ने स्पष्टीकरण दिया है। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, गलत खबर को लेकर स्पष्टीकरण। बंगाल के मालदा में राहुल से मिलने अपार जनसमूह आया था। इस भीड़ में एक महिला राहुल से मिलने अचानक उनकी कार के आगे आ गई, इस वजह से अचानक ब्रेक लगाया गया तभी सुरक्षा घेरे में इस्तेमाल किए जाने वाले रस्से से कार का शीशा टूट गया।

### स्पष्टीकरण दिया- ब्रेक लगने से टूटा था

पश्चिम बंगाल के मालदा में राहुल जी से मिलने अपार जनसमूह आया था। इस भीड़ में एक महिला राहुल से मिलने अचानक उनकी कार के आगे आ गई, इस वजह से अचानक ब्रेक लगाई गई, तभी सुरक्षा घेरे में इस्तेमाल किए जाने वाले रस्से से कार का शीशा टूट गया।

## खबर संक्षेप

### मुवक्किल से बलात्कार वकील ने किया सरेंडर



**एर्नाकुलम।** केरल हाई कोर्ट के पूर्व सरकारी सीनियर वकील पीजी मनु पर अपने मुवक्किल से बलात्कार का आरोप लगा है। मनु ने बुधवार को एर्नाकुलम में पुथेनक्रूज़ डीवाईएसपी के सामने सरेंडर कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता की याचिका के आधार पिछले साल 29 नवंबर, 2023 को छोटानिकारा पुलिस ने मनु के खिलाफ मामला दर्ज किया था, जिसके बाद से वह फरार था।

### केरल जनपक्षम(एस) का भाजपा में विलय



**तिरुवनंतपुरम।** लोकसभा चुनाव से पहले आखिरकार पीसी जॉर्ज की पार्टी केरल जनपक्षम (सेक्युलर) का भाजपा में विलय हो गया है। केरल विधानसभा में लंबे समय तक पूंजर सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले जॉर्ज ने पीएम मोदी की खूब तारीफ की। इस दौरान तारीफ में उन्होंने कहा कि भारत को ऐसा प्रधानमंत्री कभी नहीं मिला, जो देश के विकास के लिए हर समय कार्य कर रहे हैं। मेरी पार्टी की भी यही राय है कि पीएम मोदी का साथ दिया जाना चाहिए।

## पेटीएम पर शिकंजा, 29 से बैंकिंग सेवाएं बैन

एजेंसी ▶▶ मुंबई



भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड साधन, वॉलेट एवं फास्टैग आदि में 29 फरवरी, 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार करने से रोक दिया है। पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के खिलाफ रिजर्व बैंक ने यह कदम व्यापक प्रणाली ऑडिट रिपोर्ट और बाहरी ऑडिटरों की अनुपालन सत्यापन रिपोर्ट के बाद उठाया है। आरबीआई ने बुधवार को बयान में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि इन रिपोर्टों से भुगतान बैंक में लगातार नियमों के गैर-अनुपालन और सामग्री पर्यवेक्षण से जुड़ी चिंताएं सामने आईं। इसके बाद आगे की निरीक्षण कार्रवाई की जरूरत पड़ी।

केंद्रीय बैंक ने कहा, किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड माध्यम, वॉलेट, फास्टैग, एनसीएमसी कार्ड आदि में 29 फरवरी, 2024 के बाद किसी भी जमा या क्रेडिट लेनदेन या टॉप अप की अनुमति नहीं दी जाएगी। हालांकि किसी भी ब्याज, कैशबैक या रिफंड को कभी भी जमा किया जा सकता है।

## मुहर बाकी...4-3 के अनुपात से सीटों का बंटवारा होने के संकेत



**नई दिल्ली।** इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग पर मंथन जारी है। इसी बीच कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने एक अहम बैठक की। बैठक में दिल्ली को लेकर दोनों में गठबंधन पक्का माना जा रहा है। दिल्ली में एक पार्टी 4 सीटों पर चुनाव लड़ेगी जबकि दूसरी 3 सीटों पर। दिल्ली में लोकसभा के कुल 7 सीट हैं। हालांकि अभी ये तय करना है कि कौन सी पार्टी 4 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और कौन सी 3 सीटों पर चुनावी ताल ठोकेगी।

## पेज एक का शेष

### हेमंत सोरेन को...

दायर की है। इस पर गुरुवार सुबह 10.30 बजे सुनवाई होगी।

**झामुमो गठबंधन के पास बहुमतः** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाले महागठबंधन के पास बहुमत है। 81 सदस्यों वाली झारखंड विधानसभा में बहुमत के लिए 43 विधायकों की जरूरत है। गठबंधन के पास 48 विधायक हैं, इनमें से 43 सदस्य चंपई सोरेन के साथ राजभवन पहुंचे थे। बता दें बहुमत के लिएः 41 सदस्य जरूरी हैं।

### कौन हैं चंपई...

मशहूर भी हो गए। इसके बाद चंपई सोरेन ने अपनी सरायकेला सीट से उपचुनाव में निर्दलीय विधायक बनकर अपने राजनीतिक करियर का आगाज कर दिया। इसके बाद वह झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए थे।

**शपथ ग्रहण की तारीख फाइनल नहींः** हेमंत सोरेन से पहले महागठबंधन के विधायक राजभवन पहुंचे, लेकिन विधायकों को 5 मिनट बाद ही बाहर कर दिया गया। सभी विधायकों ने राजभवन के बाहर हंगामा किया। वो मांग कर रहे थे कि चंपई सोरेन को रात में ही मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई जाए। बाद में विधायक दल के प्रतिनिधियों को बुलाया गया। राजभवन से बाहर निकलकर कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगिर आलम ने कहा कि हमने राज्यपाल को 43 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा है। राज्यपाल से मांग की है कि विधायक बाहर खड़े हैं, चाहें तो गिनती कर लें। इस पर राज्यपाल ने कहा कि पत्र पढ़ रहा हूं। बुलावा जल्द भेजूंगा। राज्यपाल से मुलाकात के बाद चंपई सोरेन ने कहा कि हमने सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया है। शपथ ग्रहण को लेकर उन्होंने कहा कि अभी कोई तारीख फाइनल नहीं है।

### सोरेन ने ईडी पर ...

दी थी। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा कि इन अधिकारियों ने 30 जनवरी को दिल्ली स्थिति आवास पर छापेमारी की थी। इसके जरिए मुझे और मेरे पूरे समुदाय को परेशान करने और बदनाम करने की कोशिश की गई। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा कि 27 और 28 जनवरी को मैं दिल्ली के दौरे पर था। इस दौरान मैं दिल्ली स्थित 5/1 शांति निकेतन, जिसे झारखंड राज्य द्वारा निवास और ऑफिस यूज के लिए लीज पर लिया गया है, मैं उसमें रुका था। मुझे पता चला कि इन अधिकारियों ने मेरे आधिकारिक आवास पर तलाशी ली थी। ये छापेमारी मुझे सूचना दिए बिना की गई थी।

### बड़ा सवाल...क्या अब ...

है। ऐसे में केजरीवाल के पास इस बात पर विचार के लिए दो ही दिन का टाइम बचा है कि वह इस बार जांच एजेंसी के सामने पेश होंगे या नहीं?

### मंदिर कोई पिकनिक ...

संबंधित लोगों को अपने धर्म को मानने और उसका पालन करने का अधिकार है। लेकिन उनके संबंधित धर्म के रीति-रिवाजों और प्रथाओं में हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता है और किसी भी हस्तक्षेप को कम किया जाना चाहिए। मंदिर को पिकनिक स्पॉट ना समझा जाए। मंदिर में सिर्फ पूजा-अर्चना हो।

**सेंथिल कुमार ने कोर्ट में दायर की थी याचिकाः** बता दें कि याचिकाकर्ता सेंथिल कुमार ने प्रतिवादियों को अरुल्मिगु पलानी धनदायुतपानी स्वामी मंदिर और उसके उप मंदिरों में सिर्फ हिंदुओं को जाने की अनुमति का निर्देश देने का अनुरोध किया है।

### क्लीनिकल साइकोलॉजी...

भूमिका को ध्यान में रखते हुए, इन दो कार्यक्रमों में एमफिल की अनुमति देने का निर्णय लिया गया है।

**यूजीसी ने दी थीचेतावनी-एमफिल एक मान्यता प्राप्त डिग्री नहींः** बता दें कि पिछले साल दिसंबर में यूजीसी ने छात्रों को चेतावनी दी थी कि एमफिल एक मान्यता प्राप्त डिग्री नहीं है, लेकिन कुछ विश्वविद्यालय इस कार्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित कर रहे हैं। जानकारी दे दें कि यूजीसी के पीएचडी डिग्री प्रदान करने के लिए न्यूनतम मानक और प्रक्रिया विनियम 2022 ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की सिफारिशों के अनुसार एमफिल कार्यक्रम को बंद कर दिया गया था।

### 32 हफ्ते का गर्भ...

कर दिया और याचिका खारिज कर दी।

**महिला को कोई खतरा नहीं होगाः** पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय ने हरेक बिंदु पर विचार किया है। इसमें मेडिकल बोर्ड का विचार भी शामिल है। हम मेडिकल बोर्ड की राय से आगे नहीं जा सकते। बोर्ड ने राय दी है कि इसमें कोई असमान्यता नहीं है और यह एक सामान्य भ्रूण है। बोर्ड ने राय दी गई है कि अगर महिला गर्भावस्था जारी रखती हैं, तो कोई खतरा नहीं है।

### पीसी जॉर्ज की केरल...

केरल कांग्रेस (जोसेफ), केरल कांग्रेस (मणि), केरल कांग्रेस (सेक्युलर) पार्टी का हिस्सा रह चुके हैं। उन्होंने साल 2017 में अपनी पार्टी केरल जनपक्षम (सेक्युलर) की स्थापना की थी।

### हिंदुओं को मिला पूजा ...

निर्देश दिया है कि 7 दिन के भीतर वहां पूजा कराने की व्यवस्था की जाए। तहखाने में पूजा का अधिकार मिलने के मामले में मुस्लिम पक्ष ने बयान जारी करते हुए कहा कि एएसआई की रिपोर्ट में कहीं जिक्र नहीं है, हम फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील करेंगे। बीते मंगलवार को हिंदू-मुस्लिम पक्ष ने इस मामले को लेकर अपनी-अपनी दलील पेश की थी, जहां हिंदू पक्ष ने तहखाने में प्रवेश के साथ पूजा-पाठ करने के लिए आदेश मांगा था। वहीं मुस्लिम पक्ष ने इस पर आपत्ति जताई थी। करीब तीन महीने तक आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के सर्वे के दौरान तहखाने में साफ-सफाई हुई थी। कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले पर हर किसी की निगाह टिकी हुई थी। बता दें कि 1993 से व्यास जी तहखाना में बंद पड़ा था। भाजपा सांसद गिरिराज सिंह ने कोर्ट के फैसले पर एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि हिंदुस्तान में हिंदू अपने ही अधिकारों से वंचित रहा है। न्यायालय का निर्णय स्वागत योग्य है। ज्ञानवापी मामले में वाराणसी कोर्ट का उत्तम फैसला, हिंदू पक्ष को ज्ञानवापी में बेसमेंट में पूजा करने की अनुमति मिली।

### भगवान नंदी की मूर्ति ...

*को जिला प्रशासन ने कब्जे में लिया था।*

*▶▶ एएसआई सर्वे की कार्रवाई के दौरान तहखाने साफ-सफाई हुई थी। काशी विश्वनाथ ट्रस्ट के अधीन तहखाने में पूजा की जाएगी। कई देवी-देवताओं की मूर्तियां तहखाने में मौजूद हैं।*


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि करण पुत्र अमन निवासी मकान नं. 421 ई–3 ब्लॉक सुल्तान पुरी, दिल्ली, इसके अलावा ई–211 ई–6 सुल्तान पुरी, दिल्ली ने FIR NO.457/2021 U/s 379/411/34 IPC, थाना पटेल नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त करण मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रुप मे दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त करण फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है FIR NO.457/2021 U/s 379/411/34 IPC,, थाना पटेल नगर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त करण से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 01.03.2024 को या इससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री उपासना सतीजा
एल डी. अपर प्रमुख महानगर दण्डाधिकारी
कमरा नं–145
तीस हजारी, न्यायालय, दिल्ली

DP/1269/CD/2024

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण–III, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली–6 निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई–निविदा आमंत्रित करते हैं:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम एवं स्थान | उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के अयोध्या कैण्ट स्टेशन पर यूनिवर्सल कोचिंग परिसर के विकास के अर्न्तगत कवर शेड सहित वाशिंग लाइन, सिकलाइन, भारी मरम्मत बे, सी.डी.ओ. कार्यालय परिसर का निर्माण एवम अन्य सम्बन्धित कार्य करने हेतु। |
| 2. | अनुमानित/निदेशात्मक परियोजना लागत | रूपये 4457.14 लाख |
| 3. | कार्य पूरा करने की अवधि | 12 माह |
| 4. | जमा की जाने वाली जमानती राशि | रूपये 23,78,600.00 |
| 5. | विस्तृत ई–निविदा सूचना तथा निविदा दस्तावेज | उपर्युक्त निविदा दस्तावेज आई आर ई पी एस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 05.02.2024 से 26.02.2024 के बीच 11.30 बजे तक उपलब्ध होगी। |
| 6. | ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय | निविदा 11.30 बजे दिनांक 12.02.2024 से 26.02.2024 तक आई आर ई पी एस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है तथा उसके बाद केवल तकनीकी सह वाणिज्यिक बिडों को 11.30 बजे दिनांक 26.02.2024 को खोला जाएगा। |
| 7. | निविदा खुलने की तिथि और समय | 26.02.2024 को 11.30 बजे खोली जायेगी। पात्र निविदाकर्ताओं की वितीय बोली तदनुसार खोली जायेगी जिसकी समय और तिथि की सूचना बाद में दी जायेगी। |

No. 74-W-3-2-467-WA-LKO Dated: 31.01.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 329/24

## खबर संक्षेप

### सोना 50 रुपए मजबूत चांदी अपरिवर्तित रही



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में मजबूती के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 50 रुपये की तेजी के साथ 63,350 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### पेट्रोनेट एलएनजी को 1,190 करोड़ रुपए का मुनाफा

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) आयातक पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 1,190.30 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड शुद्ध लाभ कमाया है। गैस कीमतों में गिरावट और आयात क्षमता बढ़ने से उनका मुनाफा बढ़ा। पेट्रोनेट को एक साल पहले इसी अवधि में 1,175.94 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

### अंबुजा सीमेंट्स का मुनाफा तीसरी तिमाही में दोगुना

**नई दिल्ली।** अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड ने बुधवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ करीब दोगुना होकर 1,089.55 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने कहा कि अधिक बिक्री और ईंधन तथा कच्चे माल की लागत घटने से उसका मुनाफा बढ़ा। अंबुजा सीमेंट्स अब अदाणी समूह का हिस्सा है।

## आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि धीमी होकर 3.8 फीसदी पर आई

# दिसंबर में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार 14 महीने के निचले स्तर पर

*दिसंबर, 2023 में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि धीमी होकर 14 महीने के निचले स्तर 3.8 प्रतिशत पर आ गई है। एक साल पहले इसी अवधि में बुनियादी उद्योग का उत्पादन 8.3 प्रतिशत बढ़ा था। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कच्चा तेल, बिजली, इस्पात और सीमेंट क्षेत्र का प्रदर्शन कमजोर रहा। आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल हैं। इनकी वृद्धि नवंबर में 7.9 प्रतिशत थी।

बिजली का उत्पादन बढ़ने की रफ्तार घटी

दिसंबर, 2023 से निचला स्तर अक्टूबर, 2022 में 0.9 प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-दिसंबर के दौरान इन आठ क्षेत्रों की वृद्धि सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत पर स्थिर रही है। दिसंबर, 2023 के दौरान कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली का उत्पादन बढ़ने की रफ्तार घट गई।

- एक साल पहले उत्पादन 8 .3 प्रतिशत बढ़ा था
- कच्चा तेल, बिजली और सीमेंट क्षेत्र का कमजोर प्रदर्शन
- केवल प्राकृतिक गैस का उत्पादन सालाना आधार पर अधिक रहा



*आईआईपी में वृद्धि की रफ्तार बढ़ सकती है : इक्रा लिमिटेड की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि प्रमुख बुनियादी उद्योगों के बढ़ने की रफ्तार 14 महीने के निचले स्तर पर आ गई है। ऐसे में दिसंबर, 2023 में आईआईपी में वृद्धि की रफ्तार 1-3 प्रतिशत रह सकती है।*

### इस्पात का उत्पादन 5.9 फीसदी रहा

बिजली, इस्पात और सीमेंट का उत्पादन दिसंबर, 2023 में क्रमशः 0.6 प्रतिशत, 5.9 प्रतिशत और 1.3 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ा। दूसरी ओर दिसंबर, 2022 में ये आंकड़े क्रमशः 10.4 प्रतिशत, 12.3 प्रतिशत और 9.5 प्रतिशत थे।

### पिछले साल दिसंबर में कच्चे तेल का उत्पादन घटा

समीक्षाधीन महीने में केवल प्राकृतिक गैस का उत्पादन सालाना आधार पर अधिक रहा। यह उद्योग दिसंबर, 2022 के 2.6 प्रतिशत के मुकाबले दिसंबर, 2023 में 6.6 प्रतिशत बढ़ा। पिछले साल दिसंबर में कच्चे तेल का उत्पादन एक प्रतिशत घट गया। आठ प्रमुख बुनियादी उद्योग औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का योगदान करते हैं।

### पिछले वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 80 फीसदी रहा

वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सरकार का राजकोषीय घाटा 17.86 लाख करोड़ रुपये या जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) का 5.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। सीजीए के अनुसार, शुद्ध कर राजस्व प्राप्तियां दिसंबर, 2023 के अंत में 17.29 लाख करोड़ या पूरे वर्ष के लक्ष्य का 74.2 प्रतिशत थीं। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 80.4 प्रतिशत था।

### सरकार का राजकोषीय घाटे को नीचे लाने का लक्ष्य

केंद्र सरकार का अप्रैल-दिसंबर की अवधि के दौरान कुल व्यय 30.54 लाख करोड़ रुपये या चालू वर्ष के बजट अनुमान (बीई) का 67.8 प्रतिशत था। पिछले वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में व्यय बजट अनुमान का 71.4 प्रतिशत था। राजकोषीय सुदृढ़ीकरण के मार्ग को जारी रखते हुए सरकार का इरादा 2025-26 तक राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 4.5 प्रतिशत से नीचे लाने का लक्ष्य है।

### राजकोषीय घाटा वार्षिक अनुमान का 55 प्रतिशत

केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा दिसंबर, 2023 के अंत में 9.82 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो वार्षिक बजट अनुमान का 55 प्रतिशत है। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। पिछले साल इसी अवधि में राजकोषीय घाटा 2022-23 के बजट अनुमान का 59.8 प्रतिशत था।

## निफ्टी 21,700 अंक के पार

# बजट से पहले बीएसई सेंसेक्स 612 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बजट से पहले स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 612 अंक चढ़ गया। मुख्य रूप से एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से बाजार लाभ में रहा। निवेशकों की नजर अब बृहस्पतिवार को पेश होने वाले अंतरिम बजट और नीतिगत दर को लेकर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के निर्णय पर होगी। इससे बाजार को दिशा मिलेगी। शुरुआती नुकसान से उबरते हुए तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 612.21 अंककी तेजी के साथ 71,752.11 अंक पर बंद हुआ।

- एचडीएफसी बैंक और रिलायंस में खरीदी से बाजार में तेजी

पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 203.60 अंकको बढ़त के साथ 21,725.70 अंक पर बंद हुआ। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, 'निफ्टी की शुरुआत कमजोर रही। लेकिन बाद में इसमें तेजी आई और यह 204 अंक चढ़कर 21,726 अंक के स्तर पर पहुंच गया। वैश्विक बाजार को अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर को लेकर टिप्पणी की प्रतीक्षा है।



### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स की कंपनियों में सन फार्मा, टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, बजाज फिनसर्व, पावरग्रिड और अल्ट्राटेक सीमेंट सर्वाधिक लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, लार्सन एंड टुब्रो का शेयर चार प्रतिशत से अधिक नीचे आया। दिसंबर तिमाही का परिणाम बाजार उम्मीद के अनुरूप नहीं होने से कंपनी का शेयर नीचे आया। इसके अलावा, टाइटन में भी गिरावट रही।

### निवेशकों की संपत्ति 4.58 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

शेयर बाजार में तेजी के साथ निवेशकों की संपत्ति बुधवार को 4.58 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। शेयर बाजार में तेजी से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,58,130.52 करोड़ रुपये बढ़कर 3,79,78,375.88 करोड़ रुपये पहुंच गया।

## मोहन यादव बने नॉर्थ ईस्ट स्मॉल फाइनेंस बैंक स्वतंत्र निदेशक

**गुवाहाटी।** नॉर्थ ईस्ट स्मॉल फाइनेंस बैंक (एनईएसएफबी) को अपने बोर्ड में एक स्वतंत्र निदेशक के रूप में मोहन यादव की नियुक्ति की है।भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) में 29 वर्षों सहित बैंकिंग क्षेत्र में 36 वर्षों के व्यापक अनुभव वाले अनुभवी श्री यादव, एनईएसएफबी के लिए ज्ञान लेकर आते हैं। आरबीआई में अपने उल्लेखनीय कार्यकाल के दौरान, यादव ने विनियमन विभाग के मुख्य महाप्रबंधक सहित विभिन्न क्षमताओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी विशेषज्ञता पर्यवेक्षण, विनियमन, ग्रामीण विकास, वित्तीय समावेशन और मानव संसाधन प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में फैली हुई है। यादव ने निजी क्षेत्र के बैंकों के स्वामित्व और लाइसेंसिंग, बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में विलय और अधिग्रहण, कमजोर बैंकों के पुनर्निर्माण और शासन-संबंधी मामलों सहित प्रमुख पहलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत सरकार के साथ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण और विनिवेश पर चर्चा का नेतृत्व करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अपने आरबीआई कार्यकाल से पहले, श्री यादव ने क्रेडिट और वित्तपोषण पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के साथ 7 वर्षों तक काम किया।

## आईजीसीएमआईएल ने गिफ्ट सिटी में किया पहला लेनदेन

**गांधीनगर।** इंडियनऑयल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, आईओसी ग्लोबल कैपिटल मैनेजमेंट आईएफएससी लिमिटेड (आईजीसीएमआईएल) ने आज गिफ्ट सिटी (गिफ्ट), गांधीनगर में अपना पहला लेनदेन किया। इंडियनऑयल के मौजूदा ईसीबी (बाह्य व्यावसायिक कर्ज) ऋण को पुनर्वित्त करने के लिए डीबीएस बैंक सिंगापुर से 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर की राशि के ऋ ण संबंधित टर्मशीट पर रुचिर अग्रवाल, निदेशक (आईजीसीएमआईएल) और विकास ओम सहाय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डीबीएस बैंक द्वारा हस्ताक्षर किए गए। यह लेनदेन भारत में विदेशी पूंजी लाने और भारतीय बैंकिंग उद्योग की बैंडविड्थ विस्तार के आईएफएससी गिफ्ट सिटी के दृष्टिकोण के अनुरूप है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर डॉ.हसमुख अधिया, अध्यक्ष, गिफ्ट सिटी, श्रीकांत माधव वैद्य, अध्यक्ष, इंडियन ऑयल, अनुज जैन, निदेशक (वित्त), इंडियन ऑयल, संजय कौशल, अध्यक्ष, आईजीसीएमआईएल और कार्यकारी निदेशक (वित्त), कॉर्पोरेट कार्यालय और इंडियन ऑयल के वरिष्ठ प्रबंधन के सदस्य उपस्थित थे। इस उपलब्धि की सराहना करते हुए, श्री वैद्य ने कहा, "आईजीसीएमआईएल" के माध्यम से, हमारा लक्ष्य हमारे विदेशी निवेशों में अधिक सुसंगतता और नियंत्रण लाना, हमारे वित्तीय संचालन को अनुकूलित करना और हमारे वैश्विक पदचिह्न को बढ़ाना है।

## केआईआईटी प्लेसमेंट 2023: छात्रों को रु. 63 लाख नौकरी की पेशकश

**भुबनेश्वर** । केआईआईटी डीम्ड यूनिवर्सिटी, भुबनेश्वर ने स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (केएसओएम), स्कूल ऑफ रूरल मैनेजमेंट (केएसआरएम), स्कूल के लगभग 5000 योग्य छात्रों के लिए 750 से अधिक कंपनियों से 6200 जॉब ऑफर के साथ एक बार फिर शत-प्रतिशत प्लेसमेंट हासिल किया है । जैव प्रौद्योगिकी (केएसबीटी), और स्कूल ऑफ लॉ (केएलएस), 2023 स्नातक बैच के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में औसत वेतन पैकेज में भी महत्वपूर्ण उछाल देखा गया। इस साल औसत सीटीसी रु.8.2 लाख को पार कर गई है , जबकि उच्चतम रु. 63 लाख, जिससे कैंपस प्लेसमेंट में छात्रों को दिए जाने वाले वेतन के मामले में केआईआईटी को शीर्ष राष्ट्रीय संस्थानों की लीग में रखा गया। प्रख्यात शिक्षाविद् और सामाजिक कार्यकर्ता प्रोफेसर अच्युत सामंत द्वारा स्थापित केआईआईटी 1997 में उच्च शिक्षा संस्थान के रूप में आकार लिया। तब से, यह व्यापक आर्थिक और नौकरी बाजार परिदृश्यों के बावजूद, सभी शैक्षणिक कार्यक्रमों में लगभग पूर्ण प्लेसमेंट दर्ज कर रहा है। 2004 में भारत सरकार द्वारा इसे डीम्ड विश्वविद्यालय घोषित किये जाने के बाद , केआईआईटी ने देश में व्यावसायिक शिक्षा को फिर से परिभाषित किया है और शिक्षाशास्त्र और अनुसंधान आउटपुट को बढ़ाने में मानक स्थापित किए हैं।

## एप्पल भारतीय स्मार्टफोन बाजार में राजस्व के मोर्चे पर अव्वल

*नई दिल्ली। आईफोन विनिर्माता एपल वर्ष 2023 में राजस्व के लिहाज से भारतीय स्मार्टफोन बाजार में पहली बार शीर्ष स्थान पर पहुंच गई, जबकि सैमसंग ने बिक्री के मामले में सबको पीछे छोड़ दिया। एक रिपोर्ट में बुधवार को यह जानकारी दी गई। बाजार शोध फर्म काउंटरपॉइंट रिसर्च ने अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा है कि बीते साल भारतीय बाजार में स्मार्टफोन की बिक्री 15.2 करोड़ इकाइयों के साथ कमोबेश स्थिर बनी रही। लेकिन सैमसंग और चीनी फोन विनिर्माता वीवो एवं ओप्पो अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने में सफल रहीं। रिपोर्ट कहती है, भारत पर एप्पल की नजर होने पर उसे एक करोड़ फोन की बिक्री का आंकड़ा पार करने में मदद मिली है। इस तरह एपल भारतीय बाजार में पहली बार राजस्व के नजरिये से पहले स्थान पर पहुंच गई।*

## एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी को दीपम से सूचीबद्ध कराने मिली मंजूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी को अपनी पूर्ण अनुषंगी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लि. (एनजीईएल) को सूचीबद्ध कराने के लिये निवेश एवं लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) से मंजूरी मिल गयी है। एनजीईएल की इस सूचीबद्धता के जरिये 10,000 करोड़ रुपये तक जुटाने की योजना है। एक सूत्र ने कहा कि एनजीईएल 10,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए मार्च के बाद कभी सूचीबद्धता के लिए कदम उठा सकती है। सूत्र ने कहा कि एनजीईएल सूचीबद्धता के लिए एनटीपीसी के प्रस्ताव को निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग से मंजूरी मिल गयी है।

## चीन में लगातार चौथे महीने विनिर्माण गतिविधियां घटी

**सिंगापुर।** चीन में विनिर्माण गतिविधियों में जनवरी में लगातार चौथे महीने गिरावट आई है। यह कमजोर मांग और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में सुस्त पुनरुद्धार का संकेत है। आधिकारिक खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) जनवरी में 49.2 रहा, जो दिसंबर 2023 में 49.0 पर था। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है। 'कुल मिलाकर पीएमआई आंकड़ों से पता चलता है कि चीन की अर्थव्यवस्था अपेक्षाकृत नरम बनी हुई है...' वैश्विक महामारी के बाद अप्रत्याशित रूप से लंबी कमजोरी के बीच अर्थव्यवस्था पिछले साल 5.2 प्रतिशत की वार्षिक गति से बढ़ी। सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार, औद्योगिक गतिविधियों के अलावा चीन का गैर-विनिर्माण पीएमआई बढ़कर 50.7 हो गया।

# ऊंची कीमतों के कारण भारत में सोने की मांग घटी

## विश्व स्वर्ण परिषद ने 'सोने की मांग का रुझान' पर रिपोर्ट जारी की

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत में सोने की मांग 2023 में सालाना आधार पर तीन प्रतिशत की गिरावट के साथ 747.5 टन रही है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) की 'सोने की मांग का रुझान' रिपोर्ट-2023 के अनुसार, 2022 में देश की कुल सोने की मांग 774.1 टन थी, जो 2023 में 747.5 टन पर आ गई।

डब्ल्यूजीसी के क्षेत्रीय मुख्य कार्यपालक अधिकारी (भारत) सोमसुंदरम पी.आर. ने से कहा, ''भारत की 2023 में सोने की मांग तीन प्रतिशत घटकर 747.5 टन रह गई। सोने की कीमतों में बढ़ोतरी की वजह से इसकी मांग प्रभावित हुई है। अक्टूबर में नवरात्रि के दौरान सोने की कीमतों में 'करेक्शन' की वजह से उपभोक्ताओं ने अधिक खरीदारी की। इससे नवंबर में दिवाली के समय सोने की बिक्री तेज रही।''

### दिसंबर में मांग में आई थी गिरावट

सोमसुंदरम ने कहा, 'हालांकि, दिसंबर में मांग में गिरावट आई क्योंकि सोने की कीमतों में फिर से बढ़ोतरी का रुख शुरू हो गया है। इसके चलते 2022 की समान अवधि की तुलना में चौथी तिमाही में आभूषणों की मांग में नौ प्रतिशत की गिरावट आई।'



### कीमतें स्थिर रही तो मांग में आएगा उछाल

सोमसुंदरम ने कहा कि 2024 की बात करें तो भारत की सोने की मांग को मौजूदा सकारात्मक आर्थिक स्थितियों से फायदा होना चाहिए। अगर कीमतें ज्यादा अस्थिर नहीं रहीं तो मांग में बड़ा उछाल आने की संभावना है, जो 800-900 टन के बीच कहीं भी हो सकता है।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

इंडिया के नं 1 तांत्रिक
गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे
फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण
ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार
रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया
पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन
छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289240

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेंडरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं।

**क्र.सं. : 1, निविदा सूचना संख्या :** ई-निविदा-एल-30-23-24, **ई-निविदा का नाम :** एकमा स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत प्लेटफार्म सतह के सुधार के संबंध में विद्युतीय कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,30,30,005.02, **अमानत राशि :** रु. 2,15,200.00, **कार्य समापन का समय :** 120 दिन, **निविदा समापन की तिथि एवं समय :** 22.02.2024 14:30 बजे, **निविदा खोलने की तिथि एवं समय :** 22.02.2024 14:30 बजे।

उपरोक्त ई-निविदा कार्यों के पूर्ण विवरण एवं निविदा में प्रतिभाग करने हेतु भारतीय रेल की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जायें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा.
मुजाधि/विद्युत-258 पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

## राशिफल

**मेष:** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष:** वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह:** सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या:** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक:** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु:** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ:** मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन:** परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 5411

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | ■ | 5 | | 6 | 7 |
| ■ | | ■ | | ■ | 8 | | | ■ | 9 | |
| 10 | ■ | ■ | 11 | | | ■ | | ■ | ■ | |
| 12 | | 13 | | ■ | 14 | | ■ | 15 | 16 | |
| | ■ | | ■ | 17 | | ■ | 18 | ■ | | ■ |
| 19 | 20 | | 21 | | ■ | 22 | | 23 | | 24 |
| ■ | | ■ | | ■ | 25 | | ■ | | ■ | |
| 26 | | | ■ | 27 | | ■ | 28 | | | |
| | ■ | ■ | 29 | ■ | 30 | | | ■ | ■ | |
| 31 | 32 | ■ | 33 | | | ■ | | ■ | 34 | ■ |
| 35 | | | | ■ | | ■ | 36 | | | |

**बाएँ से दाए**

1. धरोहर, थाती-4
5. अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8. गुणगान-3
9. प्रेम (अंग्रेजी-2)
11. भरोसा, विश्वास-3
12. दुःख, परेशानी, कष्ट-4
14. हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15. गागर, घड़ा-3
17. जांघ-2
19. असावधान-5
22. करतूत, होशियारी-5
25. डूबा हुआ, समाप्त-2
26. तीक्ष्ण, तेज-3
27. अधर्म, अपकृत्य-2
28. मनमौजी, चंचल-4
30. हत्या, वध-3
31. पंख-2
33. मायका-3
35. व्यापार, व्यवसाय (उर्दू-4)
36. कृपा, रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**

2. फूलों का हार-2
3. वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4. शांति, सुख-चैन-3,2
5. अस्वस्थ, मरीज-3
6. दम, ताकत-2
7. भगवान राम के पुत्र-2,2
10. उन्मत, मदमस्त-4
13. दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16. बोलने का तरीका-3
17. रास्ता-2
18. पराया-2
20. परीक्षा-3
21. वचन-2
22. खेती-2
23. अभिमान-3
24. फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान खान की मां-2,2
25. बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26. ईश्वर, राजा-4
28. मन को अच्छा लगने वाला-4
29. शाप से पीड़ित-3
32. अवकाश, मंजूरी-2
34. संध्या-2

**शब्द पहेली- 5410 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | रा | ज | कु | मा | र | ■ | म | नो | ह | र |
| दौ | र | ■ | ली | ■ | ख | न | न | ■ | र | वा |
| ल | ■ | जा | न | व | र | ■ | न | ल | ■ | य |
| त | न | य | ■ | ■ | खा | र | ■ | की | म | त |
| खा | ■ | दा | ■ | ना | व | ■ | ड | ■ | दा | ■ |
| ना | र | द | मु | नी | ■ | प | र | व | री | श |
| ■ | फ्ता | ■ | ख | ■ | स | द | ■ | र्ध | ■ | क |
| भ | र | ना | ■ | स | भा | ■ | ■ | मा | हि | र |
| या | ■ | का | का | ■ | भ | द्दा | प | न | ■ | कं |
| न | न | ■ | त | ना | व | ■ | ह | ■ | दा | द |
| क | म | जो | र | ■ | न | ग | र | वा | सी | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5421

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5420 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

# ईपीएल : आर्सेनल जीता, एदेबायो ने महज 18वें सेकंड में दागा गोल

एजेंसी ▸▸| लंदन

प्रीमियर लीग फुटबॉल ने संक्षिप्त शीतकालीन ब्रेक के बाद जोरदार वापसी की जब मंगलवार को हुए मुकाबलों में एक टीम ने सिर्फ 18 सेंकंड जबकि दूसरी टीम ने सिर्फ 21 सेकंड बाद गोल दागा। आर्सेनल भी नॉटिंघम फॉरेस्ट को 2-1 से हराकर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है और उसने शीर्ष पर चल रहे लिवरपूल पर दबाव बढ़ा दिया है। आर्सेनल की ओर से गैब्रिएल जीसस (65वें मिनट) और बुकायो साका (72वें मिनट) ने गोल दागे। नॉटिंघम फॉरेस्ट की ओर से एकमात्र गोल ताइवो अवोनियी ने 89वें मिनट में किया। इस जीत से आर्सेनल की टीम 22 मैच में 46 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। फॉरेस्ट की टीम इतने ही मैच में 20 अंक के साथ 16वें स्थान पर है। लिवरपूल 48 अंक के साथ शीर्ष पर है। उसने आर्सेनल से एक मैच कम खेला है।



## एलिजा ने दागा हैट्रिक गोल

मंगलवार को कुल पांच मुकाबले हुए जिसमें 16 गोल दागे गए। लुटोन टाउन ने एलिजा एदेबायो के तीन गोल की मदद से ब्राइटन को 4-0 से हराया। टीम इस जीत से फिलहाल रेलीगेशन के खतरे से बाहर आ गई है। एदेबायो ने पहला गोल 18 सेकंड के बाद दागा। उनका यह गोल हालांकि बामुश्किल रात का सबसे तेज गोल रहा क्योंकि बेन ब्रेरेटन डियाज ने 21 सेकंड बाद गोल दागा लेकिन इसके बावजूद शेफील्ड यूनाईटेड को क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ 2-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी। फुलहम ने एवर्टन से गोल रहित ड्रॉ खेला जबकि एस्टन विला को न्यूकासल के खिलाफ 1-3 से हार का सामना करना पड़ा।



## अफ्रीका ने मोरक्को को 2-0 से हराया



अबिदजान। दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को यहां प्री क्वार्टर फाइनल में मोरक्को को 2-0 से हराकर अफ्रीका कप ऑफ नेशन्स फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। दक्षिण अफ्रीका ने एविडेंस माकगोपा (57वें मिनट) और तेबोहो मोकोएना (90 प्लस पांच मिनट) के गोल की बदौलत जीत दर्ज करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाला मोरक्को इस मुकाबले में विंगर हकीम जियेच और सोफियान बोफाल के बिना उतरा था। ये दोनों जाम्बिया के खिलाफ जीत के दौरान चोटिल हो गए थे।

## खबर संक्षेप



### भारत बड़ी खेल शक्ति बनने की ओर अग्रसर

**नई दिल्ली।** देश में खेलों और खिलाड़ियों को सरकार की ओर से दी जा रही मदद को अभूतपूर्व बताते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि देश की युवाशक्ति को कौशल और रोजगार से जोड़ने के लिए खेल आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। राष्ट्रपति ने संसद के बजट सत्र के प्रथम दिन लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक में अपने अभिभाषण में कहा, 'हम खेल आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं। सरकार ने खेलों और खिलाड़ियों को अभूतपूर्व मदद दी है। आज भारत एक बहुत बड़ी खेल शक्ति बनने की ओर अग्रसर है।'

### खेलो इंडियाः तेलंगाना की तैराक वृत्ति ने जीते पांच स्वर्ण

**चेन्नई।** तेलंगाना की वृत्ति अग्रवाल ने खेलो इंडिया युवा खेलों (केआईवाईजी) में पांच स्वर्ण पदक जीतकर अपने अभियान का अंत किया, जबकि ओवरऑल पदक तालिका में महाराष्ट्र का दबदबा बरकरार रहा। बुधवार को इन खेलों के आखिरी दिन से पहले से ही शीर्ष स्थान सुनिश्चित करने वाले महाराष्ट्र के तैराक ऋषभ दास ने लड़कों की 50 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी में स्वर्ण पदक जीतने के बाद चार गुणा 100 मीटर फ्रीस्टाइल फाइनल में राज्य के लिए स्वर्ण पदक की संख्या को बढ़ाया। महाराष्ट्र ने 156 पदकों के साथ अपना अभियान समाप्त किया, जिसमें 57 स्वर्ण, 48 रजत और 53 कांस्य शामिल थे।

### अखिल ने काहिरा विश्व कप में कांस्य पदक जीता

**काहिरा।** पेरिस ओलंपिक कोटा विजेता अखिल श्योराण ने बुधवार को यहां पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में कांस्य पदक जीतकर अपने करियर का दूसरा व्यक्तिगत आईएसएसएफ (अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ) विश्व कप का पदक जीता। क्वालिफिकेशन में 589 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहने वाले अखिल ने आठ खिलाड़ियों के 45 निशाने के फाइनल में 451.8 का स्कोर किया। चेक गणराज्य के अनुभवी जिरी प्रिविरत्स्की ने 462.9 अंक के साथ स्वर्ण जबकि दो बार के विश्व चैम्पियन फ्रांस के रोमेन औफ्रेरे (460.5 अंक) ने रजत पदक जीता।

### भारत ने हॉकी-5 विश्व कप में मिस्र को 6-4 से हराया

**मस्कट।** भारतीय टीम ने बुधवार को यहां मिस्र पर 6-4 से रोमांचक जीत दर्ज करके एफआईएच हॉकी5 पुरुष विश्व कप में पांचवां स्थान हासिल किया। भारत के लिए मोहम्मद राहील (आठवां मिनट), पवन राजभर (नौवां मिनट), मनिंदर सिंह (10वां और, 23वां मिनट), मंदीप मोर (11वां मिनट) और उत्तम सिंह (13वां मिनट) ने गोल किए। मिस्र के लिए कप्तान अम्र ने सईद (14वां और 19 वां मिनट), मुस्तफा रागब (23वां मिनट), और करीम आतेफ (24वां मिनट) ने अपनी टीम के लिए गोल किया।

## क्रिकेट : विशाखापट्टनम के स्टेडियम में भारतीय टीम का रिकॉर्ड 2-0

# इंग्लैंड के 'बैजबॉल' की निकलेगी हवा, भारत करेगा तगड़ा पलटवार

एजेंसी ▸▸| विशाखापट्टनम

इंग्लैंड के हाथों पहले टेस्ट मैच में 28 रन से मिली हार के बाद भारतीय टीम दूसरे टेस्ट में पूरी तैयारी के साथ मैदान पर उतरेगी। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट मैच विशाखापट्टनम के वाई एस राजशेखर रेड्डी क्रिकेट स्टेडियम में 2 फरवरी से खेला जाएगा। इस मैदान पर भारतीय टीम का टेस्ट क्रिकेट शानदार रहा है। ऐसे में टीम इंडिया के बेमिसाल आंकड़ें देख विरोधी टीम में खलबली मच गई है। दरअसल, विशाखापट्टनम के वाई एस राजशेखर रेड्डी क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय टीम का रिकॉर्ड शानदार रहा है, जहां उन्होंने इस मैदान पर कुल दो टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उन्हें दोनों में जीत मिली है।

साल 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ भारत ने इस मैदान पर टेस्ट खेला था, जिसमें विराट कोहली के नेतृत्व में टीम इंडिया को 246 रन से जीत मिली थी। इस मैच में विराट कोहली ने बल्ले से तबाही मचाते हुए पहली पारी में 167 रन औकर दूसरी पारी में 87 रन बनाए थे। आर अश्विन ने पहली पारी में 5 विकेट हासिल किए थे। इस शानदार प्रदर्शन की वजह से ये मैदान भारत के लिए बेहद ही यादगार है। इसके बाद साल 2019 में इस मैदान पर साउथ अफ्रीका को भारत ने 203 रन से पटखनी दी थी। मयंक अग्रवाल ने दोहरा शतक जमाया था, जबकि रोहित शर्मा ने पहली पारी में 176 रन बनाए थे। अश्विन ने 7 विकेट दर्ज किए थे।



### भारतीय टेस्ट टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर, केएस भरत, ध्रुव जुरैल, आर अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), आवेश खान, रजत पाटीदार, सरफराज खान, वॉशिंगटन सुंदर, सौरभ कुमार।

### सरफराज और पाटीदार में से किसी एक को चुनना मुश्किल

भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने बुधवार को कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए रजत पाटीदार और सरफराज खान में से किसी एक को चुनना 'मुश्किल' विकल्प होगा। भारतीय टीम शुक्रवार से होने वाले इस मैच को जीत कर पांच मैचों की श्रृंखला में वापसी करना चाहेगी। रविंद्र जडेजा और लोकेश राहुल की चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर होने से भारत की मुश्किलें बढ़ गयी है। अनुभवी विराट कोहली पहले ही श्रृंखला के शुरुआती दो टेस्ट के लिए अनुपलब्ध है। इन परिस्थितियों में चयनकर्ताओं को सरफराज खान, सौरभ कुमार और वाशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा। रजत पाटीदार पहले से ही टीम का हिस्सा है।

## एशियाई क्रिकेट में फिर भारत का दबदबा, शाह बने अध्यक्ष

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह को बुधवार को लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए एशियाई क्रिकेट परिषद का अध्यक्ष चुना गया।

शाह के कार्यकाल के विस्तार का प्रस्ताव बाली में वार्षिक आम बैठक के दौरान श्रीलंका क्रिकेट के अध्यक्ष शमी सिल्वा ने रखा और एसीसी के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से नामांकन का समर्थन किया। शाह सबसे पहले जनवरी 2021 में इस पद पर काबिज हुए थे।

उन्होंने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजमुल हसन की जगह ली थी। शाह के नेतृत्व में एसीसी ने 2022 में टी20 प्रारूप और 2023 में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में एशिया कप का सफल आयोजन किया। शाह ने कहा, 'मैं एसीसी बोर्ड का मुझ पर विश्वास बनाए रखने के लिए आभारी हूं। हमें खेल के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के साथ उन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए जहां यह अब भी अपनी शुरुआती अवस्था में है। एसीसी पूरे एशिया में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।'



## लीच का दूसरे टेस्ट में खेलना संदिग्ध



एजेंसी ▸▸| विशाखापत्तनम

इंग्लैंड के सबसे अनुभवी स्पिनर जैक लीच हैदराबाद में खेले गये पहले टेस्ट के दौरान घुटने में लगी चोट से पूरी तरह से उबरने में विफल रहे हैं जिससे पांच मैचों की श्रृंखला में शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच में उनका खेलना संदिग्ध है। लीच ने बुधवार को टीम के अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लिया।

उन्हें मैदान के बाहर फिजियो से इलाज कराते देखा गया। घुटने के आसपास चोट लगने से हुई सूजन और दर्द के बावजूद उन्होंने हैदराबाद टेस्ट की पहली पारी में 26 और दूसरी पारी में 10 ओवर की गेंदबाजी की थी।

## श्रीकांत की थाईलैंड मास्टर्स में शानदार जीत, मंजूनाथ से होगा अगला मुकाबला

एजेंसी ▸▸| बैंकॉक



भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को यहां चीनी ताइपे के वैंग जू वेई को सीधे गेम में हराकर थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने पहले दौर के मुकाबले में वैंग को 45 मिनट में 22-20, 21-19 से हराया। श्रीकांत दूसरे दौर में हमवतन मिथुन मंजूनाथ से भिड़ेंगे, जिन्होंने पुरुष एकल के पहले दौर के मुकाबले में हांगकांग के जेसन गुनावन को 21-17, 21-8 से हराया। एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम ने भी पहले दौर के मुकाबले में मलेशिया के लियोंग जुन हाओ को सीधे गेम में 21-14, 21-17 से हराया। समीर वर्मा हालांकि पहले दौर में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस के खिलाफ 14-21, 18-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए जबकि किरण जॉर्ज चीन के लेई लैन शी के खिलाफ मुकाबले में 17-21 से पिछड़ने के बाद मैच से हट गए।

## सीडीएलयू सिरसा ने पूर्णिमा विवि जयपुर को 136 रन से दी मात

- कनिष्क ने ठोका टूर्नामेंट का पहला शतक
- ओपी जिंदल ग्लोबल सोनीपत ने गीतांजलि विवि जयपुर को 114 रन से मात दी
- जेआरआरएस यूनिवर्सिटी जयपुर ने डिक्रस्ट मुरथल को 99 रन से हराया

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली/झुंझुनूं

नार्थ वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट में सीडीएलयू सिरसा ने पूर्णिमा यूनिवर्सिटी जयपुर को 136 रन से, ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी सोनीपत ने गीतांजलि यूनिवर्सिटी जयपुर को 114 रन से और जेआरआरएस यूनिवर्सिटी जयपुर ने डिक्रस्ट मुरथल को 99 रन से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं कैम्पस में चल रहे नार्थ वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच परिणाम की जानकारी देते हुए टूर्नामेंट आयोजन सचिव डॉ अरुण कुमार ने बताया कि सीडीएलयू सिरसा ने पूर्णिमा युनिवर्सिटी जयपुर को 136 रन से मात दी। उन्होंने बताया कि चौधरी देवीलाल युनिवर्सिटी सिरसा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। कनिष्क ने टूनामेंट का पहला शतक जडते हुए शानदार 107 रन बनाए और टीम का स्कोर 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 165 रन पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।



### ओपी जिंदल विवि छाई

ओपी जिंदल ग्लोबल युनिवर्सिटी सोनीपत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में एक विकेट खोकर 189 रन का स्कोर खडा किया। वंश तिवारी ने 59 गेंदों का सामना करते हुए 7 चौके व 6 छक्के की मदद से शानदार 98 रन बनाए, जबकि पुलकित महाजन ने 31 रन और सिधांत ने 30 रन की उपयोगी पारी खेली। बडे लक्ष्य का पीछा करने उतरी गीतांजलि युनिवर्सिटी जयपुर की टीम 16.1 ओवर में 75 रन पर ऑल आउट हो गई और 114 रन से मैच हार गई। कार्तिक ने 4 ओवर में 9 रन देकर 3 विकेट और अनुज ने 3 ओवर में 13 रन देकर 3 विकेट लिए, जबकि गीतांजलि युनिवर्सिटी की तरफ से यथार्थ 24 रन बनाने में सफल रहे।

### डिक्रस्ट मुरथल हारी

जेआरआर संस्कृत युनिवर्सिटी जयपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पवन स्वामी के 43 रन और मनीष टाक के 36 रन की बदौलत 9 विकेट खोकर 172 रन का लक्ष्य खडा किया। दीनबंधु छेटूराम युनिवर्सिटी आफ साइंस एंड टेक्नालॉजी सोनीपत की ओर से मयंक ने 4 ओवर में 30 रन देकर 3 विकेट और शिवम ने 4 ओवर में 33 रन देकर 2 विकेट चटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डिक्रस्ट युनिर्सिटी मुरथल की टीम 17.3 ओवर में 73 रन के स्कोर पर ही ऑल आउट होकर मैच 99 रन से हार गई। जेआरआरएस युनिवर्सिटी जयपुर की ओर से मनीष टाक ने 3 ओवर में 16 रन देकर 3 और विवके ने 3 ओवर में 11 रन देकर 2 विकेट हासिल किए।

**एमएलएसयू उदयपुर ने 8 विकेट से जीत दर्ज की:** मनिपाल युनिवर्सिटी जयपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इशान यादव के 35 रन, हर्षित के 21 रन की बदौलत में 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 133 रन बनाए। मोहनलाल सुखादिया युनिवर्सिटी उदयपुर के अभिषेक चंदेल ने 3 ओवर में 18 रन देकर 2, पुष्पेंद्र ने 4 ओवर में 24 रन देकर 2 विकेट लेने में कामयाबी हासिल की।

## टी-20 रैंकिंगः एक पायदान की छलांग, गेंदबाजी में भी आजमा रहीं हाथ

# शेफाली विश्व की टॉप-16 महिला बल्लेबाजों में शुमार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

रोहतक की रहने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी शेफाली वर्मा के बेहतर प्रदर्शन की बदौलत टी-20 रैंकिंग में सुधार आया है। अब शेफाली वर्मा टी-20 में विश्व के 16 महिला बल्लेबाजों में शामिल हो गई हैं। उनकी रैंकिंग में एक पायदान का सुधार हुआ है। पहले शेफाली टी-20 क्रिकेट में महिला बल्लेबाजों में 17वें पायदान पर थीं। वहीं, अब उनकी रैंकिंग 16 हो गई है। शेफाली बल्लेबाजी के साथ-साथ गेंदबाजी में भी अपना हाथ आजमा रही हैं। ऑल राउंडर बल्लेबाजी की बदौलत कई बार टीम को जीत हासिल करवा चुकी हैं। वहीं, महिला टी-20 की ऑल राउंडर रैंकिंग में 104 अंकों के साथ 39वें स्थान पर हैं। जबकि, वन-डे में बल्लेबाजी की बात करें तो शेफाली 355 रेटिंग के साथ 54वें स्थान पर हैं। शेफाली की केवल टी-20 में बल्लेबाजी रैंकिंग सुधरी है।



**तोड़ चुकी सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्डः** शेफाली वर्मा टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली सबसे कम उम्र की क्रिकेटर हैं। उन्होंने सचिन तेंदुलकर के 30 साल पुराने उस रिकॉर्ड को तोड़ दिया, जो सचिन ने 16 साल की उम्र में पहला अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक लगाने के साथ अपने नाम किया था। शेफाली ने 15 साल की उम्र में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक बनाया और सबसे कम उम्र में अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक लगाने वाली क्रिकेटर बन गईं।

### 2019 में खेला था अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का पहला मैच

शेफाली वर्मा ने सितंबर 2019 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महिला टी-20 मैच से अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर की शुरुआत की थी। तब वह महज 15 साल की थीं। वेस्टइंडीज के खिलाफ 5 टी-20 मैचों की इस सिरीज में 158 रन के साथ शेफाली प्लेयर ऑफ दा सीरीज भी चुनी गईं। जनवरी 2020 में शेफाली को ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह दी गई। वर्ल्ड कप में शेफाली 161 के स्ट्राइक रेट के साथ तीसरी सर्वाधिक रन बनाने वाली क्रिकेटर रहीं।

## लखनऊ, टाटा, रेलवे कोलकाता ने जीते मैच

- 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता-2024

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजनांदगांव

एनसीओई लखनऊ ने कड़े संघर्ष में जीएसटी चेन्नई को 2-0 से एवं दूसरे एकतरफा खेले गये मैच में नचल टाटा हॉकी अकादमी जमषेदपुर ने साई एनसीओई इम्फाल मणिपुर को 6-1 से हराकर 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के अगले रांउड प्रवेश कर लिया है। आज के अंतिम मैच में दक्षिण पूर्व रेल्वे कोलकता ने हॉकी महाराष्ट्र को 5-2 गोल से आसानी से पराजित कर दिया। स्टेडियम समिति द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेली जा रही है 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के तीसरे दिन खेले गए पहले रोमांचक मैच में एनसीओई लखनऊ बनाम जीएसटी चेन्नई मैच के पहले क्वार्टर में दोनों टीमें गोल नहीं कर सकी थीं। दूसरे क्वार्टर के 28वें मिनट में लखनऊ के दीपक पटेल ने मैदानी गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। तीसरे क्वार्टर में भी दोनों टीमें गोल नहीं कर सकीं। वहीं मैच का निर्णायक गोल चौथे क्वार्टर के 55वें मिनट में सैफ खान ने करते हुए लखनऊ को 2-0 गोल से जीत दिला दी।






नई दिल्ली। जनवरी के आखिरी दिन दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में कड़ाके की ठंड पड़ी। बुधवार सुबह दिल्ली का तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के कुछ जिलों में बर्फबारी हो रही है, जिसकी वजह से मैदानी इलाकों में ठंड का प्रकोप बढ़ चुका है।




श्रीनगर/जम्मू। हिमपात के साथ कश्मीर में सबसे ठंडे 40 दिनों का चिल्ले कलां मंगलवार को समाप्त होते ही बुधवार से श्रीनगर समेत आसपास के क्षेत्रों में पूरे दिन रुक-रुककर वर्षा होती रही। देर शाम को गुलमर्ग समेत ऊंची चोटियों पर बर्फबारी हुई। बर्फ जमी होने से मुगल रोड पांचवें दिन भी बंद रहा।




शिमला। हिमाचल प्रदेश की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी शुरू हो गई है। कुल्लू जिले में अटल टनल और भरमौर में 1 फीट तक ताजा बर्फबारी दिखी है। मध्यरात्रि से प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ का प्रवेश होने से बारिश और बर्फबारी होने लगी है। 3 फरवरी को फिर से मौसम खराब होने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### चीनी जासूसी कबूतर 8 महीने बाद रिहा



**मुंबई।** चीन के द्वारा जासूसी के लिए भेजे गए संदिग्ध कबूतर को 8 महीने पहले पकड़ा गया था। कबूतर को मुंबई के एक पशु चिकित्सालय में रखा गया था। उस कबूतर को आजाद कर दिया गया है। कबूतर को पिछले साल मई में आरसीएफ पुलिस ने उपनगरीय चेंबूर के पीर पाउ जेट्टी में पकड़ा था। कबूतर के पंजे में दो छल्ले बंधे थे। उसके दोनों पंखों के नीचे चीनी भाषा जैसी लिपि में मैसेज लिखे थे। जांच पूरी होने के बाद जासूसी का आरोप हटा दिया गया।

### भारत समर्थक अभियोजक जनरल पर जानलेवा हमला



**माले।** भारत और मालदीव के बीच राजनयिक तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। मालदीव की संसद में विपक्षी दलों के सांसदों के साथ राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की कैबिनेट की मारपीट के वीडियो ने खूब सुर्खियों बटोरी थीं। वहीं अब मालदीव में भारत समर्थक अभियोजक जनरल हुसैन शमीम के ऊपर कुछ अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियार से वार किया है। शमीम की नियुक्ति भारत की पक्षधर (एमडीपी) ने की थी। एमडीपी की पिछले साल तक मालदीव में सरकार थी।

### चीनी सैनिकों और चरवाहों के बीच बहस का सामने आया वीडियो

# हरकतों से बाज नहीं आ रहा चीन लद्दाख एलएसी पर चरवाहों को रोका

एजेंसी ▶▶ लद्दाख

लद्दाख में एलएसी पर अकसर भारत और चीन के सैनिकों कई बार एलएसी पर पैट्रोलिंग के दौरान आमने-सामने आ जाते हैं। इससे कई बार विवाद की स्थिति निर्मित हुई है। भारतीय सीमा में भी चीन अब चरवाहों को रोकने लगा है।

लद्दाख में एलएसी पर अकसर भारत और चीन के सैनिकों कई बार एलएसी पर पैट्रोलिंग के दौरान आमने-सामने आ जाते हैं। अब एएलएसी से चीनी सैनिकों द्वारा लद्दाख में एलएसी पर भारत के चरवाहों को अपने मवेशियों को चराने से रोकने की घटना सामने आई है। एलएसी पर अपनी भेड़ें चरा रहे लद्दाख के चरवाहों को चीनी पीएलए द्वारा रोका गया है। यह घटना पूर्वी लद्दाख के न्योमा में हुई। न्योमा चुशूल से 87 किमी दक्षिण में और चुमथांग से 40 किमी दूर है। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। चुशूल के काउंसलर ने इस घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पीएलए द्वारा भारतीय चरवाहों को रोके जाने की घटना 2 जनवरी की है और अब इसे सुलझा लिया गया है।

**खास बातें**

- एलएसी पर अकसर चीन करता है घुसपैठ की कोशिश
- घटना पूर्वी लद्दाख के न्योमा में की है
- न्योमा चुशूल से 87 किमी दक्षिण में है



- न्योमा इलाके में अपने पॉइंट पर थे भारतीय सैनिक
- चुशूल के काउंसलर ने इस घटना की पुष्टि की

### चरवाहों ने चीनी पीएलए के सामने दिखाई बहादुरी

*घटना के बारे में चुशूल के काउंसलर कोंचोक स्टैनजिन सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहते हैं कि देखिए हमारे स्थानीय लोग पीएलए के सामने कैसे बहादुरी दिखा रहे हैं यह क्षेत्र हमारे खानाबदोशों की चरागाह भूमि है। पीएलए हमारे खानाबदोशों को हमारे क्षेत्र में चरने से रोक रही है। ऐसा लगता है कि विभिन्न धारणाओं के कारण यह कभी न ख़त्म होने वाली प्रक्रिया है। लेकिन मैं हमारे खानाबदोशों को सलाम करता हूं, जो हमेशा हमारी भूमि की रक्षा के लिए खड़े रहते हैं और राष्ट्र की दूसरी गार्जियन फोर्स के रूप में खड़े होते है।*

#### दावाः चीनी सैनिक 1 किमी भारतीय सीमा में घुसे

स्टैनजिंग ने दावा किया कि घटना के समय समय चीन के सैनिक भारतीय क्षेत्र में लगभग एक किलोमीटर अंदर आ गए थे। आपको बता दें कि साल 2020 में, लद्दाख की गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। इस घटा में भारत के 20 सैनिक शहीद हुए थे जबकि चीनी पीएलए के 40 सैनिक मारे गए थे।

#### वायरल हो रहा घटना का वीडियो

*वायरल हो रही घटना की वीडियो में दिखाई दे रहा है कि लद्दाख के चरवाहे चीनी सैनिकों का सामना कर रहे हैं। वीडियो में चीनी सैनिकों के पास एक वाहन भी देखा जा सकता है। इलाके में भारत का कोई भी सैनिक दिखाई नहीं दे रहा है, क्योंकि वे अपने प्वाइंट पर तैनात थे। वीडियो में लद्दाखी चरवाहों को चीनी सैनिकों का सामना करते हुए दिखाया गया है, जिनके साथ एक वाहन भी है। पीएलए सैनिकों को चरवाहों को इलाका छोड़ने के लिए कहते देखा जा सकता है। वीडियो में कोई भी भारतीय सैनिक नजर नहीं आ रहा है।*

बोले कनाडा के सांसद चंद्र आर्य

# 'हिंदुओं के लिए नए युग की शुरूआत'

*राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की विश्वभर में अभी भी सुनाई दे रही धूम*

*कनाडा में लगभग 115 मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लोगों ने देखा है*

एजेंसी ▶▶ ओटावा

अयोध्या में 22 जनवरी को हुए राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर दुनियाभर से अभी भी तमाम प्रतिक्रियाएं आ रही है। राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की सराहना करते हुए भारतीय मूल के कनाडाई सांसद चंद्र आर्य ने कहा कि दुनियाभर में 1.2 अरब हिंदुओं के लिए एक युग की शुरूआत है। सांसद चंद्र आर्य ने कहा कि उन्होंने ओटावा स्थित हिंदू मंदिर में इस भावनात्मक क्षण के समारोह को लाइव कवरेज के जरिए देखा। दुनिया के सबसे पुराने धर्म के इतिहास में 22 जनवरी 2024 एक नए युग की शुरूआत हुई।



#### प्राण प्रतिष्ठा के दिन अयोध्या नगरी भक्तिमय

खास बात है कि अयोध्या में रामलला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम ने विश्वभर के देशों के लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। कई देशों में लोगों ने बड़े स्तर पर मिट्टी के दीए जलाए साथ ही भारत के कई इलाकों में रात के समय जमकर आतिशबाजी की गई। इस दौरान अयोध्या नगरी पूरी तरह से भक्तिमय हो गई। गलियों और सड़कों में राम नाम ही सुनाई दे रहे थे।

#### प्राण प्रतिष्ठा एक भावनात्मक क्षण

कनाडा के सांसद चंद्र आर्य ने कहा कि अयोध्या में दिव्य राम मंदिर का उद्घाटन कार्यक्रम को पूरे कनाडा में मौजूद लगभग 115 मंदिरों में लोगों ने देखा है, जो वास्तव में एक भावनात्मक क्षण था। भारत और कनाडा को एक-दूसरे का साझेदार बताते हुए सांसद आर्य ने कहा कि भारत वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने के लिए अपनी सभ्यता का पुनर्निर्माण कर रहा है। दोनों देश आर्थिक अवसरों को साझा करने और वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के लिए हम एक प्राकृतिक साझेदार हैं।

हजारों भारतीय होंगे लाभान्वित

## अमेरिका ने शुरू किया एच 1बी वीजा का नवीनीकरण

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका ने एच-1बी विदेश कार्य वीजा का देश में नवीनीकरण करने के एक पायलट कार्यक्रम का औपचारिक रूप से शुरू किया है। इससे हजारों भारतीय टेक्नोलॉजी प्रोफेशनल्स को लाभ मिलने की संभावना है। वीजा नवीनीकरण का यह कार्यक्रम 29 जनवरी को शुरू किया गया और यह एक अप्रैल तक चलेगा। इससे एच-1बी वीजा धारकों को अपने वीजा के नवीनीकरण में मदद मिलेगी। इस संबंध में एक घोषणा पिछले साल





जून में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आधिकारिक यात्रा के दौरान की गयी थी। यह करीब दो दशक में पहली बार है जब सीमित संख्या में एच-1बी गैर अप्रवासी वीजा धारक अमेरिका में ही अपने वीजा का नवीनीकरण करा सकेंगे।

### हमलों से दहला पाक बलूच में 15 की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने 3 समन्वित हमले किए, जिनमें 4 अधिकारी और 2 नागरिक मारे गए। इस दौरान गोलीबारी शुरू हो गई, जिसमें 9 आतंकवादी ढेर हो गए। 3 हमलों में से एक हमला उच्च सुरक्षा वाली जेल पर भी किया गया। ये हमले सोमवार को प्रांतीय राजधानी क्वेटा से करीब 70 किलोमीटर दूर माच शहर में हुए। 29 और 30 जनवरी की रात को, आत्मघाती हमलावरों सहित कई आतंकवादियों ने बलूचिस्तान में माच और कोलपुर परिसरों पर हमला किया। हमलों का कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने प्रभावी ढंग से जवाब दिया। गोलीबारी में 9 आतंकवादी मारे गए।

ड्रग्स के धंधे से खड़ा किया साम्राज्य

## भारतीय मूल के ब्रिटिश दंपती को मिली 33 साल की सजा



एजेंसी ▶▶ कैनबरा

भारतीय मूल के इस ब्रिटिश जोड़े की कहानी किसी क्राइम सीरियल से कम नहीं। इस जोड़े को ऑस्ट्रेलिया में आधा टन से ज्यादा कोकीन तस्करी का दोषी पाते हुए 33 साल जेल की सजा सुनाई गई है। इस कोकीन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 5.70 करोड़ पाउंड (करीब 600 करोड़ रुपये) बताई है। पश्चिम लंदन के ईलिंग में रहने वाली 59 वर्षीय आरती धीर और 35 वर्षीय कवलजीत सिंह रायजादा को ड्रग्स तस्करी रैकेट का सरगना बताया गया है, जिनका जाल कई महाद्वीपों तक फैला हुआ है। ऑस्ट्रेलिया के साउथवार्क क्राउन कोर्ट में सुनवाई के बाद जूरी ने इन दोनों को कोकीन तस्करी के 12 मामलों और मनी लॉनड्रिंग के 18 मामलों में दोषी ठहराया। मई 2021 में सिडनी में ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल द्वारा कोकीन पकड़े गए थे।

भूटान के राजदूत बोले- यह तीर्थभूमि

### अबुधाबी के मंदिर पहुंचे कई देशों के प्रतिनिधि




**अबु धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अबु धाबी के बीएपीएस हिंदू मंदिर के उद्घाटन से पहले यहां दुनियाभर के 42 देशों के राजनायिक देखने पहुंचे। सभी राजनायिक मंदिर की वस्तुकला, जटिल रूपांकनों और एकता के संदेशों को देखकर खुश हुए। यूएई में भारतीय दूतावास राजदूत संजय सुधीर ने कहा कि मंदिर का उद्घाटन 14 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महंत स्वामी महाराज करने वाले हैं। बीएपीएस हिंदू मंदिर प्रोजेक्ट के प्रमुख स्वामी ब्रह्मविहारीदास ने भारत और यूएई का आभार व्यक्त किया। यूएई में नेपाल के राजदूत तेज बहादूर छेत्री ने मंदिर को तीर्थभूमि बताया। वहीं थाईलैंड के राजदूर सोरायुत चसोम्बत ने कहा कि यह सद्भाव का बड़ा उदाहरण है।

17वें नए महाराज के रूप में सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर ने संभाली देश की कमान

# मलेशिया को मिला नया राजा, प्राइवेट जेट से लेकर रखते हैं आर्मी

कुआलालंपुर

राजनीतिक उथल-पुथल के बीच मलेशिया को अपना नया राजा मिल गया है। 65 वर्षीय सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर ने कुआलालंपुर में 17वें महाराज के रूप में शपथ ली है। शपथ से पहले अपने जेट से कुआलालंपुर के लिए उड़ान भरी थी। वे लोगों से मिलने हर साल बाइक पर सड़क यात्राएं निकालते हैं। सुल्तान इब्राहिम को सामाजिक न्याय पर अपने मुखर विचारों के लिए जाना जाता है। इब्राहिम मलेशियाई राजघराने में एक प्रगतिशील व्यक्ति माने जाते हैं। 1957 में आजादी के बाद से मलेशिया में घूर्णी राजशाही प्रणाली चल रही है। यहां 5 साल में राजा बदले जाते हैं। ये राजा देश के 9 शाही परिवारों से चुने जाते हैं। इन्हें यांग डि-पर्टुआन एगोंग (जिसे भगवान माना जाता है) के रूप में जाना जाता है।

**खास बातें**

- बेशुमार दौलत के साथ कार बाइक का शौक
- सामाजिक न्याय के लिए उठाते हैं आवाज
- प्लानः सिंगापुर के साथ हाई-स्पीड रेल को फिर से चालू करना

#### प्राइवेट जेट से लेकर विदेशों में हैं संपत्तियां

सुल्तान इब्राहिम बिजनेसमैन भी हैं। वह चीन के साथ जोहोर में अरबों डॉलर की फॉरेस्ट सिटी विकास परियोजना के हिस्सेदार हैं। उनके पास प्राइवेट जेट, कारों और बाइक्स का बड़ा कलेक्शन है। विदेशों में काफी संपत्तियां हैं। वे ऐसे पहले शासक हैं, जिनकी खुद की सेना भी है। उनके पास डॉलर 5.7 बिलियन (42,750 करोड़) से अधिक की संपत्ति है। वे मलेशिया के सबसे अमीर व्यक्तियों में से एक हैं।



#### ऑक्सफोर्ड से पढ़ी हैं पत्नी, मां थीं ब्रिटिश

सुल्तान इब्राहिम की पत्नी का नाम जरीथ सोफिया है। वह शाही परिवार से नाता रखती हैं। ऑक्सफोर्ड से पढ़ीं सोफिया पेशे से लेखिका हैं। वह बच्चों के लिए कई किताबें भी लिख चुकी हैं। सुल्तान और सोफिया के पांच बेटे और एक बेटी है, जबकि सुल्तान इब्राहिम की मां इंग्लिश मूल की हैं।

#### नए राजा का प्लान

वह सिंगापुर के साथ हाई-स्पीड रेल परियोजना को फिर से चालू करने और संकट से जूझ रही फॉरेस्ट सिटी परियोजना को बढ़ावा देने की योजना बना रहे हैं। सुल्तान इब्राहिम को तब शासन दिया गया है जब देश राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रहा है। ऐसे में शाही हस्तक्षेप जरूरी हो गया है। सरकार के पतन और त्रिशंकु संसद के बीच प्रधानमंत्रियों की नियुक्ति सहित, शासन संबंधी संकटों को हल करने के लिए राजा अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हैं।

टीम भारत में करेगी स्टडी

## बंदरों के आंतक से नेपाल को चीन नहीं भारत दिलाएगा मुक्ति



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेपाल के लोग बंदरों के आतंक से परेशान है। इसलिए नेपाल में बंदरों के आतंक को लेकर एक बैठक की गई। जिसमें इस समस्या के समाधान को लेकर चिंताएं जाहिर की गई। अब बंदरों के आतंक से लोगों को मुक्ति दिलाने के लिए नेपाली सांसदों और डॉक्टरों की एक टीम भारत का दौरा करेगी। टीम भारत में उन तरीकों के बारे में जानकारी हांसिल करेगी जिससे बंदरों की आबादी को नियंत्रित किया जा सकता है। टीम बंदरों की आबादी को रोकने लिए भारत में स्टडी करेगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109